बैशाख कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 1 मई 2024
वर्ष 5, अंक 36, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अंतरिक्ष में सबसे बड़े जटिल परमाणु की खोज 16

यिम्मी यिम्मी गाने में जैकलीन ने उड़ाए होश 15

## एक नजर

### ईडी ने पूर्व विशेष सचिव को किया गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कस्टम मिलिंग घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ईओडब्ल्यू दफ्तर से खाद्य विभाग के पूर्व विशेष सचिव और मार्कफेड के एमडी मनोज सोनी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने सोनी को विशेष अदालत में पेश कर 10 दिनों की रिमांड मांगी है। कस्टम मिलिंग घोटाले को लेकर दर्ज प्राथमिकी में आरोपियों की सूची में मनोज सोनी का भी नाम है। करोड़ों के घोटाले के कथित मास्टर माइंड रोशन चंद्राकर से ईओडब्ल्यू की टीम ने सोमवार को पूछताछ की थी।

### लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो शूटर गिरफ्तार

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई-रोहित गोदारा गिरोह के दो शूटर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपियों - दिल्ली निवासी रवि कुमार (30) और गुरुग्राम निवासी विशाल उर्फ कालू (27) जवाबी गोलीबारी में घायल हो गए। दोनों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो देशी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए हैं। दोनों गुरुग्राम के व्यापारी सचिन उर्फ गोदा की हत्या में भी वांछित थे।

### धोखाधड़ी में विजया बैंक के पूर्व प्रबंधक को जेल

**हैदराबाद।** सीबीआई की एक अदालत ने हैदराबाद में विजया बैंक, नामपल्ली के पूर्व शाखा प्रबंधक वीपी पद्मनाभ को बैंक धोखाधड़ी मामले में दोषी करार देते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और 65 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई ने मंगलवार को बताया कि एजेंसी ने 20 अप्रैल, 2006 को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### महिलाओं ने जब्त हथियार ले जा रहे सैनिकों को रोका

**इंफाल।** मणिपुर के विष्णुपुर में जब्त किए गए हथियारों और गोला बारूद को ले जा रहे सेना के काफिले को मंगलवार को महिला प्रदर्शनकारियों द्वारा रोका गया। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात कुम्बी इलाके में गश्त के दौरान सेना के दो महार रेजीमेंट के जवानों ने दो वाहनों को रोका। एक अधिकारी ने बताया कि सेना के जवानों को देख दोनों वाहनों में सवार लोग गाड़ी में रखे हथियारों को छोड़ फरार हो गए।

## टी-20 विश्वकप में रोहित करेंगे कप्तानी, भारतीय टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 क्रिकेट विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सीनियर चयन समिति ने मंगलवार को आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का एलान किया।

टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल,



- सैमसन, चहल और शिवम को मिला मौका, गिल-रिंकू रिजर्व में

विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है। वहीं, रिजर्व खिलाड़ी के रूप में शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान को रखा गया है। भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा। नौ जून को इसी स्टेडियम में पाकिस्तान से उसका मुकाबला होगा। इसके बाद भारत 12 जून को अमेरिका और 15 जून को कनाडा से भिड़ेगा।

## आईएमए अध्यक्ष के बयान से सुप्रीम कोर्ट नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

**पतंजलि मामला**



- पीठ ने कहा- अदालती कार्यवाही पर दुर्भाग्यपूर्ण और परेशान करने वाली टिप्पणियां
- आईएमए के अधिवक्ता से कहा यह सबसे गंभीर बात होगी... परिणामों के लिए तैयार रहें

सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव की कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों से उत्पन्न अदालती कार्यवाही के खिलाफ आईएमए के अध्यक्ष डॉ आर वी अशोकन की टिप्पणियों को गंभीरता से लिया और मंगलवार को उसके अधिवक्ता से कहा कि आप यह कैसे तय करेंगे कि हमें अपनी कार्यवाही किस तरह से करनी चाहिए।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने बाबा रामदेव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी को आईएमए अध्यक्ष द्वारा मीडिया के समक्ष दिए गए बयानों को अदालत के रिकॉर्ड पर लाने की अनुमति दी। पीठ ने आईएमए के वकील से मौखिक रूप से कहा आप यह कैसे तय करेंगे कि हमें अपनी कार्यवाही किस तरह से करनी चाहिए। न्यायमूर्ति कोहली की पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 7 मई की तारीख मुकर्रर करते हुए रोहतगी को दो दिनों के भीतर इस संबंध में (बयान) एक आवेदन दाखिल करने की अनुमति देते हुए कहा हम इस मुद्दे से अलग से निपटेंगे। इससे पहले पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता रोहतगी ने आईएमए अध्यक्ष के हवाले वाली खबरों को सामने लाने की मांग करते हुए कहा कि ये अदालती कार्यवाही पर दुर्भाग्यपूर्ण और परेशान करने वाली टिप्पणियां हैं। पीठ ने रोहतगी की दलील पर जवाब देते हुए पीठ ने आईएमए के अधिवक्ता से कहा यह सबसे गंभीर बात होगी...परिणामों के लिए तैयार रहें।

### उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण को फटकारा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से जुड़े भ्रामक विज्ञापनों के मामले में छह साल तक उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के कार्रवाई नहीं करने को लेकर मंगलवार को उसे कड़ी फटकार लगाई और कहा कि यदि यह सहानुभूति एवं दया चाहता है तो अदालत के प्रति ईमानदार रहना होगा। स्पष्टीकरण पर असंतोष प्रकट करते हुए शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि प्राधिकरण कोर्ट के 10 अप्रैल के आदेश के बाद ही क्यों जगा।

# महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल, 16 अन्य पर केस

## अमित शाह का फर्जी वीडियो मामला : भाजपा ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

गुजरात, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो साझा करने के मामले मे मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल और 16 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

डीपफेक द्वारा बनाए गए फर्जी वीडियो में भाजपा नेता अमित शाह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण अधिकारों को खत्म करने की घोषणा करते हुए नजर आ रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में भाजपा की मुंबई इकाई के पदाधिकारी प्रतीक करपे ने सोमवार को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, शाह का डीपफेक वीडियो बनाया गया, उसे पोस्ट किया गया और इंटरनेट पर व्यापक रूप से साझा किया गया, जिसके पीछे आरोपियों का मकसद केंद्रीय मंत्री को बदनाम करना था। शिकायतकर्ता ने पुलिस से डीपफेक वीडियो को तुरंत हटाने और उन आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का भी अनुरोध किया, जिन्होंने विभिन्न जातियों में दुश्मनी और नफरत पैदा करने के लिए इसे कथित तौर पर साझा किया था। इस मामले में जम्मू-कश्मीर में भी केस दर्ज किया गया है।

### गुजरात पुलिस ने कांग्रेस और आप नेता को किया गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो साझा करने के आरोप में कांग्रेस के एक नेता और आप के एक पदाधिकारी को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान बनासकांठा के पालनपुर निवासी सतीश वंसोला और दाहोद जिले के लिमखेड़ा शहर से राकेश बारिया के रूप में हुई है। वंसोला पिछले छह वर्षों से कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी के निजी सहायक के रूप में काम कर रहे हैं, जबकि बारिया पिछले चार वर्ष से आप की दाहोद इकाई के अध्यक्ष हैं। दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले वंसोला बनासकांठा जिला कांग्रेस के महासचिव भी हैं। दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए (विभिन्न समूहों में वैमनस्य को बढ़ावा देना), धारा 505 (वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा पैदा करने या बढ़ावा देने वाले बयान) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) लवीना सिन्हा ने कहा कि दोनों आरोपियों ने अमित शाह के संपादित वीडियो को अपने फेसबुक पेज पर साझा किया था। उन्हें यह वीडियो उनके व्हाट्सएप पर मिला और उस व्यक्ति को पकड़ने के लिए जांच अभी भी जारी है जिसने इस वीडियो को संपादित किया था। कांग्रेस नेता मेवाणी ने कहा कि सतीश सिर्फ मेरे पीए नहीं हैं, वह मेरे भाई जैसे हैं। भाजपा का आईटी सेल लंबे समय से फर्जी वीडियो फैला रहा है लेकिन पुलिस ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने के बजाय सतीश जैसे एक आम आदमी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने गलती से यह वीडियो साझा किया था।

### सपा उम्मीदवार लालजी वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट



**अंबेडकरनगर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का एडिटेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में कटेहरी विधायक और जनपद से सपा के लोकसभा उम्मीदवार लालजी वर्मा पर दिल्ली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। सोमवार देर रात दिल्ली पुलिस ने लालजी वर्मा के घर पर दबिश दी। उनको नोटिस थमाया व जवाब भी मांगा है। लालजी वर्मा पर गृहमंत्री अमित शाह के बयान को फर्जी ढंग से सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप है। नोटिस मिलने की पुष्टि करते हुए लालजी वर्मा ने कहा कि भाजपा विपक्षी नेताओं को डरा धमका कर गलत आचरण कर रही है।

## हम आतंकवाद पर डोजियर नहीं भेजते, घर में घुसकर मारते हैं

लातूर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मुंबई हमले के बाद कांग्रेस सरकार के दौरान डोजियर भेजने के चलन के विपरीत भाजपा नेतृत्व की सरकार ने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा। मोदी ने महाराष्ट्र के लातूर में एक चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान खबरों की सुर्खियां होती थीं कि भारत ने आतंकी गतिविधियों के बारे में पाकिस्तान को एक और डोजियर सौंपा। उन्होंने कहा कि यह बड़ी खबर हुआ करती थी। मीडिया में हमारे कुछ मित्र ऐसे किसी भी डोजियर के भेजे जाने पर ताली बजाते थे। मोदी ने कहा कि आज भारत डोजियर नहीं भेजता बल्कि घर में घुस के मारता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए भारत की सुर्खियां हैंः मिशन एलओसी, भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान को दंडित किया। उन्होंने ने यह भी दावा किया कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' ने एक ''फॉर्मूला'' तैयार किया जिसके तहत विपक्षी गठजोड़ में शामिल दलों को सत्ता में आने पर एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री का पद मिलेगा। मोदी ने कहा कि ऐसी व्यवस्था से देश के हित की आशा नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि कुछ लोग किस्तों में प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने हर साल एक प्रधानमंत्री बनाने का फैसला किया है। मोदी ने कहा कि 2014 और 2019 में आपने हमें भारी जनादेश दिया।



लातूर, महाराष्ट्र में चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित करते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस। ● एजेंसी

- महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को घेरा
- हर साल प्रधानमंत्री बदलने के विपक्ष के फार्मूले पर किया कटाक्ष

### कांग्रेस ने लोगों के सपनों को कुचला

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में भारत की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब मैं एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करता हूं तो कांग्रेस के शहज़ादे को बुखार आ जाता है। उन्होंने कहा कि देश को लूटने वाले जेल में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश के लोग हमेशा मेहनती और प्रतिभाशाली रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ने उनके सपनों को कुचलने का पाप किया।

**चिकित्सा को सरकार ने बनाई वार्षिक योजना**

## पशुओं की देखभाल पर खर्च होंगे 4 हजार करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** राज्य सरकार गोवंश समेत अन्य पशुओं के संरक्षण, चिकित्सा और सेवा पर लगभग 4 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग की तरफ से इसके लिए वार्षिक योजना तैयार की गई है। इसमें गोवंश संरक्षण, पशु चिकित्सा शिक्षा के साथ ही पशु चिकित्सालय, पॉलीक्लिनिक एवं सेवा केंद्र समेत अन्य क्षेत्रों में किए जाने वाले खर्च का पूरा ब्यौरा दिया गया है। वार्षिक योजना में इसके लिए 3907.1 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है।

गोवंश संरक्षण पर कुल 1,140 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च करने की योजना है। इसके अंतर्गत 140 करोड़ रुपये से गो-संरक्षण केंद्रों की स्थापना की जाएगी, जबकि शेष एक हजार करोड़ रुपये से छुट्टा गोवंश के रखरखाव के लिए अनुदान दिया जाएगा। पशु चिकित्सा शिक्षा पर भी 179.74 करोड़ खर्च किए जाने की योजना है। इसके अंतर्गत गोरखपुर एवं भदोही में पशु चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना पर 100 करोड़ रुपये, मथुरा में पंडित दीनदयाल पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान में वेतन सहायता एवं अनुदान के लिए 61.74 करोड़ और गैर वेतन सहायता अनुदान के रूप में 18 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

वहीं, पशु चिकित्सालय, पॉलीक्लिनिक और सेवा केंद्र पर 470.30 करोड़ रुपये खर्च होगा। इसमें पशु चिकित्सालयों की स्थापना पर 55 करोड़, पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक की स्थापना पर 6 करोड़, पशु सेवा केंद्रों की स्थापना पर 4.5 करोड़, पशु चिकित्सालयों, सेवा केंद्रों, अनुसंधान एवं निदान सेवाएं (राजस्व मद) में 71 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

### कृत्रिम गर्भाधान और बीमा का भी बजट

पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान व बांझपन निवारण के लिए 68.24 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इस कड़ी में लखनऊ में प्रस्तावित अति हिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र पर 44.74 करोड़ रुपये, जबकि प्रस्तावित सीमेन तकनीक अनुसंधान पर 8 करोड़ के खर्च का बजट प्रस्तावित है। पशुओं के बीमा पर 77.03 करोड़, कुक्कुट, बकरी व भेड़ संबंधी योजनाओं पर 58 करोड़ और प्रक्षेत्रों के सुदृढ़ीकरण पर 71.01 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

## तलाकशुदा पत्नी की सोते समय गला रेतकर हत्या

संवाददाता, नजीबाबाद (बिजनौर)

**अमृत विचार :** मोहल्ला जफ्तागंज की नई बस्ती में अपने नाना अमीर अहमद के घर छत पर सो रही सायमा (24 वर्ष) की उसके पति नौशाद उर्फ सोनू ने सोमवार देर रात धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी और फरार हो गया।

इस संबंध में सायरा पत्नी स्व. अय्यूब निवासी ग्राम चोगांवा व तुलसीपुर ने तहरीर में बताया कि उसकी पांच बेटी व दो बेटे हैं। तीसरी बेटी सायमा का विवाह पांच वर्ष पूर्व नौशाद उर्फ सोनू निवासी मोहल्ला मेहंदी बाग कांजी हाउस से किया था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही



सायमा



नौशाद

- नाना के घर रह रही थी सायमा पति ने दिया घटना को अंजाम

नौशाद मोटर साइकिल व 50 हजार रुपये के लिए झगड़ा करता था। इस बीच नौशाद ने सायमा को तलाक दे दिया था। सायमा तीन दिन से नाना अमीर अहमद के यहां रह रही थी। सोमवार रात वह छत पर सो रही थी। तभी नौशाद छत पर चढ़ा और सायमा की गला रेतकर हत्या कर दी।

## दिल्ली एम्स के छात्रावास में युवती ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के छात्रावास में 21 वर्षीय एक युवती ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार छात्रावास के एक कर्मचारी ने पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे युवती का शव फंखे से लटका देखा और संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान एक सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें उसने लिखा था कि वह अपनी नर्सिंग की पढ़ाई और बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी के कारण अवसाद में थी।

## कूकी महिलाओं को पुलिस ने ही भीड़ को सौंप दिया था

नई दिल्ली, एजेंसी

**सीबीआई की चार्जशीट**

मणिपुर में कूकी-जोमी समुदाय की दो महिलाओं को पुलिसकर्मियों ने ही उस भीड़ के हवाले कर दिया था जिसने उन्हें निर्वस्त्र कर घुमाया था।

सीबीआई के आरोपपत्र में कहा गया है कि कांगपोकपी जिले में इन महिलाओं ने पुलिसकर्मियों के सरकारी वाहन (जिप्सी) में शरण मांगी थी, लेकिन उन्होंने दोनों महिलाओं को करीब 1000 मेइती दंगाइयों की भीड़ को सौंप दिया। इसके बाद दोनों महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया था। यह घटना राज्य में जातीय हिंसा के दौरान की है। विस्तृत ब्यौरा देते हुए अधिकारियों ने कहा कि पीड़ित महिलाओं में से एक, करगिल युद्ध में शामिल सैनिक की पत्नी थी।

महिलाओं ने पुलिसकर्मियों से उन्हें वाहन से सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए कहा था, लेकिन पुलिसकर्मियों ने कहा कि उनके पास वाहन की चाबी नहीं है और उन्होंने कोई मदद नहीं की। मणिपुर में पिछले साल चार मई की घटना के लगभग दो महीने बाद जुलाई में एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था जिसमें दो महिलाएं पुरुषों की भीड़ से घिरी हैं और उन्हें निर्वस्त्र घुमाया जा रहा है।

## सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को जदएस ने किया निलंबित

**बेंगलुरु।** जनता दल सेक्युलर (जदएस) ने कथित 'सेक्स स्कैंडल' में संलिप्तता के लिए हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को मंगलवार को पार्टी से निलंबित कर दिया। हुब्बल्ली में पार्टी की कोर समिति ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी. देवेगौड़ा से रेवन्ना के निलंबन की सिफारिश की थी। निलंबन आदेश में कहा गया है कि प्रज्ज्वल रेवन्ना के वायरल वीडियो से पार्टी को भारी शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है। वहीं एसआईटी ने मंगलवार को प्रज्ज्वल को नोटिस जारी किया। दोनों को जांच के लिए सामने पेश होने को कहा गया है।

## ईडी ने जब्त की 90 करोड़ की क्रिप्टो संपत्ति

**गेमिंग घोटाला**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक ऑनलाइन गेमिंग ऐप 'घोटाले' में बाइनेंस, जेबपे और वजीरएक्स जैसे मंचों के क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में रखे 90 करोड़ रुपये जब्त किया है। वित्तीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि गेमिंग घोटाले से संबंधित धनशोधन जांच के क्रम में इन क्रिप्टो संपत्तियों को कब्जे में लिया गया और फिर उसे ईडी के क्रिप्टो वॉलेट में स्थानांतरित कर दिया गया। यह जांच ई-नगेट नाम के एक फर्जी ऑनलाइन गेमिंग ऐप से संबंधित है।

**अनदेखी** | दो साल पहले 43 जिलों में एनआरएलएम ने खोले थे 204 टीएचआर प्लांट

## 'कुपोषण' की जंग में 153 प्लांट बंद, केंद्रों पर नहीं पुष्टाहार

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की तरफ से 43 जिलों में संचालित 204 टेक होम राशन प्लांट में 153 बजट के अभाव में बंद हो गए हैं।

इस वजह से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार की आपूर्ति प्रभावित है। बंद प्लांटों की जगह एक संस्था द्वारा पुष्टाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन, तीन माह का एक साथ, कम मात्रा में वह भी देर-सबेर मिलने के कारण बच्चों व महिलाओं को नियमित खुराक नहीं मिल रही है। केंद्रों पर नियमित वितरण और पारदर्शिता से पुष्टाहार खरीदने के लिए ठेकेदारी व्यवस्था खत्म की गई थी और दो साल पहले बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से अनुबंध कर ब्लॉकों पर प्लांट खोले गए थे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार वितरण की हकीकत समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर दर्ज सर्वाधिक शिकायतें ही बता रहीं हैं। दिसंबर में वितरण संबंधित 7667 शिकायत जिलों से दर्ज हुईं। इसकी फरवरी में मुख्यमंत्री कार्यालय से समीक्षा की गई तो सर्वाधिक शिकायत वाले पांच जिले चिह्नित कर सुधार के निर्देश दिए गए थे।

### इन जिलों में प्लांट

लखनऊ, बदायूं, बागपत, सहारनपुर, उन्नाव, वाराणसी, अमेठी, औरैया, संत कबीर नगर, शामली, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बिजनौर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, इटावा, फतेहपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, झांसी, कन्नौज, लखीमपुर, ललितपुर, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सोनभद्र, सिद्धार्थ नगर, सुल्तानपुर, आगरा, अलीगढ़, अंबेडकर नगर, आजमगढ़।

- बजट के अभाव में आंगनबाड़ी केंद्रों पर नहीं हो रही नियमित आपूर्ति

"प्लांट एनआरएलएम द्वारा संचालित हैं। बंद होने की जानकारी नहीं है। जिन केंद्रों पर समस्या है वहां पुष्टाहार वितरण कराया जा रहा है। आईजीआरएस की शिकायतें निस्तारित कर रहे हैं।
– **सरनीत कौर ब्रोका**, निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग।

### इन जिलों की थी सर्वाधिक शिकायत

सीतापुर – 374, अलीगढ़ – 271, लखीमपुर खीरी – 267, बहराइच – 265, बुलंदशहर – 252

### तीन से छह वर्ष के बच्चों की खुराक में रिफाइंड की कटौती

प्लांट द्वारा सात माह से तीन वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को घरों पर चना की दाल, दरिया व रिफाइंड मिलता है। इसी तरह केंद्र पर आने वाले तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को तीनों चीजें दी जाती हैं। लेकिन, केंद्र पर रिफाइंड नहीं बांटा जा रहा है। जहां प्लांट से आपूर्ति नहीं वहां संस्था प्रीमिक्स यानी तैयार मूंग दाल खिचड़ी, दरिया, लड्डू दे रही है। आपूर्ति पोषण ट्रैक से लाभार्थियों की संख्या के अनुसार होती है, लेकिन डाटा पुराना उठाने के कारण बढ़े लाभार्थी छूट जाते हैं।

एक नजर



अगवानपुर में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध निर्माण ध्वस्त करती जेसीबी।

## टीम ने ग्राम समाज की भूमि को कराया कब्जा मुक्त

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर में ग्राम समाज की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को जेसीबी द्वारा ध्वस्त कराकर कब्जा मुक्त कराया गया। पूर्व में भी राजस्व विभाग की टीम द्वारा ग्राम समाज की भूमि से कब्जा हटवाया जा चुका है। नगर पंचायत के मोहल्ला ढाप में ग्राम समाज की भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा था। जिसको को राजस्व विभाग की टीम ने जेसीबी द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर हो रहे निर्माण को ध्वस्त कराकर कब्जा मुक्त कराया। वही लेखपाल सर्वेश कुमार ने बताया कि राजस्व विभाग की टीम द्वारा ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त करा दिया गया है और हदबंदी कर दी गई हैं।

### एडीएम सिटी से मिलकर अभिभावकों ने एनसीईआरटी की किताबें न लगाने, मनमाने तरीके से शुल्क बढ़ाने पर जताई आपत्ति

# जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी मनमानी करने वाले स्कूलों पर हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद पेरेंट्स ऑफ आल स्कूल के पदाधिकारियों व अभिभावकों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ आवाज उठाई। अपर जिलाधिकारी नगर के साथ मुलाकात कर अभिभावकों ने जिलाधिकारी के आदेश को न मानने वाले स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा।

पदाधिकारियों व अभिभावकों ने अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह को ज्ञापन देकर बताया कि पूर्व में यहां तैनात रहे जिलाधिकारी ने निजी स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम की पुस्तकें लागू करने का आदेश दिया था। लेकिन, स्कूल प्रबंधन द्वारा कुछ न कुछ बहाना बना कर किताबें बदल कर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें चलाई जा रही हैं। इससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। फरवरी में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में निर्णय लिया गया था कि मनमाने तरीके से किताबें नहीं बदली जाएंगी। लेकिन, वर्तमान सत्र में जो किताबें लगाई गई हैं वह पिछले सत्र से बदल दी गई हैं। अभिभावकों द्वारा जो शिकायत ईमेल के माध्यम से जिला विद्यालय निरीक्षक, जिलाधिकारी, मंडलायुक्त, मुख्यमंत्री को किताबें बदलने के सम्बन्ध में की गई थीं उन ईमेल का प्रिंट जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा स्कूलों को उपलब्ध कराया गया। अब स्कूलों के प्रधानाचार्य/प्रबन्धक द्वारा उन अभिभावकों से संपर्क कर उन पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। अभिभावकों ने ऐसे स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर अध्यक्ष अनुज गुप्ता, सचिव अंकित अग्रवाल, सन्नी सिन्हा, कविता सचदेवा, राजदीप गोयल, राजीव सिंह, अंकित अग्रवाल, मो. जमीर, वैभव गुप्ता, आकाश रस्तोगी, संजय अग्रवाल, अमित शर्मा, भारत कपूर, मनीष बेरी, मतीनउद्दीन, मोअज्जम अजाजी, मो. आजम, खुशबू गुप्ता, अतुल गुप्ता, प्रदीप कुमार सक्सेना, मोहित सिंह, प्रदीप वर्मा, प्रतीक गोयल आदि मौजूद रहे।



एडीएम नगर ज्योति सिंह को ज्ञापन देते मुरादाबाद पेरेंट्स ऑफ़ आल स्कूल के पदाधिकारी।




निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ ज्ञापन सौंपते राष्ट्रीय अति पिछड़ा महासंघ के कार्यकर्ता।

### मंडलायुक्त कार्यालय पर भूख हड़ताल का एलान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** निजी स्कूल संचालकों की मनमानी की विरोध में राष्ट्रीय अति पिछड़ा महासंघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों को सचेत किया कि यदि निजी स्कूल संचालकों द्वारा अभिभावकों का शोषण बंद नहीं किया गया तो महासंघ मंडलायुक्त कार्यालय पर भूख हड़ताल करने को बाध्य होगा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. रामेश्वर दयाल तुरैहा ने आरोप लगाया कि जिले में लगभग 30 प्रतिशत स्कूल फर्जी चल रहे हैं और छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। यदि शीघ्र ही पब्लिक स्कूलों की मनमानी पर रोक नहीं लगाई गई तो महासंघ के पदाधिकारी मंडलायुक्त कार्यालय पर भूख हड़ताल करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में जयपाल सैनी, डा. राजकुमार कश्यप, राजपाल कश्यप, हर्ष राजपूत, करन लाल सैन, ठाकुर मंजू राठौर, शीला सैनी, धर्मेंद्र कश्यप, बीके गुप्ता, आलेहसन मौजूद रहे।

### गोद भराई से पहले साली को भगा ले गया जीजा

**मैनाठेर, अमृत विचार:** साली की गोद भराई रस्म से एक दिन पहले जीजा साली को बहला फुसला कर भगा ले गया। युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मैनाठेर क्षेत्र निवासी ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि 28 अप्रैल को उसकी बेटी की गोद भराई की रस्म थी जिसके सिलसिले में समान खरीदने के लिए के मुरादाबाद गए हुए थे। 27 अप्रैल को व्यक्ति का दामाद अपनी साली को अपने भाईयों के साथ हमसाज़ होकर पीड़ित की बेटी को भगा ले गया। जिसके गांव के युवक ने उसकी बाइक के पीछे बैठ कर जाते हुए देखा था। जब पीड़ित पिता ने बेटी को वापस करने को कहा तो उक्त लोग मारपीट के लिए आमादा हो गए। वही जान मारने की धमकी देने लगे। पुलिस पीड़ित पिता की शिकायत पर आरोपी जीजा वीरेन्द्र उसके दो भाई राजेन्द्र, वीरपाल पर केस दर्ज कर मामले को जांच कर रही है।

# हरथला में सड़क व नाला निर्माण बना नासूर

### नाला निर्माण में निकाली गई मिट्टी उड़ने से लोगों को हो रही परेशानी, अधिकारी बेपरवाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कांठ रोड पर हरथला में नाला निर्माण और सड़क चौड़ीकरण कार्य राहगीरों व व्यापारियों के लिए नासूर बना है। दो साल से गड्ढायुक्त सड़क में हिचकोले खाकर नागरिक आवाजाही कर रहे हैं। सड़कों के गड्ढे और नाला खोदाई से निकली मिट्टी और धूल लोगों को बीमार बना रही है। इससे उन्हें आंख में जलन और सांस लेने में दिक्कत हो रही है। इस कार्य की सुस्ती के व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।

हरथला मुख्य मार्ग के किनारे नाला निर्माण कार्य में सुस्ती से राहगीरों व व्यापारियों को परेशानी हो रही है। चुनाव के चलते कार्य की सुस्त चाल से इस मार्ग के दोनों पटरियों पर सड़क के गड्ढों व मिट्टी के ढेर के बीच लोग आवाजाही कर रहे हैं। हादसे की आशंका भी बनी है। कांठ रोड पर दो साल से टूटी सड़क और नाला निर्माण में देरी असुविधा का कारण बनी है। कभी अतिक्रमण नासूर बना था तो उसे हटाकर कराए जा रहे कार्य लोगों के लिए सुविधा कम मुसीबत अधिक बन गया है। गर्मी में इस सड़क से आने जाने वालों को धूल के गुबार के बीच आवाजाही करने से संक्रमण बढ़ने की संभावना अधिक है। नाक में धूल के कण जाने से लोगों को छींक आने की दिक्कत भी हो रही है। वहीं आंख में धूल के कण पड़ने से दोपहिया वाहन चालक अचानक अनियंत्रित हो जा रहे हैं जिससे हादसे की आशंका भी बनी है। लेकिन, नगर निगम, लोकनिर्माण विभाग की ओर से कार्य में तेजी लाने के ठोस प्रयास नहीं हो रहे हैं। कारोबार प्रभावित होने से व्यापारियों की नाराजगी भी बढ़ रही है।



हरथला में सड़क किनारे नाला निर्माण के दौरान काम करता मजदूर। ● अमृत विचार

> धूल के कण नाक व मुंह के रास्ते फेफड़ों में पहुंच जाते हैं। जिससे अस्थमा व सांस के मरीजों को दिक्कत बढ़ जाती है। टीबी के पुराने मरीज भी इससे प्रभावित होते हैं। बीमारी बढ़ने पर उनकी दवा की डोज बढ़ानी पड़ती है। ऐसे मरीज इन जगहों से होकर जाने से परहेज करें। जाना जरूरी हो तो मास्क पहनें। जहां निर्माण कार्य के चलते मिट्टी जमा हो वहां पर नियमित पानी का छिड़काव कराया जाए, जिससे धूल के कण न उड़े।
>
> –डॉ. प्रवीण शाह, वरिष्ठ चेस्ट फिजिशियन जिला अस्पताल

### उर्स के मौके पर निकला चादरों का जुलूस

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सय्यदाना हुजूर मुजददिद मुरादाबादी इमाम सैय्यद मोहम्मद इन्तेखाब हुसैन कदीरी अशरफी मदारी के उर्स मुबारक पर मौके पर मंगलवार शाम को तख्त वाली मस्जिद से चादरों का जुलूस निकाला गया। जुलूस में भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

चादरों का जुलूस कांठ की पुलिया से बरादारी, झब्बू का नाला, मोहम्मद अली रोड, तहसील स्कूल व नई बस्ती होते हुए आस्ताना ए आलिया कदीरिया पहुंचा। जहां दरगाह पर चादरपोशी की गई। चादरपोशी के बाद सलाम व कुल शरीफ हुआ। कुल शरीफ में जुलूस में खुसूसी तौर पर सुल्तान अहमद कदीरी, जाकिर अहमद अशरफी कदीरी, शादाब कदीरी, इम्तियाज अख्तर कदीरी, मौलाना शुऐब कदीरी, मौलाना शराफत कदीरी, मौलाना इंतेजार कदीरी, मौलाना जावेद कदीरी, कारी अब्दुल हमीद कदीरी, मौलाना राशिद कदीरी, मौलाना मुस्तकीम कदीरी ने शिरकत की।उर्स मुबारक की तमाम महफिलों की सदारत खतीबे मुफ्ती सैय्यद मोहम्मद इन्तेसाब हुसैन कदीरी सज्जादानशीन ने की। उर्स में सूरत, रामपुर, बीसलपुर, पीलीभीत, मालेगांऊ सहित देश के कोने-कोने से आए लोगों ने शिरकत की।

# सड़क सुरक्षा को शुरू हुआ अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मना रही है। ये कार्यक्रम चार मई तक होना है। पखवाड़ा के तहत पुलिस सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चला रही है। वाहनों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जा रहे हैं। रात में हेड लाइट के हाई-लो बीम के प्रयोग के बारे में वाहन चालकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

लेन ड्राइविंग के संबंध में भी वाहन चालकों को जानकारी दी जा रही है। यही नहीं, स्कूलों में जाकर पुलिसकर्मी बच्चों व शिक्षक स्टॉफ को भी सुरक्षित यातायात के बारे में समझा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को सेंट मैरी स्कूल बुद्धि विहार में पुलिसकर्मियों ने 300 छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया। पैडल, साइकिल, मोटर साइकिल, चार पहिया वाहन, बस में यात्रा और सुरक्षा रखने के बारे में बताया है। बेहतर बनने की सीख दी कि यदि कोई घायल है तो उसे अनदेखा न करें बल्कि उसे जितनी जल्दी हो अस्पताल पहुंचाएं ताकि उसके जीवन को बचाया जा सके। सेंट मैरी स्कूल की प्रधानाचार्य जेसी मैथ्यूज ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ दिलाई। पुलिसकर्मियों ने बच्चों में सड़क सुरक्षा की जानकारी वाले पंफलेट बांटे। ट्रैफिक दरोगा जसवीर सिंह ने बताया कि यातायात नियम पालन करने के लिए बच्चों में आदत डालना आसान है। शिक्षक भी बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इसका असर भी दिख रहा है। बच्चे सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा के बारे में अपने घर-परिवार में भी चर्चा कर रहे हैं। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि वाहनों पर मोडिफाइड साइलेंसर, हूटर सायरन और प्रेशर हॉर्न के मामलों में कार्रवाई भी की जा रही है। वाहनों में काली फिल्म के शीशों के प्रयोग पर भी कार्रवाई हो रही है।



सेंट मैरी स्कूल में बच्चों को सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरुक करते दरोगा जसवीर सिंह।

### रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगवाए, प्रशिक्षित भी किया

एसपी ट्रैफिक ने बताया कि पखवाड़े के बीच में अब तक 458 वाहनों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगवाए गए हैं। रात में वाहन चलाते समय हेड लाइट के हाई-लो बीम के प्रयोग के बारे में 326 चालकों को प्रशिक्षित किया गया है। इसी तरह राजमार्गों पर सड़क किनारे स्थित ढाबा पर मौजूद भारी वाहनों के 423 चालकों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया है। यही नहीं, लेन ड्राइविंग के संबंध में 369 वाहन चालकों को जागरूक किया गया है। दूसरी तरफ ट्रैफिक व्यवस्था के लिए 62 लोगों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रशिक्षण दिया गया है।

# स्कूल चलो अभियान में दिखाएं गंभीरता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा विभाग के नगर क्षेत्र के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को नगर संसाधन केंद्र पर हुई। इसमें नये सत्र में नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया गया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र मनोज कुमार बोस की अध्यक्षता में नगर संसाधन केंद्र पर हुई। महत्वपूर्ण विभागीय कार्यों और योजनाओं पर चर्चा करते हुए विद्यालयवार समीक्षा की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल चलो व नामांकन अभियान, निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, निपुण भारत मिशन, कक्षावार टाइम टेबल, गर्मी और लू से बचाव आदि बिंदुओं पर जानकारी देकर इसका अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इस वर्ष राष्ट्रीय आय व योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में नगर क्षेत्र के 20 छात्र-छात्राओं का चयन होने पर उनके विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों प्रशांत कुमारी, नसीमा बी सैफी, रत्नेश बाला, अलका सिक्का, गीता खेड़ा, नमिता गुप्ता, उषा कुमारी को पुष्प माला पहनाकर व मिष्ठान वितरण करके सम्मान भी किया। उनसे अपील की गई कि वह इसी प्रकार विद्यालय के बच्चों की प्रगति के लिए कार्य करते रहें। बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के अलावा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के महानगर अध्यक्ष राकेश कौशिक, मंत्री उस्मान आरिफ, राहुल शर्मा व सुगन्ध गुप्ता सहित स्कूलों के प्रधानाध्यापक आदि मौजूद रहे।



नगर संसाधन केंद्र पर बैठक में बोलते बीईओ नगर मनोज बोस व उपस्थित प्रधानाध्यापक।

● **गर्मी व लू से बचने के उपाय करने के भी बीईओ ने दिए निर्देश**

### जिला बदर अभियुक्त तमंचा समेत गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना पुलिस ने सोमवार रात को जिला बदर अभियुक्त अजमल पुत्र मोबीन को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उसे मंगलवार को जेल भेज दिया है।

दरोगा गंगासरन ने बताया कि अभियुक्त अजमल सकटू नगला का रहने वाला है। यह जिला बदर होने पर भी न्यायालय के आदेश की अवहेलना करता मिला है। इसे उन्होंने उसके घर के पास से गिरफ्तार किया है। इसके पास उन्होंने तमंचा व एक कारतूस भी बरामद किया है। दरोगा ने बताया कि अभियुक्त अजमल के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के साथ ही उप्र गुंडा निवारण अधिनियम में भी मामला दर्ज किया गया है। आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है। इस पर अन्य कई मामलों में अभियोग पहले से ही दर्ज हैं।

# केंद्र प्रभारी गेहूं खरीद में लाएं तेजी: कामता प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** गेहूं खरीद के लिए नामित शासन के नोडल अधिकारी अपर आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग कामता प्रसाद सिंह ने मंगलवार को मुरादाबाद के अलावा अमरोहा जिले के गजरौला मंडी में स्थापित क्रय केंद्र व एफसीआई डिपो का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रों पर किसानों की संख्या कम देखकर केंद्र प्रभारियों व एजेंसियों के प्रबंधक व प्रभारियों को मोबाइल केंद्र के माध्यम से भी खरीद में तेजी लाने के लिए जुटने का निर्देश दिया।

शासन के नोडल अधिकारी पहले अमरोहा जिले के गजरौला मंडी में निरीक्षण करने पहुंचे। वहां से दोपहर बाद लौटे तो सीधे मुरादाबाद के मंडी में पहुंचे। वहां पर प्रथम व द्वितीय केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र पर उपस्थित विपणन निरीक्षक सदर समरपाल सिंह ने नोडल अधिकारी को बताया कि प्रथम केंद्र पर 64 किसानों से 5820 क्विंटल और केंद्र दो पर 27 किसानों से 2174 क्विंटल गेहूं की खरीद अब तक हुई है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले में 1952 किसानों से 14552.5 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। केंद्रों पर किसानों की संख्या कम होने पर मोबाइल क्रय केंद्रों से भी खरीद करा रहे हैं। केंद्र प्रभारियों को प्रतिदिन 200 क्विंटल गेहूं खरीद करने का लक्ष्य दिया गया है। मंडलायुक्त व जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में गेहूं का अवैध भंडारण व संचरण करने वालों पर कार्रवाई करते हुए किसानों को प्रेरित कर 6000 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। अपर आयुक्त ने निर्देश दिया कि हर केंद्र प्रभारी किसानों से संपर्क कर गेहूं खरीद का लक्ष्य सुनिश्चित करें। गेहूं क्रय एजेंसी पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, एनसीसीएफ द्वारा कम खरीद पर अपर आयुक्त खाद्य ने नाराजगी जताकर मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से भी खरीद में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस दौरान कनिष्ठ सहायक प्रदीप कुमार, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।



मंडी समिति में गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी अपर आयुक्त खाद्य विभाग कामता प्रसाद, साथ में जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह व अन्य।

सराहनीय

### प्रेरणा कैंटीन चलाकर गांव की महिलाएं बनीं स्वावलंबी, खुद के साथ ही दूसरों को भी बना रहीं आर्थिक रूप से सशक्त

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से संवर रहा महिलाओं का जीवन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से महिलाओं की जिंदगी संवर रही है। इससे वह न सिर्फ खुद स्वावलंबी बन रही हैं बल्कि दूसरों को भी आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं। समूह बनाकर महिलाएं प्रेरणा कैंटीन के संचालन के साथ ही विभिन्न प्रकार की जनोपयोगी वस्तुओं को बनाकर उसकी बिक्री से आर्थिक लाभ पा रही हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के माध्यम से भवानी स्वयं सहायता समूह की सदस्य विकास खंड कार्यालय में प्रेरणा कैंटीन संचालित कर खुद की जिंदगी को नई दिशा दे रही हैं। भवानी स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष मधुबाला कश्यप का कहना है कि सरकार की जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं से महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। वह खुद के पैरों पर खड़ी होकर स्वयं व अपने परिवार का पालन पोषण कर देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने में भूमिका निभा रही हैं।

मंगूपुरा नया मुरादाबाद की रहने मधुबाला बताती हैं कि समूह की थाली स्वाद वाली होती है। इस संदेश को अपने भोजन सामग्री की गुणवत्ता में भी पालन कराती हैं। क्योंकि इस कैंटीन के संचालन के माध्यम से समूह से जुड़ी महिलाएं और उनके परिवार का भविष्य भी जुड़ा है। उनका कहना है कि सरकार की ओर से कैंटीन संचालन के लिए 1,10,000 रुपये का लोन सिर्फ एक प्रतिशत ब्याज पर मिला है। इसके अलावा परिवार की मदद से वह इस कार्य को आगे बढ़ा रही हैं। उनके समूह में कुल 11 सदस्य हैं। जिसमें ममता दिवाकर सचिव, मिथिलेश कोषाध्यक्ष हैं। छह महीने से वह कैंटीन संचालित कर रही हैं। अब प्रतिदिन 1200-1500 रुपये की बिक्री हो जाती है। जिससे समूह की सहयोगी महिलाओं को भुगतान, सामग्री की लागत आदि भी निकाल कर परिवार का भरण पोषण अच्छे से हो जाता है। सरकार ने महिला सशक्तीकरण का संदेश साकार किया है। भाजपा सरकार में महिला कल्याण से जुड़ी योजनाओं का पूरा लाभ जरूरतमंदों को पारदर्शिता के साथ मिला है। इससे महिलाओं का सिर समाज में ऊंचा होने से सम्मान भी बढ़ा है।




मुरादाबाद ब्लॉक में संचालित प्रेरणा कैंटीन। ● अमृत विचार



> छह महीने से कैंटीन संचालित कर रही हूं। अब प्रतिदिन 1200–1500 रुपये की बिक्री हो जाती है। जिससे समूह की सहयोगी सदस्यों को भुगतान, सामग्री की लागत निकाल कर परिवार का भरण-पोषण अच्छे से हो जाता है। भाजपा सरकार में महिला कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को पारदर्शिता के साथ मिला है। इससे महिलाओं का समाज में सम्मान भी बढ़ा है।
>
> –मधुबाला कश्यप, अध्यक्ष, भवानी स्वयं सहायता समूह

### यह खाद्य सामग्री हैं उपलब्ध

| खाद्य सामग्री | मूल्य (रुपये में) |
|---|---|
| सादा चाय | 10 |
| कुल्हड़ चाय | 15 |
| मसाला चाय | 15 |
| स्पेशल चाय | 15 |
| समोसा प्रति पीस | 8 |
| ब्रेड पकौड़ा प्रति पीस | 10 |
| आलू पकौड़ी (100 ग्राम) | 14 |
| छोले भटूरे (दो पीस) | 40 |
| छोले पूड़ी (5 पीस) | 25 |
| छोले-चावल | 30 |
| मैगी | 35 |
| बर्गर | 15 |
| चाउमीन | 10 |
| स्पेशल थाली | 65 |
| रायता | 20 |

Canon
Delighting You Always
Sai Infosis
(Canon Premium Partner)
Invitation
We Cordially Invite You
On The Live Demonstration Of All Range
Of Black & White, Colour Machine & Printers
Special Discount On Booking
Credit & Loan Facility Available
Date: 30.04.2024-01.05.2024
Venue: Nandan Sweets, Near TVS Bike Showroom, Majholi, Delhi Road, Moradabad



A-191 Ramganga Vihar, Phase 1, Stadium Road, Near Prem Sweets, Moradabad
Gmail- saiinfosis.mbd@gmail.com
Mob:- 9837149521, 9917086600

## शहर में आज

- गांधी नगर पब्लिक स्कूल में श्रमिक दिवस पर बेस्ट वर्कर का सम्मान पूर्वाह्न 11 बजे।
- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12 :30 बजे।
- कटघर बीच होली का मैदान से विसर्जन यात्रा सुबह 10 बजे से।

## एक नजर

### महिला पर बना रहा था शादी का दबाव, कराया फैसला

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बाईपास निवासी महिला की शादी 20 वर्ष पूर्व अमरोहा के हैबतपुर गांव में हुई थी। महिला के चार बच्चे हैं। लॉकडाउन में महिला के पति का देहांत हो गया था। उसके बाद असमोली के ग्राम मछरिया निवासी युवक हुकम सिंह महिला के पीछे पड़ा हुआ था। महिला ने इसको लेकर असमोली थाना में भी शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन वहां भी पुलिस ने फैसला करा दिया था। इसके बाद महिला ग्राम मऊ आकर रहने लगी लेकिन, युवक ने महिला का पीछा नहीं छोड़ा। महिला अगवानपुर आ गई तो युवक अगवानपुर आकर महिला पर शादी करने के लिए कहने लगा। शादी करने के लिए युवक अपना धर्म परिवर्तन करने के लिए भी तैयार हो गया। इसी को लेकर महिला ने अगवानपुर पुलिस चौकी में तहरीर देकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जहा पुलिस ने युवक और महिला को बुलाकर फैसला करा दिया है।

### पुलिस ने युवक को तमंचे के साथ पकड़ा, जेल भेजा

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पुलिस ने एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मंगलवार की शाम को कैलशा रोड पर स्थित सरकारी अस्पताल के गेट पर मजार के सामने सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह तोमर हमराही नितिन कुमार के साथ चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान पैदल जा रहे युवक को जब पुलिस ने रोका तो वह भागने लगा। पुलिस ने दौड़ा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा एवं एक कारतूस मिला। पूछने पर उसने अपना नाम अनीस पुत्र नफीस निवासी नई बस्ती कपड़ा मार्केट कैलसा रोड बताया।

### रफी पर लगा गुंडा एक्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने मो. रफी उर्फ राजू पुत्र शफीक निवासी अन्सारियान कस्बा थाना बिलारी के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। उसे 6 महीने के लिए रुपये 2 लाख की धनराशि से पाबंद किया है। उसे अगले 6 महीने तक हर महीने की 5 तारीख को स्थानीय थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया है।

### उप्र. भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड श्रमिकों के कल्याण के लिए सजग, चला रहा कई योजनाएं

# श्रम विभाग की कल्याणकारी योजनाओं से संवर रहा श्रमिकों का जीवन

**मजदूर दिवस पर विशेष**

धर्मेंद्र सिंह, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार की ओर से संचालित योजनाएं उनका जीवन संवार रही हैं। साथ ही परिवार को भी आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा मिल रही है। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (श्रम विभाग) पंजीकृत श्रमिकों के कल्याण के लिए 14 योजनाएं चला रहा है। जिसका लाभ श्रमिकों के जीवन स्तर को सुधार रहा है।

श्रम विभाग की ओर से पंजीकृत मजदूरों व उनके परिवार के हितार्थ 14 योजनाएं संचालित हो रही हैं। जिसमें मातृत्व, शिशु एवं बालिका हितलाभ योजना भी है। इसमें दो प्रसव तक लड़का होने पर 20,000 रुपये व लड़की होने पर 25,000 रुपये प्रति शिशु प्रदान किया जाता है। महिला श्रमिक के पंजीकृत होने पर संस्थागत प्रसव की दशा में निर्धारित न्यूनतम वेतन की दर से 3 महीने के वेतन के बराबर धनराशि व रुपये 1000 चिकित्सा बोनस के रूप में मिलता है। पुरुष पंजीकृत कामगारों की पत्नियों को 6000 रुपये एकमुश्त प्रथम संतान लड़की होने पर 25,000 रुपये सावधि जमा प्रमाणपत्र व दिव्यांग बालिका के संबंध में 50,000 रुपये सावधि जमा प्रमाणपत्र दिया जाता है। कन्या विवाह सहायता योजना में 55,000 रुपये व अंतर्जातीय विवाह में 61,000 रुपये का अनुदान दो पुत्रियों के विवाह तक दिया जाता है। सामूहिक विवाह की स्थिति में 65,000 रुपये का अनुदान सरकार देती है।



रेलवे माल गोदाम पर दोपहर में सोते मजदूर। ● अमृत विचार



रेलवे माल गोदाम पर बैगन में सीमेंट के कट्टे रखते मजदूर।

**मेधावियों का भी हो रहा सम्मान :** श्रम विभाग की ओर से मेधावी छात्र पुरस्कार योजना भी चलाई जाती है। कक्षा 5 से लेकर उच्च शिक्षा के लिए 4000-22,000 रुपये तक की सहायता मिलती है। वहीं कौशल विकास तकनीकी उन्नयन एवं प्रमाणन योजना में श्रमिक या उसके पुत्र या पुत्री को व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए सहायता दी जाती है।

**आवास योजना :** श्रमिकों को सरकार आवास की सुविधा भी देती है। नया आवास निर्माण या खरीदने के लिए एक लाख की धनराशि दो समान किस्तों में व मरम्मत के लिए 15,000 रुपये दिए जाते हैं।

#### यह है पात्रता

☞ ऐसे सभी निर्माण श्रमिक तो 18-60 वर्ष आयु के हों ☞ श्रमिकों द्वारा पंजीकरण के समय पिछले 12 महीने में 90 दिन निर्माण श्रमिक के रूप में कार्य किया गया हो

#### पंजीकरण के लिए अभिलेख

☞ पंजीयन फार्म के साथ दो फोटो, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति ☞ निर्माण श्रमिक के रूप में 12 महीने में 90 दिनों तक कार्य करने का नियोजन प्रमाणपत्र

#### निर्धारित शुल्क

☞ 20 रुपये पंजीकरण शुल्क

☞ 20 रुपये प्रतिवर्ष अंशदान शुल्क

#### यहां करें संपर्क

☞ स्थानीय जिला श्रम कार्यालय व जनसेवा केंद्र (कामन सर्विस सेंटर)

## संभल चुनाव में ड्यूटी करेंगे 3056 कार्मिक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** संभल जिले में होने वाले तीसरे चरण के मतदान के लिए बुधवार को काठ रोड राजकीय महिला व पुरुष पॉलिटेक्निक में मतदान कार्मिकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतदान में निकटतम जिले संभल लोक सभा क्षेत्र में मुरादाबाद जिले की दो विधान सभाएं आ रही हैं। जिसको लेकर मुरादाबाद जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है।

तीसरे चरण में संभल जनपद में होने वाले लोकसभा चुनाव में मुरादाबाद जिले की दो विधानसभा कुंदरकी और बिलारी आ रही हैं। जिसको जिला विकास अधिकारी गोविंद वल्लभ पाठक ने बताया की दोनों विधानसभा के लिए मुरादाबाद जनपद से लगाए गए कार्मिकों की 764 पोलिंग पार्टिया है। जिनमें 3 हजार 56 कार्मिक है। जिनका 1 व 2 मई को दो दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को दिया जाएगा।

# बाल अपचारी घर में ही बना रहा था अवैध शस्त्र, पुलिस ने दबोचा

### पिता से सीख लेकर बन गया शस्त्र बनाने का बेहतरीन कारीगर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सोनकपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को बाल अपचारी को तमंचा बनाते गिरफ्तार किया है। इसके पास से कई बने और अधबने तमंचा एवं कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में सिविल लाइंस क्षेत्र में आदर्श कॉलोनी के राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह में भेजा है।

थानाध्यक्ष किरनपाल सिंह ने बताया कि आरोपी बाल अपचारी उमरारा गांव का रहने वाला है। सूचना मिलने पर इसके घर में सुबह दबिश देकर उसे तमंचा बनाते हुए पकड़ा गया है। इसने अपने घर को अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री बना रखा था। इसके पास से पांच बने और दो अधबने तमंचे बरामद हुए हैं। साथ ही तमंचा की चार नाल, दो कारतूस और आठ खोखा कारतूस मिला है। भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण भी बरामद हुए हैं। बाल अपचारी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इसके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। बाल अपचारी ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि लोक सभा चुनाव के चलते तमंचों की मांग बढ़ी है। सामान्य दिनों की अपेक्षा चुनाव में तमंचे महंगे बिकते हैं। जरूरतमंदों की मांग के अनुसार वह तमंचों को बनाता और बेचता है। इस कार्रवाई में दरोगा मोहित कुमार, प्रशिक्षु दरोगा मोहित कुमार और कांस्टेबल चक्रेश चौधरी व गुलाब सिंह शामिल रहे हैं।



बाल अपचारी से बरामद तमंचा-कारतूस।

**पिता की राह पर बेटा...बन गया तमंचा कारीगर :** गिरफ्तार बाल अपचारी अभी 17 वर्ष का है। इसका पिता भी अवैध तमंचा बनाने-बेचने का काम करता था। लेकिन, उसकी तीन साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। पिता को तमंचा बनाते-बेचते देखकर छोटा बेटा भी उसी राह पर चल पड़ा। उसने कक्षा-9 पास करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी और फिर वह अवैध शस्त्र के कारोबार में जुट गया। दबोचा गया बाल अपचारी तीन भाई-बहन में छोटा है। थानाध्यक्ष सोनकपुर किरनपाल सिंह ने बताया कि बाल अपचारी और उसके माता-पिता, भाई-बहन पहले ऊना (हिमाचल प्रदेश) में रहकर मेहनत मजदूरी करते थे। कोविड काल में ये सभी लोग घर लौट आए थे। घर के मुखिया की मौत के बाद बाल अपचारी की मां व भाई-बहन फिर ऊना चले गए थे। लेकिन, बाल अपचारी ऊना न जाकर गांव में अपने घर पर अकेले रहने लगा था। इसके पास अपने पिता का ई-रिक्शा भी है, जिसे वह दिन में चलाता है और रात में जोर आवाज में साउंड बजाकर घर में तमंचा ठोकता-पीटता था। पुलिसकर्मियों ने बताया कि बाल अपचारी अवैध शस्त्र बनाने का बेहतरीन कारीगर था। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि उसने अपने तमंचे सहारनपुर, गाजियाबाद के साथ ही चंडीगढ़ में कई लोगों से बेचे हैं।

- **दिन में चलाता था ई-रिक्शा, रात में बनाता था तमंचे, मां और भाई बहन रहते हैं ऊना में**

## चाचा-भतीजे ने घर में घुसकर दंपती पर किया जानलेवा हमला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में चाचा-भतीजे ने घर में घुसकर दंपति पर जानेलवा हमला कर दिया है। पुलिस ने इन दोनों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है।

घटना आंबेडकर नगर में धर्मेंद्र सिंह के घर की है। इस मामले में धर्मेंद्र की पत्नी सोरेन ने शोभित त्यागी और उसके भतीजे मोहित के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने इन दोनों आरोपियों के विरुद्ध एससी/एसटी एक्ट और जानलेवा हमले के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। उधर, परिवार वाले घायल धर्मेंद्र को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए थे, जहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया था। परिजन सिविल लाइंस स्थित एक अस्पताल में धर्मेंद्र का उपचार करा रहे हैं। धर्मेंद्र के सिर पर गहरी चोट है। धर्मेंद्र के भतीजे कविंदर ने बताया कि रविवार शाम शोभित त्यागी ने उनके चाचा धर्मेंद्र के बेटे प्रिंस (14) को रोक लिया और गालियां देने लगा। शोर सुनकर प्रिंस की मां सोरेन घर से बाहर आ गई और बेटे को बचाने का प्रयास करने लगीं। प्रिंस की सूचना पर धर्मेंद्र भी आ गए। शोभित और उसके भतीजे मोहित त्यागी ने लोहे के रॉड से सिर पर वार कर दिया। इसमें धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज को जमीन से किया बेदखल, दूसरे को दिलाया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नागफनी थाना क्षेत्र में दसवां घाट पर चार खंभा वाले मार्ग पर स्थित विवादित खाली पड़ी जमीन पर मंगलवार को मान सिंह के पक्ष में कब्जा दखल की कार्रवाई हुई है। इस दौरान मौके पर पुलिस बल के साथ थानाध्यक्ष भी मौजूद थे। कब्जा दखल के दौरान पक्ष-विपक्ष दोनों में बहस भी हुई। पुलिस ने न्यायालय के आदेश का हवाला देकर कब्जा दिलाने की कार्रवाई की है। काफी पुलिस बल और दोनों पक्षों में जमीन पर कब्जेदारी को लेकर हुई बहसबाजी को देखने वालों की भीड़ जुटी थी।

थानाध्यक्ष चमन सिंह बताया कि संबंधित जमीन पर अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज का कोई रोल नहीं है। उन्होंने कहा, न्यायालय में दो पक्षों से मुकदमा था, जिस पर निर्णय हुआ है। न्यायालय ने कब्जे की कार्रवाई के लिए अमीन भी नियुक्त किया था। अमीन की मौजूदगी में पुलिस ने जमीन पर कब्जा दखल की कार्रवाई पूरी कराई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि मौके पर अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के लोग आए थे, बता रहे थे संबंधित जमीन पर उनका भी पट्टा है लेकिन, वह लोग मौके पर अमीन को कोई कागज दिखा नहीं पाए। उधर, न्यायालय के आदेश पर कब्जा पाने वाले मान सिंह ने जमीन किससे खरीदी, गाटा-खाता और रकबा नंबर क्या है आदि के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।



कब्जे की सूचना पर पहुंचा दूसरा पक्ष व मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

- **भारी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात, जमीन पर कब्जे को लेकर दोनों पक्ष आए आमने-सामने**

**मान सिंह के आदेश को न्यायालय में देंगे चुनौती**

अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज के प्रबंधक श्याम मोहन ने बताया कि उनके कॉलेज के नाम नगर निगम ने 1959 में जमीन का पट्टा किया था। ये जमीन गाटा-88 पर 0.85 एकड़ है। जमीन पर 3-4 यूकेलिप्टस और फूलों के पौधे लगे हैं। प्रबंधक का कहना है कि कब्जेदारी दिखाने वाले मान सिंह ने अन्य किसी से साथ मिलकर सिविल जज न्यायालय से स्कूल की पट्टे वाली जमीन पर अपने पक्ष में आदेश पारित करा लिया है। जबकि, संबंधित जमीन की बिक्री करने वाला न उनके स्कूल का व्यक्ति है और न ही नगर निगम का कर्मी। ये दोनों लोग बाहर के हैं। सिविल जज न्यायालय से पारित आदेश पर आरोपी नागफनी थाने की पुलिस के साथ जमीन पर कब्जा लेने आया था। प्रबंधक ने कहा कि जमीन पर ऐसे कैसे कब्जा छोड़ देंगे। अब वह भी कागज तैयार कर रहे हैं और बुधवार को सिविल जज न्यायालय में ही वह भी प्रार्थना पत्र दाखिल करेंगे।

# सागर मेहता बने ईपीसीएच के उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ईपीसीएच की प्रशासनिक समिति के सदस्य और मैसर्स क्यूटीएल एक्सपोर्ट हाउस दिल्ली में हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद की मंगलवार को आयोजित 188वीं बैठक के दौरान सागर मेहता नए द्वितीय उपाध्यक्ष चुने गए है। यह जानकारी ईपीसीएच उपाध्यक्ष नीरज खन्ना ने दी है।

मंगलवार को हुई बैठक में मौजूद ईपीसीएच की प्रशासनिक समिति के सदस्यों ने नए द्वितीय उपाध्यक्ष सागर मेहता का स्वागत किया। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा ने बताया कि मेसर्स क्यूटीएल एक्सपोर्ट हाउस दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले सागर मेहता दो दशकों से भी अधिक समय से दिल्ली के एक प्रमुख सदस्य निर्यातक हैं। सागर मेहता फैशन ज्यूलरी, बैग व एक्सेसरीज के एक जाने माने निर्यातक हैं। उनकी कंपनी क्यूटीएल एक्सपोर्ट हाउस को फैशन ज्यूलरी के लिए उत्कृष्ट निर्यात वृद्धि पुरस्कार और सर्वोत्तम राष्ट्रीय निर्यात प्रदर्शन के लिए भी सम्मानित किया गया है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान समिति ने सर्वसम्मति से मैसर्स संकल्प इंटरनेशनल जयपुर के गिरीश अग्रवाल को 16-20 अक्टूबर 2024 तक आयोजित होने वाले 58वें आईएचजीएफ दिल्ली मेले-शरद ऋतु, 2024 के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है।



ईपीसीएच का द्वितीय उपाध्यक्ष बनने पर सागर मेहता का स्वागत करते निर्यातक।

- **उपाध्यक्ष चुने जाने पर निर्यातकों ने किया जोरदार स्वागत**

## छत पर खेलते समय आंगन में गिरा बालक, घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुलाबबाग हरथला में मंगलवार दोपहर खेलते समय 10 वर्षीय बालक छत से आंगन में गिर गया। आनन-फानन में नसरीन अपने बहनोई की मदद से बेटे को लेकर जिला अस्पताल पहुंची थी। डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर लिया है। बच्चे का उपचार चल रहा है। बच्चे का दाया हाथ फ्रैक्चर हो गया है। सिर में भी चोट होने के कारण हालत गंभीर बनी हुई है। नसरीन ने बताया कि वह परिवार साथ अपने मायके में रहती है। उनका मायका सिविल लाइंस के गुलाबबाग हरथला रेलवे स्टेशन के पास है। छोटा बेटा अर्थ (10) पांचवीं कक्षा में पढ़ता है। मंगलवार सुबह करीब 11.30 बजे के दौरान अर्श छत पर खेलते समय नीचे गिरकर घायल हो गया।

# फहीम की हत्या के आठ साल बाद मिली दोषी को सजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उधार के रुपये वापस मांगने पर गोली मारकर हत्या करने के वाले दोषी के विरुद्ध आठ साल बाद मंगलवार को फैसला आया है। दोषी फैजान पुत्र हाजी रेहान को न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश सरोज कुमार यादव ने आठ वर्ष का कारावास और कुल 1.20 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस घटना में मृतक फहीम (22) के भाई नईम व माजिद पुत्र रसीद चश्मदीद गवाह थे। दोषी को मिली सजा में इन चश्मदीदों की गवाही सबसे अहम रही है।

यह मामला संभल जिले के थाना नखासा के शहवाजपुरा खेड़ा का है। घटना वर्ष 2015 की है। भाई फहीम की हत्या के आरोप में नईम ने मुहल्ले के ही फैजान पुत्र हाजी रेहान के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। उन्होंने पुलिस को बताया था कि उनके भाई फहीम ने आपसदारी में फैजान को कुछ रुपये उधार दिए थे। जिसे मांगने के लिए वह 23 नवंबर की शाम गया था, जहां आरोपी फैजान ने उससे गाली-गलौज की और भगा दिया था। फिर अगले दिन 24 नवंबर की रात करीब 9.30 बजे आरोपी फैजान रायसत्ती मदरसा खलील उलउलूम के पास मोबाइल की दुकान पर खड़ा था। उसी दौरान उनका भाई भी उधर से गुजरा, जिसे आरोपी ने गाली देते हुए रोक लिया और तमंचा निकालकर उसे गोली मार दी थी। इस घटना के नईम व माजिद पुत्र रसीद चश्मदीद गवाह थे। चूंकि, जब उनका भाई फहीम मदरसा के पास मोबाइल दुकान के समीप से गुजर रहा था तो उसके 15-20 कदम पीछे नईम व माजिद भी आ रहे थे। वादी के मुताबिक, घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गया था। फिर रक्तरंजित फहीम को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले गए थे, जहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया था। इस मामले में जिला अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता मनीष भटनागर ने पीड़ित की ओर से पक्ष रखा। अधिवक्ता ने बताया कि बड़ी बात ये है कि फहीम की हत्या में आरोपित फैजान को गिरफ्तार होने के बाद से जमानत नहीं मिली थी। वह लगातार 8 वर्ष 6 महीने जेल में ही रहा और अब सजा हो गई है। अधिवक्ता ने बताया कि न्यायालय ने अभियुक्त फैजान को दोषी पाते हुए गैर इरादतन हत्या के आरोप में 8 वर्ष के कारावास व एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसी तरह आर्म्स एक्ट में 3 वर्ष के करावास और 20,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इस अर्थदंड की धनराशि में से प्रतिकार स्वरूप 50 प्रतिशत धनराशि न्यायालय ने वादी को देने के निर्देश पारित किए हैं।

- **गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को नहीं मिली थी जमानत, जेल में बिताए आठ साल**
- **उधार के रुपये मांगने आए युवक को मार दी थी गोली, मृतक का भाई था घटना का चश्मदीद**

# ठगों ने एनिडेस्क एप इंस्टाल करा कर उड़ा लिए 48,960 रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गूगल से बैंक के कस्टमर केयर नंबर सर्च किया और फिर कॉल कर खाताधारक ने अपनी समस्या बताई। समस्या सुनने वाले ने क्रेडिट कार्ड के सत्यापन के बहाने एनीडेस्क एप डाउनलोड कराकर उसके खाते से 48,960 रुपये पार कर दिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस लाइन साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराने के साथ ही मझोला थाने में भी रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मामला मंगूपुरा गांव के लाल बहादुर का है। वह प्राइवेट जॉब करते हैं। इन्होंने बताया कि कोटक महिंद्रा बैंक के क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया था। जब कुछ दिन तक कार्ड नहीं आया तो जानकारी करने के लिए गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च किया था। उन्होंने उस नंबर पर 12 दिसंबर 2023 को कॉल की थी। कॉल रिसीव करने वाले से उन्होंने अपने क्रेडिट कार्ड के बारे में पूछा तो उसने सवाल करते हुए कहा कि आपके पास पहले से कोई कार्ड है तो आप बताएं मैं उससे वेरीफाई करुंगा। इसके बाद लाल बहादुर ने आरोपी ठग के कहने पर अपने मोबाइल में एनीडेस्क-ऐप इंस्टाल कर लिया। फिर आरोपी ने उसके खाते से 48,960 रुपये उड़ा लिये। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मझोला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

- **क्रेडिट कार्ड के सत्यापन के बहाने एनीडेस्क एप डाउनलोड कराकर की धोखाधड़ी**

**परेशानी** | किसान आंदोलन के चलते देरी से पहुंच रही ट्रेनें, यात्री परेशान

# गरीबरथ 14 घंटे, बेगमपुरा 8 घंटे देरी से पहुंचीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पिछले कई दिनों से चल रहे किसान आंदोलन के चलते मुरादाबाद मंडल की ट्रेनों का शेड्यूल बिगड़ गया है। ट्रेनें लेट होने से गर्मी में यात्री परेशान हो रहे हैं। मंगलवार को अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस 14 घंटे और बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय से आठ घंटे की देरी से पहुंची। जिसके चलते गर्मी के बीच यात्रियों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा।

अंबाला मंडल में पिछले 14 दिनों से किसान आंदोलन चल रहा है। जिसके कारण प्रमुख ट्रेनों का परिचालन बेपटरी हो गया है। ट्रेनें लेट होने से भीषण गर्मी के दौरान यात्री परेशानियां झेल रहे है। रेलवे ने किसानों के आंदोलन के चलते पंजाब व जम्मू की ओर जाने वाली कई ट्रेनों का रूट बदल दिया है। जिसके चलते ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही है। ट्रेनों की देरी से परेशान होकर यात्री अपने टिकट रद्द करा रहे है। मंगलवार को रेलवे स्टेशन पर गर्मी के बीच यात्री ट्रेनों के इंतजार में परेशान दिखे। बेगमपुरा एक्सप्रेस आठ घंटे, जम्मूतवी अमरनाथ सुपर फास्ट 11 घंटे की देरी से पहुंची। इसके अलावा अन्य ट्रेनें भी देरी से पहुंची। जिसकी वजह से लंबी दूरी के यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

| ट्रेन संख्या व नाम | किनती देरी से पहुंची |
|---|---|
| 12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस | आठ घंटे 12 मिनट |
| 12587 जम्मूतवी अमरनाथ सुपरफास्ट | 11 घंटे 37 मिनट |
| 13152 कोलकाता एक्सप्रेस | तीन घंटे 20 मिनट |
| 14618 जनसेवा एक्सप्रेस | चार घंटे 14 मिनट |
| 04651 अमृतसर क्लोन स्पेशल | 16 घंटे छह मिनट |
| 14674 शहीद एक्सप्रेस | तीन घंटे 13 मिनट |
| 22446 कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक | चार घंटे 40 मिनट |
| 12203 अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस | 14 घंटे 38 मिनट |



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री।

# 50 की आयु पार कर चुके कर्मियों की नहीं होगी छंटनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विद्युत विभाग में 50 साल की उम्र पूरी करने वाले विद्युत विभाग के कर्मचारियों के लिए विभाग की एमडी ने छंटनी के आदेश किए थे। वो आदेश विभाग ने अब वापस कर लिया है। इस आदेश ने विभाग के समूह ग, घ के मंडल भर के 500 कर्मचारियों के परिवारों की नींद उड़ा दी थी। विभाग की एमडी वी चैत्रा के आदेश पर रोक लगाने के बाद कर्मचारियों के परिवारों में खुशी है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन में पूर्व से निर्धारित 60 वर्ष की आयु के नियमानुसार ही कार्मिकों को सेवानिवृत्त किया जाएगा।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण खंड की ओर से 26 अप्रैल को 50 वर्ष आयु वाले समूह ग और घ के कर्मचारियों में यानी लेखा लिपिक, क्लास फोर की स्क्रीनिंग, टेक्निकल ग्रेड-2 अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता, उपखंड अधिकारी समेत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व अधिकारी जो कॉमन संवर्ग में आते हैं उनकी एमडी वी.चैत्रा ने छटनी करने के आदेश जारी किए थे। जिसके बाद आदेशानुसार उनकी कुशलता और उपयोगिता देखते हुए उन्हें रिटायर किया जाना था। 50 वर्ष की आयु पार करने वाले मंडल के तीनों जिलों 500 कर्मचारियों और अधिकारियों के परिवार में खलबली मच गई थी। मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि सूची मांगी गई थी ,लेकिन हमने अभी तक कोई सूची नहीं दी थी।

- **आदेश निरस्त होने से अधिकारी कर्मचारियों के चेहरे खिले**

## एक नजर

### अब महानगर में शुरू हुई हेमेटोलॉजी की ओपीडी



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज नई दिल्ली ने मुरादाबाद में हेमेटोलॉजी एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) की ओपीडी सेवा शुरू कर दी है। यह ओपीडी सेवा मैक्स मेड सेंटर में शुरू की गई है।मैक्स हॉस्पिटल में हेमेटोलॉजी एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट की कंसल्टेंट डॉ. करुणा झा की मौजूदगी में यह ओपीडी सेवा की जाएगी। डॉ. करुणा हर महीने के तीसरे मंगलवार को दोपहर 12 बजे से दो बजे तक उपलब्ध रहेंगी। मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. करुणा झा ने बताया कि मुरादाबाद में ये ओपीडी सेवा शुरू होने से आसपास के लोगों को प्राथमिक परामर्श के लिए दूसरे शहरों की तरफ नहीं जाना पड़ेगा।

### छेड़छाड़ के मामले में दो सगे भाइयों को पांच साल की कैद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** छेड़छाड़ के मामले में न्यायालय स्पेशल एससी/एसटी संदीप गुप्ता ने दोषसिद्ध दो सगे भाइयों को पांच साल के कारावास और 45,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। एसपीसी आनंद पाल सिंह ने बताया कि सजा पाने वाले अभियुक्त प्रताप और उसका भाई ऋषिपाल हैं। ये लोग ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के रामूवाला गणेश गांव के रहने वाले हैं। इनके विरुद्ध जुलाई 2018 में ठाकुरद्वारा थाने में मारपीट, छेड़छाड़ व अन्य आरोपों के तहत एफआईआर दर्ज हुई थी। घटना 7 जुलाई 2018 की है। इस प्रकरण की विवेचना क्षेत्राधिकारी विशाल यादव ने की थी। अभियुक्तों ने वादी के पुत्र के साथ मारपीट की थी। वादी की पत्नी के साथ गाली-गलौज व उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते मारापीटा था। छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी भी दी थी।

### दुष्कर्मी को 14 साल की सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महिला से दुष्कर्म करने वाले को न्यायालय एफटीसी-प्रथम मो. फिरोज ने मंगलवार को दोषसिद्ध अभियुक्त याकूब पुत्र खलील को 14 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस पर 27,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अशोक कुमार यादव ने बताया कि दोषसिद्ध अभियुक्त छजलैट थाना क्षेत्र के कुरीखाना गांव का रहने वाला है। इसके विरुद्ध छजलैट थाने में 2021 में दुष्कर्म के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई थी। घटना 11 जनवरी 2021 के दिन हुई थी। इस मामले की विवेचना दरोगा सुनील चौधरी ने की थी।

# सुबह-शाम पानी बदलने का करें प्रबंध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, साथ में सीडीओ सुमित यादव व अन्य।

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गोशालाओं के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने गोआश्रय स्थलों में गोवंश के लिए सभी प्रबंध सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। कहा कि गोशाला में सुबह शाम पानी बदलने का प्रबंध अवश्य कराएं।

उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि गो संरक्षण का कार्य जिम्मेदारी से करें। तीन दिन में निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। गोआश्रय स्थलों पर हरे चारे और सुबह-शाम पानी बदलने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बेहतर पर्यवेक्षण के लिए हर गोशाला में एक केयरटेकर नामित करने के लिए कहा। गौशालाओं को बड़ी व समृद्ध 10 ग्राम पंचायतों से सम्बद्ध करने के लिए कहा। उन्होंने नोडल अधिकारियों को ग्राम प्रधानों के साथ संवाद रखकर व्यवस्था में सुधार कराने के लिए निर्देश दिया। कहा कि नोडल अधिकारी नियमित निरीक्षण कर व्यवस्था को चेक करें। यदि कोई कमी हो तो तुरंत सुधार कराएं।

उन्होंने गो आश्रय स्थलों में निर्माण कार्यो को जल्द पूरा कराने, पानी-हरे चारे, भूसे की व्यवस्था की कराने, केयरटेकर की तैनाती और बिजली व्यवस्था कराने के लिए निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कंसल, पीडी डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्र, जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ईवीएम की सुरक्षा का निरीक्षण किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने मंगलवार को मंडी समिति में स्ट्रांग रुम व सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था में कोई ढिलाई न बरतने का निर्देश दिया। इस दौरान वहां पर सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।

# उड़ान से पहले आसमान पर पहुंच रहे जमीनों के दाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




**अमृत विचार:** जनपद में हवाई अड्डे की शुरुआत होने के बाद भले ही अभी उड़ान शुरू नहीं हुई है, लेकिन यहां की जमीन के दाम आसमान पर पहुंचने लगे है। एयरपोर्ट के एक किलोमीटर दायरे में जमीन के दाम 50 लाख से एक करोड़ रुपये प्रति बीघा तक पहुंच गए है।

किसानों का कहना है कि बाहरी लोग यहां पर होटल बनाना चाहते हैं। इसके लिए स्थानीय प्रॉपर्टी डीलर संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने किसानों को बुलाकर बातचीत भी शुरू कर दी है। इस दौरान कुछ किसानों की जमीन बिक्री भी हुई है। जिसकी कीमत 47 लाख रुपये प्रति बीघा से 55 लाख रुपये प्रति बीघा तक मिली है। इसके अलावा हवाई अड्डे के नजदीक जिन किसानों की जमीन है, वह उसे बेचने को तैयार नहीं है। जिसके चलते उनकी जमीन के दाम एक करोड़ रुपये प्रति बीघा तक लग रहे हैं। कुछ किसानों का कहना है कि भविष्य में जमीन के दाम तो बढ़ते ही रहेंगे। वह अपनी जमीन पर ही खेती करेंगे या व्यापार करेंगे, लेकिन बेचेंगे नहीं। वहीं कई प्राप्टी डीलर किसानों से जमीन खरीदने के लिए लगातार संपर्क कर रहे हैं। जिसके चलते हवाई अड्डे के एक किलो मीटर के दायरे में आ रही जमीनों के दाम आसमान पर पहुंच रहे है। भदासना गांव में रहने वाले किसान पंचम सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट से सीधे हाईवे के पास मेरी जमीन है। एक व्यक्ति ने होटल बनाने व अन्य कारोबार के लिए 10 बीघा जमीन खरीदी है। 57 लाख रुपये प्रति बीघा के मुताबिक मैंने बैनामा कराया। जबकि एयरपोर्ट बनने से पहले इस जमीन की कीमत महज 18 लाख रुपये बीघा थी।

### एएआई से लेनी होगी निर्माण की एनओसी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अगर कोई व्यक्ति हवाई अड्डे के पास जमीन पर कुछ निर्माण करना चाहता है तो उसे एएआई से एनओसी लेनी होगी। विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रबंधक श्याम सुंदर महला ने बताया कि हमने डीजीसीए से लाइसेंस लेने से पहले आसपास के क्षेत्र में कई निर्माण व टावर की ऊंचाई कम कराई है। क्योकि भविष्य में एयरपोर्ट का विस्तार होगा। ऐसे में जो लोग जमीन खरीदकर निर्माण करना चाहते हैं, उन्हें एक निश्चित ऊंचाई से अधिक के निर्माण के लिए एनओसी लेनी होगी। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों से संपर्क करना पड़ेगा।

### 50 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर है सर्किल रेट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव भदासना में हवाई अड्डे का निर्माण हुआ है। जिसके चलते एयरपोर्ट के चलते यहां जमीन के भाव बढ़ गए। भदासना क्षेत्र के क्षेत्रीय लेखपाल का कहना है कि यहां की भूमि का वर्तमान में सर्किल रेट 50 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर है।

### हवाई अड्डा शुरू होते ही बढ़ी जमीनों की कीमतें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामपुर रोड व भदासना समेत अन्य गांवों में जमीन खरीदने व बेचने का काम करने वाले कुछ प्रार्पटी डीलरों ने बताया कि हवाई अड्डा शुरू होते ही यहां जमीन के रेट एक दम आसमान पर पहुंच गए। जबकि इससे पहले पांच से 10 लाख रुपये बीघा तक जमीन की बिक्री होती थी। इसके अलावा जो जमीन हवाई अड्डे के पास है तो उसकी कीमत तो एक करोड़ रुपये बीघा तक पहुंच गई है।

# ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपये के भुगतान की फिर खुली फाइल, जांच के आदेश

## 2021 में हुआ था गलत तरीके से भुगतान, डीपीआरओ खंगाल रहे पुराने अभिलेख

- सेवानिवृत्त अधिकारियों के फंड से लेकर अन्य भुगतान पर लगी रोक
- 13 पंचायत सचिव आरोप सिद्ध होने पर हो चुके हैं सस्पेंड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** वर्ष 2021 में चार महीने के प्रशासक काल में करोड़ों के भुगतान के मामले में हुई धांधली को लेकर निदेशक पंचायती राज ने जिलाधिकारी से दोबारा जांच कर रिपोर्ट मांगी है। उस समय प्रधान के स्थान पर एडीओ पंचायत प्रशासक बनाए गए थे। उस दौरान 20 दिन में अनाधिकृत रूप से दो विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में विकास कार्य के हुए करोड़ों के भुगतान के मामले ने दोबारा तूल पकड़ लिया है। अब जिला पंचायत राज अधिकारी ने इस मामले को लेकर पुराने अभिलेख खंगालने शुरू कर दिए हैं। हालांकि मामले में फंसे कुछ विकास खंड के एडीओ पंचायत और सचिवों के खिलाफ उस वक्त शासन से भी जांच कराई थी। जिसमें 10 से 15 अधिकारी कार्रवाई के घेरे में आए थे।

मुरादाबाद के ब्लॉक कुंदरकी और मूंढापांडे में 2021 में विकास कार्य के लिए किए गए करोड़ों रुपये के भुगतान के मामले ने दोबारा तूल पकड़ लिया। किए गए भुगतान के बिल वाउचर की पुष्टि न होने पर शासन ने मामले की दोबारा जांच के लिए जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह को निर्देश दिए हैं। जिसको लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा गलत तरीके से अहरण की गई धनराशि के बिल वाउचर व अन्य अभिलेख खंगाल रहे है। उन्होंने बताया कि मामला पुराना है। शासन ने प्रदेश स्तर पर की गई शिकायत पर संज्ञान लेते हुए दोबारा जांच बैठाई है। उन्होंने बताया कि प्रशासक काल में हुए भुगतान को लेकर डीएम स्तर से कराई जा रही है। पंचायती राज विभाग के दो विकासखंड कुंदरकी और मूंढापांडे में 2021 में प्रधानी के चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता से लेकर शपथ लेने तक के चार महीने का शासन काल लागू हो गया था।

जिसमें प्रधानों के स्थान पर कुंदरकी ब्लॉक में एडीओ पंचायत दुर्जेंद्र सिंह और मूंढापांडे में चंद्रपाल सिंह ने बतौर प्रशासक कई ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का 5 मई से लेकर 25 मई तक करोड़ों रुपये का भुगतान किया था। विकास कार्य के भुगतान में लगे अभिलेखों की पुष्टि न होने पर धांधली करने के आरोप में शासन स्तर दो एडीओ पंचायत समेत 13 सचिवों की शासन स्तर से जांच कराई गई थी। जिसमें एसडीओ समेत 13 सचिवों पर आरोप सिद्ध होने पर एडीओ पंचायत और सचिवों को सस्पेंड किया गया था।

जिसकी दोबारा जांच की जा रही है। जिसके लिए पुराने अभिलेखों को खंगाला जा रहा है। हालांकि निदेशक पंचायत राज अटल राव ने दोबारा जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले में कुछ सचिव व एक एडीओ पंचायत रिटायर हो चुके हैं। उनके रिटायरमेंट के बाद होने वाले भुगतान से संबंधित सभी कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

### जांच में खुलेगी अन्य कर्मचारियों की पोल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ग्राम प्रधानों के स्थान पर प्रशासक बने एडीओ पंचायत के द्वारा किए गए भुगतान का मामला दोबारा खोले जाने में विभाग के कई अन्य कर्मचारियों की पोल खुलना तय माना जा रहा है। मामले में फंसे एडीओ पंचायत व पंचायत सचिव भी अब बचने का रास्ता खोजने में लगे है। तो कुछ न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि मौजूदा वक्त पंचायत राज अधिकारी का नजरिया मामले में फंसे एडीओ पंचायत और सचिव के प्रति नरम मालूम पड़ रहा है। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार पुराने रिकॉर्ड खंगाले जा रहे है। इसमें कुछ कर्मचारी भी अभिलेखों को दुरुस्त करने में जुटे हैं। कुछ न्यायालय की शरण में पहुंचे सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मामले में निदेशालय ने मामले को जिला पंचायत राज अधिकारी पर छोड़ दिया है।

### स्पेयर पार्ट्स का कारोबारी बताकर 1.82 लाख ठगे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिल्ली के युवक ने स्पेयर पार्ट्स का थोक विक्रेता बताकर व्यापारी से 1.82 लाख रुपये ठग लिए हैं।

यह मामला मैनाठेर थाना क्षेत्र अल्लाहपुर भीकन निवासी गुलाम रब्बानी का है। उन्होंने बताया कि उनकी डींगरपुर में वाहन स्पेयर पार्ट्स की दुकान है। उनकी दुकान पर अगस्त 2023 में रविंद्र पुत्र सुंदर आया था। वह अपने को स्पेयर पार्ट्स का थोक विक्रेता बता रहा था। आरोपी रविंद्र दिल्ली में थाना उल्ला सराय के शास्त्री नगर में ए-582/3 का निवासी है। गुलाम रब्बानी ने बताया कि आरोपी ने अपने माल की मुरादाबाद जिले में बिक्री करने की उनसे डील की थी। जिसके तहत उन्होंने स्पेयर पार्ट्स मंगाने के लिए रविंद्र को 12 अगस्त को 40,000 रुपये और 16 अगस्त को 50,000 रुपये रविंद्र के खाते में भेजे थे। इस तरह पीड़ित ने आरोपी को कुल 1.82 लाख रुपये उसके खाते में उपलब्ध करा दिए थे। लेकिन, आरोपी ने आज तक उन्हें स्पेयर पार्ट्स नहीं उपलब्ध कराए हैं। कारण पूछने पर वह बहाने बनाने लगा था। फिर भी उसने जब सामान नहीं भेजा तो उन्होंने अपने रुपये वापस मांगे थे। इस पर आरोपी रुपये देने से इनकार करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# दिव्यांग बच्चे के कान से लूट ले गए कॉक्लियर इंप्लांट डिवाइस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मां के साथ ऑटो में बैठे छह वर्षीय बच्चे के कान से बाइक सवार दो लोग कॉक्लियर इंप्लांट डिवाइस लूट ले गए। ये घटना मंगलवार को नगर कोतवाली क्षेत्र में दोपहर करीब 12 बजे हुई। लूटी गई डिवाइस कॉक्लियर इंप्लांट की कीमत 5-6 लाख रुपये बताई जा रही है। लुटेरों की पहचान करने को पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

पीड़िता कुसुमलता के मुताबिक, वह कटघर थाना क्षेत्र के कमला विहार पीतलनगरी में रहती हैं। उनके पति नकुल सिंह अधिवक्ता हैं। उनका छोटा बेटा राघव राजपूत जन्म से सुन नहीं पा रहा है। वह बोल भी नहीं पाता है। बेटे को लेकर वह टीएमयू में उसकी स्पीच थेरेपी की क्लास कराने जा रही थीं। सुबह 11.45 बजे वह पीतलनगरी से ऑटो में सवार हुई थीं। बेटा बाहर की ओर ऑटो पर बैठा था। ऑटो जब कोतवाली क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के गेट नंबर-दो के पास पहुंचा। उसी दौरान बाइक पर सवार दो लोगों ने झपट्टा मारकर राघव के कान में लगी कॉक्लियर इंप्लांट डिवाइस छीन ली और तेज रफ्तार में बाइक से भाग गए। इसके बाद वह (कुसुमलता) ऑटो से बेटे को लेकर उतर गई थीं। पहले उन्होंने इंपीरियल तिराहे के पुलिस बूथ पर घटना की जानकारी दी। फिर कोतवाली पहुंच कर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को बताया। कुसुमलता ने बाइक सवार दोनों अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उषा मलिक ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे के फुटेज जांच रहे हैं। एक फुटेज में महिला बच्चे के साथ खड़ी दिख रही है। अन्य किसी फुटेज में अब तक कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। फुटेज की मदद से जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### एडीआईपी योजना में लगी थी डिवाइस

कुसुमलता ने बताया कि अगस्त 2023 में उनके बेटे को दिल्ली रोड पाकबड़ा स्थित टीएमयू अस्पताल में उसकी कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी की गई थी। इसमें उसके कान में कॉक्लियर इंप्लांट डिवाइस लगाई गई थी। सर्जरी के बाद भी बच्चे को निश्चित समय पर टीएमयू में थेरेपी दी जाती है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पीच एंड हियरिंग डिसेबिलिटीज की एडीआईपी (विकलांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण और उपकरण की खरीद/फिटिंग के लिए सहायता) योजना के तहत उनके बेटे की सर्जरी हुई थी।

# स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

- कई दिन से 40 और 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा तापमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मई व जून आने से पहले ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। इन दिनों बढ़ती गर्मी के कारण तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लू का अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं चिकित्सकों का कहना है कि ऐसे मौसम में ज्यादा मात्रा में पानी पिये और धूप में खुद को ढककर बाहर निकले। वहीं जिला अस्पताल में लू वार्ड भी बना दिया गया है।

बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से लू का अलर्ट जारी किया गया है। जिसके चलते चिकित्सक मरीजों को सूती और ढीले कपड़े पहनने की सलाह दे रहे है।

> मई व जून के पहले ही लू के लक्षण जैसे सिरदर्द, तेज बुखार, कमजोरी, मुंह का सूखना, पेशाब कम आना, भूख न लगना दिखने लगे है। ऐसे लक्षण होने पर नजदीक के स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार कराएं। ऐसे मरीजों के लिए जिला अस्पताल में भी एक वार्ड लू के मरीजों के लिए तैयार कराया जा चुका है।
> -**डॉ. कुलदीप सिंह,** मुख्य चिकित्सा अधिकारी

इसके साथ ही सुपाच्य और ताजा घर का बना खाने पर जोर दिया जा रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि घर से बाहर निकलने वाले अब अपने मुंह और कान ढककर बाहर निकलें। पूरे बाजू के कपड़े पहनें। खूब पानी पीएं। पिछले कई दिनों से तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। जिससे हवाओं के गर्म थपेड़े लग रहे है। मौसम में बदलाव का असर बच्चों पर सबसे अधिक हो रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि कूलर, एसी से निकलकर सीधे धूप में बिल्कुल न जाएं। पहले एसी बंद करें या कूलर से कुछ देर के लिए दूर रहें। जब शरीर का तापमान बाहरी तापमान के समान हो जाए तभी बाहर निकलें। यह फार्मूला बच्चों पर खास तौर पर लागू करें। क्योंकि एसी या कूलर में रहने के बाद तुरंत बाहर निकलने से बड़ी समस्या होती है। जिससे सर्दी, जुकाम और बुखार आदि की संभावना अधिक है। मौजूदा समय में निजी अस्पताल व जिला अस्पताल में डायरिया, बुखार, जुकाम के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में 250 ने लिया हिस्सा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मंगलवार को जिला आर्म रेसलिंग संघ की ओर से आयोजित प्रथम जिला आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस मौके पर सेंट फोर्ड स्कूल के प्रधानाचार्य अमित कुमार राजपूत व उत्तर प्रदेश आर्म रेसलिंग के सह सचिव धर्म देव सिंह भाटी शामिल रहे।

आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में लगभग 19 विद्यालयों से 250 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। 16 वर्ष में 45 किलोग्राम में फरहान प्रथम और लक्ष्य द्वितीय स्थान पर रहे। 50 किलोग्राम में यश प्रथम और शौर्य द्वितीय स्थान पर रहे। इस दौरान निर्णायक मंडल में धर्मदेव सिंह भाटी, रोहित कुमार, विकास चौधरी, ऋषि, सचिन, नैनवाल रहे।

# पुलिस लाइन में चलते मिले इंडक्शन चूल्हे

- बिजली विभाग की स्वीकृत क्षमता से अधिक बिजली खपत पर सीओ पुलिस लाइन ने कराई चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हमेशा से नियमों का पालन करने और कराने वाले पुलिस विभाग के आला अधिकारियों ने पुलिस लाइन में स्वीकृत क्षमता से अधिक बिजली इस्तेमाल करने की बिजली विभाग की शिकायत पर पुलिस में चेकिंग की। चेकिंग के दौरान सीओ लाइन ने पुलिस कर्मियों के आवास में चेकिंग कराके घरों में चल रहे 200 इंडक्शन चूल्हे और हीटर पकड़ लिए। जिनको बंद कराया गया है। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार स्वीकृत क्षमता से अधिक खपत की जा रही बिजली का लोड कम हुआ है।

पुलिस लाइन में लगभग 400 पुलिस कर्मियों के परिवार रहते है। जो कि गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली कटौती की समस्या से परेशान हो रहे थे। बिजली विभाग के अनुसार पुलिस लाइन क्षमता से अधिक बिजली की खपत हो रही थी। मामला सीओ लाइन के अमरेंद्र सिंह के संज्ञान में आया उन्होंने पहले पुलिस लाइन में अनाउंसमेंट कराया की बिजली का केवल पंखे कूलर ऐसी और रोशनी के लिए इस्तेमाल करें। रसोई उपकरणों का उपयोग कर बिजली की खपत न करें। लेकिन इसका किसी पर असर नहीं हुआ। उन्होंने सोमवार की शाम को आवासों में चेकिंग कराई जिसमें 200 के लगभग इंडक्शन चूल्हे और हीटर चलते पाए। जिससे बंद कराया गया। एसडीओ दौलत बाग विद्युत उपकेंद्र के अनुसार पुलिस लाइन के लिए 450 किलो वाट का भार स्वीकृत है। जिसके लिए पुलिस लाइन के बाहर 650 केवी का ट्रांसफार्मर भी रखा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही पुलिस लाइन में बिजली खपत स्वीकृत भार से दो गुना हो गई। जिससे पुलिस लाइन में बिजली के उपकरणों में फाल्ट होने शुरू हो गए। इसके साथ बिजली कटौती की समस्या पिछले एक महीने बढ़ गई। पुलिस लाइन से कई बार बिजली विभाग में इसकी शिकायत भी की गई। वहीं बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता ने इसकी वजह जानने के बिजली कर्मचारियों से पुलिस लाइन का लोड भी चेक कराया। जिसमें अधिक खपत होने की बात सामने आई थी। उनके अनुसार अब पुलिस लाइन को लोड कम है।

### एसएस रॉयल चैलेंजर्स की टीम ने जीता मैच

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** एमपीएस क्रिकेट मैदान में चल रहे मिनी आईपीएल लीग में मंगलवार को एसएस रॉयल चैलेंजर्स व कृष्णा बुल्स के बीच मैच खेल गया। एसएस रॉयल चैलेंजर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवरों में 302 रन बनाए। जिसमें अभिनव शुक्ला ने 83 और अर्शील ने 45 रन बनाए। जबकि कृष्णा बुल्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए रजस ने चार विकेट लिए। जिसके बाद कृष्णा बुल्स ने बल्लेबाजी करते हुए 16.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर मात्र 56 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच का राजीव चौहान और गेम चेंजर अभिनव शुक्ला के नाम रहा। इस मौके पर मिर्जा दानिश आलम, सुशील, निहाल, यश शुक्ला, विपुल व सलीम अहमद शामिल रहे।




कैनन कंपनी की ओर से फोटो कापी मशीन का डेमो देते कंपनी के प्रतिनिधि व अन्य।

# कैनन कंपनी की ओर से दिया गया मशीन का डेमो

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** साईं इन्फोसिस मुरादाबाद सेंटर पर मंगलवार को कैनन कंपनी के प्रतिनिधियों के द्वारा फोटो कापी मशीन का डेमो दिया गया। इसमें रंगीन व ब्लैक एंड ह्वाइट फोटो कापी मशीन से प्रिंट निकाल कर दिखाया गया। आज के दिन सात फोटो स्टेट मशीन की एडवांस बुकिंग भी हुई। इस दौरान देवाशीष शुक्ला, इंजीनियर देवेंद्र कुमार, विशाल गौरव और रोहित आदि ने सहयोग किया। आशीष शुक्ला ने बताया कि बुधवार को नंदन स्वीट्स दिल्ली रोड पर भी डेमो किया जाएगा।

**कार्रवाई** | एमडीए सचिव अंजूलता के नेतृत्व में अधिकारियों ने गागन नदी की जमीन का किया निरीक्षण

# गागन नदी पर अवैध कब्जे की पैमाइश करने पहुंची टीम

संवाददाता, पाकबड़ा



गागन नदी पर अवैध कब्जे की पैमाइश करने पहुंचीं प्राधिकरण की सचिव एवं बाढ़ खंड की टीम।

**अमृत विचार:** गागन नदी की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने को लेकर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, तहसील प्रशासन एवं बाढ़ खंड की टीम पैमाइश करने के लिए पहुंची। टीम को देखते ही एक्सपोर्टरों में हड़कंप मच गया। टीम ने पहुंचकर सारी जमीन की पैमाइश की।

शहर के विकास को लेकर जहां एक ओर मुरादाबाद में सुनियोजित तरीके से काम किया जा रहा है। तो वहीं दूसरी अवैध निर्माण पर भी रोक लगाई जा रही है। समय-समय पर अभियान चला कर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम बेहतर से बेहतर काम करने का प्रयास कर रही है। गागन नदी की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर लगातार लोहिया एक्सपोर्ट एवं दीवान एंड संस फर्म पर पर गागन नदी की जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया जा रहा है। इसको लेकर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा तहसील प्रशासन की टीम और बाढ़ खंड विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से जांच की जा रही है। मंगलवार को प्राधिकरण की सचिव अंजूलता के नेतृत्व में प्राधिकरण के अधिकारियों ने एक बार फिर से गागन नदी की जमीन का निरीक्षण किया। प्राधिकरण सचिव अंजूलता का कहना है की प्रकरण काफी पुराना है। काफी समय से मंथन किया जा रहा था। अब पूरी पैमाइश की जा रही है। गागन नदी की जमीन को अगर किसी ने कब्जे में लिया है तो उसको मुक्त कराया जाएगा। पहले निष्पक्ष जांच जरूरी है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उन तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




पाकबड़ा में हज प्रशिक्षण कैंप में मौजूद जायरीन व अन्य। ● अमृत विचार

# कैंप में 117 जायरीनों का टीकाकरण

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** हज प्रशिक्षण कैंप में 117 हज यात्रियों को टीका लगाया गया। जिला हज ट्रेनर काजी शम्मे आलम की देखरेख में कस्बे के शनिवार का बाजार स्थित मदरसा अब्दुल गफूर नईमी स्वास्थ्य विभाग टीम ने टीकाकरण किया और पोलियो ड्राप भी पिलाई गई।

हज ट्रेनर ने कहा कि सरकारी गाइडलाइन के मुताबिक जिस सामान को ले जाना मना है। उस सामान को लेकर न जाएं। जो लोग हार्ट या शुगर के मरीज हैं वह अपनी दवा और डॉक्टर के पेपर जरूर लेकर जाएं। हाजी नवाब शेरी ने एहराम बांधने का तरीका और हज के अरकान बताए। मुतवल्ली शाहनवाज ने मुल्क के लिए अमन और शांति की दुआ कराई गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद याकूब ने हज पर जा रहे सभी लोगों को मुबारकबाद दी। उन्होंने हज यात्रियों को ड्रॉप भी पिलाई। इस अवसर पर मुंशी लियाकत हुसैन, शाहनवाज, हाजी नासिर, हाजी गुड्डू, कमर अली, मोहम्मद हुसैन, रियाज भैया, मुअज्जम, हाजी शमसुद्दीन, अतीक अखलाक, अकरम अली आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### संग्रह अमीन राजवीर सिंह की हार्टअटैक से मौत



**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील में तैनात संग्रह अमीन राजवीर सिंह की मंगलवार की सुबह हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। इस दौरान तहसील में शोक सभा हुई। तहसील कर्मचारी उनके घर पहुंचे और अंतिम संस्कार में शामिल हुए। निकटवर्ती गांव अभनपुर के रहने वाले राजवीर सिंह मौजूदा समय में शांतिपूर्ण कॉलोनी में रहते हैं। सुबह तहसील जाने की तैयारी कर रहे थे और स्नान करने के लिए तैयार हो रहे थे। इसी बीच सीने में दर्द होने की शिकायत परिवार के लोगों को बताई ।आनन फानन में परिवार के लोग इलाज के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए । जहां ब्रेन हेमरेज भी हो गया और हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज से संग्रह अमीन राजवीर सिंह की मौत हो गई।

### चरस के साथ युवक गिरफ्तार, रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** पुलिस ने मंगलवार को दबिश देते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से पुलिस ने 365 ग्राम चरस बरामद की। एनडीपीएस एक्ट में रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि जलालपुर मोड़ से करीब 100 मीटर की दूरी पर जलालपुर की तरफ पक्की सड़क पर घेराबंदी करते हुए एक युवक को पकड़ा गया था ।जिसके पास से 365 ग्राम चरस बरामद हुई ।पकड़े गए युवक ने अपना नाम शाने आलम पुत्र तौला निवासी ग्राम बगरौआ, थाना कुन्दरकी बताया है ।

### दो पक्षों में मारपीट का वीडियो वायरल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** काशीपुर-मुरादाबाद मार्ग पर बाइक व ऑटो चालक की भिड़ंत हो गई ।कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई । वहीं मौके पर मौजूद राहगीरों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मोहल्ला कलेंडर वाली मस्जिद के पास अली हसन पुत्र इब्ले हसन निवासी उत्तराखंड, श्याम नगर निवासी अपने साथी यामीन के साथ ठाकुरद्वारा आ रहा था ।तभी कलेंडर वाली मस्जिद के पास पहुंचा तो सामने से मछली बाजार निवासी रईस पुत्र मोहम्मद शरीफ ऑटो लेकर आ रहा था ।ऑटो व बाइक सवार दोनों में भिड़ंत हो गई ।इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई ।

# शव दाह करते समय गिर सकता है क्षतिग्रस्त श्मशान घाट

## ग्रामवासियों को सता रहा डर, कडूला नदी के किनारे 6 वर्ष पूर्व बना था

संवाददाता, छजलैट



क्षतिग्रस्त श्मशान घाट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरकार द्वारा कांठ तहसील क्षेत्र में ग्रामीण स्तर पर श्मशान घाट बनाए गए थे, लेकिन वे कुछ समय बाद ही क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कम से कम श्मशान घाट तो पारदर्शिता के साथ बनवाने चाहिए थे। यदि सरकार द्वारा निहित धनराशि श्मशान घाट में लगाई जाती तो इनकी यह स्थिति नहीं हो सकती थी। ग्रामवासियों को डर सता रहा है कि किसी दिन कोई बड़ा हादसा शव दाह करते समय न हो जाए।

कांठ तहसील क्षेत्र के ग्राम मल्हपुर नजराना के तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य द्वारा श्मशान घाट कडूला नदी के किनारे पर लगभग 6 वर्ष पूर्व बनाया गया था । वर्तमान में वह क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कम से कम इस स्थान को बनाने में पारदर्शिता रखनी चाहिए थी। इस मुक्तिधाम को निर्धारित निधि द्वारा यदि बनाया जाता तो यह स्थिति नहीं हो सकती थी। ग्राम मल्हपुर के यशवीर सिंह ने बताया कि गांव में आसपास के नागरिक इस शमशान घाट में पार्थिव शरीर की मुक्ति करने से भी डर रहे हैं। कहीं ऐसा ना हो कि मुक्ति करने आए व्यक्ति इस श्मशान घाट में किसी घटना के शिकार न हो जाएं। ग्राम वासियों ने इस श्मशान घाट को पुनः पारदर्शिता के साथ बनवाने की मांग की है। मांग करने वालों में मास्टर महावीर सिंह ,वीरेंद्र सिंह मंत्री जी ,चेतराम, नेपाल सिंह, रणवीर सिंह ,अतुल कुमार, महेंद्र सिंह धर्मवीर सिंह हरवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# स्कॉर्पियो न मिलने पर महिला से मारपीट, पति सहित 7 पर रिपोर्ट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया

**अमृत विचार :** दहेज में स्कॉर्पियो कार की मांग पूरी न होने पर नवविवाहिता को पति व ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया । विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित सात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रमनावाला निवासी संदीप कौर पुत्री सर्वजीत सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरी में कहा कि मेरी शादी 26 फरवरी 2023 को जनपद बिजनौर , थाना अफजलगढ़ के गांव लड्डू वाला निवासी गुरजन्ट सिंह पुत्र गुरूदेव सिंह के साथ हुई थी। शादी के दौरान उसके पिता ने दहेज में घर गृहस्थी की हर जरूरत का सामान सामर्थ्य से अधिक दिया था। लेकिन उसका पति गुरजन्ट सिंह, ससुर गुरूदेव सिंह,सास सुखविंदर कौर , जेठ जसप्रीत सिंह ,जिठानी हरविंदर कौर, तहेरा ससुर गुरमुख सिंह पुत्र सन्ता सिंह, जस्सा सिंह पुत्र गुरुमुख सिंह शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे।

शादी के तुरंत बाद ही पति और ससुराल वालों ने दहेज में स्कॉर्पियो कार की मांग शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसे काफी मारा पीटा।

इसकी सूचना उसने अपने पिता को दी। जिस पर रिश्तेदारों की एक पंचायत भी बैठी। पंचायत की भनक लगते ही ससुराल वालों ने उसके पति को चुपचाप बैंगलोर भेज दिया। पंचायत के दौरान फोन पर भी बात करने से मना कर दिया । अब पता चला कि उन्होंने उसके पति को बैंगलोर न भेजकर उसे उत्तराखंड के रुद्रपुर लॉ कॉलेज भेज दिया । ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने तक उसे रखने से इनकार कर दिया।

# महिला सुपरवाइजर का रिश्वत लेते वीडियो हुआ वायरल

संवाददाता, डिलारी

- वीडियो बाल विकास परियोजना कार्यालय के अंदर का है

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ माफियाओं और भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दे रहे हैं और सख्ती बरतने की हिदायत दे रहे हैं , लेकिन इसके बावजूद डिलारी क्षेत्र में अधिकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे खुलेआम रिश्वत लेने से नहीं चूक रहे हैं। महिला बाल विकास की सुपरवाइजर का खुलेआम रिश्वत लेते वीडियो वायरल हो रहा है।

खुलेआम रिश्वतखोरी का ये वीडियो बाल विकास परियोजना कार्यालय के अंदर का है । आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं से वेतन डालने के एवज में रुपये मांग रही है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रही महिला कल्याण बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर अपने कार्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से वेतन डालने के एवज में कागज पर रुपये रखने का इशारा करती है । आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर्स से नोट निकालकर सुपरवाइजर को देती हैं। उसके बाद सुपरवाइजर उस कागज को मोड़कर जेब रखती हुई दिखाई दे रही हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है। इस संबंध में बाल विकास परियोजना अधिकारी सीमा सिन्हा से फोन पर बात की गई तो उनकी तरफ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। जिला कार्यक्रम अधिकारी अतिरिक्त प्रभार प्रीति सिंह ने बताया कि प्रकरण की जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्राथमिक शिक्षक संघ के रोहित बने जिला अध्यक्ष

संवाददाता, बिलारी



प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रोहित मिश्रा व अन्य पदाधिकारी।

- रविकांत गहलोत को जिला मंत्री बनाया गया

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बाजार स्थित बीआरसी केंद्र पर प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे के नेतृत्व वाले उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

मंगलवार को बीआरसी केंद्र पर आयोजित प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे का मनोनयन पत्र शिक्षकों के सामने रखा गया। जिसमें विकासखंड बिलारी के प्राथमिक विद्यालय उमराला के प्रधानाध्यापक रोहित कुमार मिश्रा को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा कूवरी मानक प्राथमिक विद्यालय के प्रधान अध्यापक रविकांत गहलोत को जिला मंत्री बनाया गया। इसके बाद शिक्षकों ने दोनों मनोनीत शिक्षकों को फूल माला पहनकर स्वागत किया। इस दौरान शाखा बिलारी का गठन करते हुए मलपुर जनू के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्यपाल सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। जबकि श्याम पुर भूडी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक चरित्र कुमार को ब्लॉक मंत्री के पद पर जिला अध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा ने मनोनीत किया। शिक्षकों ने अनेकों समस्याएं नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष के सामने रखीं, जिनका समाधान का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में पपीन चौधरी, हिंदवीर सिंह, देवेंद्र मलिक, अवनीश कुमार, रवि यादव ,राहुल सैनी, अनिल सिंह, बलजीत सिंह, मनीष शर्मा, हरि नारायण शर्मा, अजरा शाहीन, खदीजा बेगम, सरिता सिंह के अलावा शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



लाइब्रेरी का उद्घाटन करते ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश। ● अमृत विचार

# तहसील बार एसोसिएशन लाइब्रेरी का न्यायाधीश ने किया उद्घाटन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन कांठ में न्यायालय ग्राम न्यायाधीश ने एसोसिएशन की लाइब्रेरी का शुभारंभ फीता काटकर किया।

तहसील बार एसोसिएशन कांठ में लाइब्रेरी की आवश्यकता थी, जिसका निर्माण कुछ समय पूर्व हुआ है। एसडीएम विनय कुमार सिंह एवं अधिवक्ताओं की मौजूदगी में न्यायिक ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश ने लाइब्रेरी का फीता काटकर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी में मौजूद पाठ्य सामग्री से ज्ञान के अर्जन में काफी लाभ होता है। अधिवक्ता लंच में समय का भी सदुपयोग कर सकेंगे। क्षेत्र के अधिवक्ताओं से कहा कि ग्रामीण यहां न्याय के लिए आते हैं। अधिवक्ताओं को चाहिए कि वादकारियों से मधुर व्यवहार रखें।

## सीएचसी में किए गए 13 के नसबन्दी ऑपरेशन

**कांठ , अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में 12 महिलाओं एवं एक पुरुष के नसबंदी ऑपरेशन किए गए।

मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रस्तावित नसबंदी शिविर में 18 महिलाओं व पुरुषों ने नसबंदी के लिए रजिस्ट्रेशन कराए थे जिसमें जांच के उपरांत 6 रजिस्ट्रेशन रिजेक्ट किए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को 12 महिलाएं एवं एक पुरुष के सफल नसबंदी ऑपरेशन किए गए। इस दौरान महिलाओं व पुरुषों को नसबंदी के बाद बरतने वाले टिप्स दिए गए। नसबंदी के बाद पोषक तत्वों का सेवन करने एवं घर में स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर डॉ. रविन्द्र कुमार सिंह, भगवान सिंह (एचएस), सीपी थपियाल (फार्मासिस्ट), आयशा, राजीव सिंह, रजनी आदि का सहयोग रहा।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने किए कैंप लगा कर 45 नए पंजीकरण

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- तीन बडे.पंजीयन और 25 दुकानदारों का नवीनीकरण किया

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा नगर के गंज बाजार स्थित राजीव मार्केट में पंजीयन कैंप लगाकर खाद्य पदार्थ बेचने वाले व्यापारियों के नए लाइसेंस बनाए एवं पुराने लाइसेंसों का नवीनीकरण किया ।

मंगलवार को मंडल के सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देशन में व्यापार मंडल ठाकुरद्वारा के सौजन्य से कैम्प लगाया गया । इसमें विभाग के वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अधिकारी मुकेश कुमार, जगदंबिका प्रसाद, वीरेश पाल सिंह , ज्योत्सना त्रिपाठी ने कैंप के दौरान 11दुकानदारों के नए आवेदन स्वीकृत किए। 45 दुकानदारों के नए पंजीकरण किए। वहीं तीन बड़े लाइसेंस भी जारी किए । 196 कारोबारियों के लाइसेंस जारी किए गए । उन्होंने बताया कि अभी लाइसेंस सरकारी फीस पर बनाए गए हैं। जो दुकानदार अभी तक अपने लाइसेंस नहीं बनवा पाए हैं, वे अपने लाइसेंस शीघ्र बनवा लें। अन्यथा पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी । साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नगर में भ्रमण कर खाद्य सामग्री बेचने वाले हाथ ठेला फल विक्रेताओं को चेतावनी दी। साथ ही अन्य दुकानदारों को भी कड़ी चेतावनी दी कि कोई भी खुला सामान न बेचें। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल ,अनिल अग्रवाल, मोहित सिंघल ,कुशाग्र सिंघल ,अंकुश कुमार ,अनुज कुमार ,आशुतोष अग्रवाल, राजकुमार, पंकज सिंह, कन्हैयालाल आदि रहे।

## भारत विकास परिषद के नए सदस्यों ने लिया संकल्प

**कांठ, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद ने सदस्यता अभियान के अंतर्गत एक दर्जन से ज्यादा लोगों को संगठन का सदस्य बनाया। परिषद ने शीघ्र ही अधिष्ठापन समारोह आयोजित करने का निर्णय किया है।

शाखा कांठ का वर्ष 2024 के लिए सदस्यता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को संगठन के पदाधिकारियों ने क्षेत्र भ्रमण किया। इसमें समाज के लिए समर्पित लोगों के घर-घर जाकर भारत विकास परिषद की नीतियों से अवगत कराया। उनको परिषद की सदस्यता ग्रहण कराई। जिन लोगों को सदस्य बनाया गया उनमें सचिन उर्फ बंटी चौहान, महेश चंद गुप्ता, शैलेश गुप्ता, दीपक विश्नोई एडवोकेट हैं। परिषद की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों ने समाज की संस्कार, समर्पण के साथ सेवा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश विश्नोई सहित अनेक सदस्य आदि शामिल रहे।

**आयोजन** हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया

# मेधावियों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, डिलारी



सम्मान समारोह में शील्ड लिए मेधावी और अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंगलवार को एमएल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनपुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद और तहसील स्तर पर हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक कुलदीप कुमार यादव ने की। मुख्य अतिथि भाजपा नेता अजय प्रताप रहे। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ हुई। हाई स्कूल में कुमारी अर्शी ने 91.6%, अमृता सिंह ने 91.16%, याचिका ने 91.33 प्रतिशत, कुमारी शगुन ने 95.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में आठवां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रीत चौधरी ने 82.4 प्रतिशत, दीपांशु पाल ने 81 , 4% अंक प्राप्त कर तहसील में स्थान प्राप्त किया। इसके उपलक्ष्य में मंगलवार को विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथियों ने सभी होनहार छात्र-छात्राओं को शील्ड भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के डायरेक्टर सुनील कुमार यादव ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। जनपद स्तर पर विद्यालय का आठवें नंबर पर स्थान आने पर सभी शिक्षकों का उत्साह वर्धन कर शुक्रिया अदा किया। पिछले वर्ष भी दो छात्रों ने जनपद में दसवां स्थान लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख ठाकुरद्वारा के पति वीर सिंह, सचिन कुमार राणा, नरेंद्र पाल सिंह, शिवनाथ सिंह, संजय राजपूत, सतीश कुमार, रोहिताश सिंह, प्रदीप कुमार ,राजेंद्र सिंह, बाबू सिंह आदि मौजूद रहे।

## बिलारी के लेखपाल का मोबाइल किया हैक

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर की तहसील में तैनात एक लेखपाल का मोबाइल हैक कर लिया गया। मंगलवार को कस्बे में तैनात लेखपाल मनीष कुमार जो कि मुरादाबाद के बुद्धि विहार में रहते हैं।

बीते दिन उनके मोबाइल को हैकर ने हैक कर लिया। फिर उसने व्हाट्सएप चैटिंग के जरिए मौजूद नंबरों पर कॉल व चैट करने के बाद, उनसे रकम की डिमांड की जाने लगी। इसके साथ ही हैकर ने लेखपाल मनीष कुमार व उनकी पत्नी की डीपी नंबर पर लगा दी। जिसकी वजह से लोगों ने बात करनी शुरू कर दी। दो लोगों ने तो 5000 की रकम भी मोबाइल पर ट्रांसफर कर दी। जिसके बारे में जब लेखपाल मनीष कुमार को कॉल करके पूछा गया तो उन्हें जानकारी हुई। तुरंत उन्होंने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई । पुलिस ने पूरे मामले में जांच शुरू कर दी है।



मतदाता अभियान के अंतर्गत शपथ लेते शिक्षक एवं शिक्षिका। ● अमृत विचार

# शत प्रतिशत मतदान की शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने ली शपथ

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योडारा में शत प्रतिशत मतदान को लेकर शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने शपथ ली।

मंगलवार को स्वीट कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता अभियान चलाया गया । जिसमें सभी से संपर्क कर आने वाली 7 मई को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसमें स्कूल की शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने शपथ ली। इस दौरान कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ,मनमोहन कौशिक, बलवंत सिह ने संयुक्त रूप से मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान कार्यक्रम में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य ने की।

## सार संक्षेप

### बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

**कांठ, अमृत विचार :** दिन-रात बिजली आपूर्ति में बार-बार हो रही ट्रिपिंग के कारण उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने कटौती मुक्त बिजली आपूर्ति देने की मांग की है। जैसे जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे बिजली आपूर्ति भी घटती जा रही है। कांठ तहसील मुख्यालय के अंतर्गत कांठ सलेमपुर,भीकनपुर, रसूलपुर गुर्जर सहित कई बिजली उपकेंद्र आते हैं, लेकिन बिजली उपकन्द्रों से जुड़े उपभोक्ताओं को निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। लगातार दिन-रात की कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि नगर में पुराने पंच केबिल हटाकर नए पंच केविल डालने का कार्य चल रहा है। कार्य के समय विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है। जल्द ही कार्य को पूरा कर लिया जाएगा,और क्षेत्रवासियों को कटौती मुक्त बिजली आपूर्ति दी जाएगी।



छात्र के साथ उसके परिजन व गुरु। ● अमृत विचार

### नगर के छात्र शौर्य प्रताप का हुआ नवोदय में प्रवेश

**कांठ , अमृत विचार :** नगर के विद्यार्थी शौर्य प्रताप सिंह पुत्र राजीव प्रताप सिंह का प्रवेश नवोदय में हो गया है। बता दें कि शौर्य बचपन से ही बहुत एक्टिव विद्यार्थी रहा हैं । उसने कक्षा केंद्र पर कक्षा 5 में वर्णम बैच को ज्वाइन किया था ।जिसमें विद्यार्थियों को कक्षा 5 में प्रवेश लेने के लिए विभिन्न सरकारी विद्यालयों जैसे सैनिक स्कूल, नवोदय स्कूल, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, केंद्रीय विद्यालय आदि स्कूलों के एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कराई जाती हैं। शौर्य ने सैनिक स्कूल और नवोदय स्कूल दोनों की ही परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी , परंतु उसने नवोदय में प्रवेश लेने की इच्छा जाहिर की। शौर्य के पिता महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में अंग्रेजी विषय के अध्यापक हैं। संस्थान के डायरेक्टर रजत प्रभाकर ने परिवार को शुभकामनाएं दीं ।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव के मद्देनजर किया जनसंपर्क

**कांठ , अमृत विचार :** भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के मद्देनजर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा आधा दर्जन ग्रामों में भ्रमण कर जनसंपर्क किया गया। मंगलवार को ग्राम खिचड़ी, विलायतनगर, डेहरा आदि में भगवान परशुराम जन्मोत्सव से संबंधित समस्त कार्यक्रमों के लिए ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ, युवा, बच्चे और गणमान्य लोगों से संपर्क किया गया। यहां समाज के लोगों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष भावेश शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा 10 मई को प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी परंपरागत ढंग से निकाली जाएगी। 8 मई से ही विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। इस अवसर पर लालता प्रसाद शर्मा, बाला दत्त शर्मा ,दया शंकर शास्त्री, वैभव शर्मा, आशुतोष शर्मा, उमेश शर्मा, रमेश शर्मा, दिनेश शर्मा, हरिओम शर्मा, अंकुर शर्मा आदि बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### बेबसाइट बंद होने से किसानों में रोष

**कांठ, अमृत विचार :** खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा गेहूं खरीद करने के लिए कांठ मंडी समिति सहित रायपुर खुर्द एवं अन्य स्थानों पर कई गेहूं खरीद केंद्र लगाए गए हैं। लेकिन पंजीकरण की वेबसाइट बंद होने के कारण किसानों के पंजीकरण नहीं हो पा रहे हैं और किसान गेहूं की बिक्री सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर नहीं कर पा रहे हैं। इसको लेकर किसानों में रोष व्याप्त है और उन्होंने विभागीय अधिकारियों से शिकायत कर वेबसाइट चालू कराने की मांग की है। कांठ में किसान नवनीत कुमार, इरशाद अहमद, सतवीर सिंह, हरपाल सिंह, प्रीतम सिंह, हरि सिंह आदि किसान जन सेवा केंद्र पर गेहूं पंजीकरण कराने के लिए पहुंचे तो वहां पर विभाग की वेबसाइट बंद मिली। किसानों ने गेहूं बेचने के लिए जब विभाग के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने बताया कि पंजीकरण करने के बाद ही गेहूं खरीदा जाएगा। विभाग की वेबसाइट बंद होने को लेकर किसानों में रोष व्याप्त है। किसानों ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत कर वेबसाइट चालू कराने की मांग की है।

### धोखाधड़ी कर जमीन पर कब्जाने में पति-पत्नी गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** धोखाधड़ी कर बैनामा करवाने, अवैध कब्जा करने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने के मामले में थाना कांठ पुलिस ने पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता पुलिसकर्मी वंदना निवासी ग्राम महमूदपुर माफी , थाना कांठ ने थाने में तहरीर देकर कुछ लोगों पर धोखाधड़ी से बैनामा कर उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर थाना कांठ पुलिस ने संबंधित लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। मंगलवार को थाना कांठ पुलिस के उपनिरीक्षक विपिन कुमार ने कांस्टेबल राजीव कुमार एवं महिला कांस्टेबल ज्योति के साथ आरोपी बलवंत पुत्र शौराज एवं उसकी पत्नी किरणवाला निवासीगण मौहल्ला फकीरगंज थाना कांठ को संपत्ति की धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



दिवंगत सर्वेश सिंह के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित करते लोक निर्माण विभाग के मंत्री।

### लोक निर्माण मंत्री ने दिवंगत सर्वेश सिंह को दी श्रद्धांजलि

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उत्तरप्रदेश के लोक निर्माण विभाग कैबिनेट मंत्री जतिन प्रसाद ने रतुपुरा पहुंच कर दिवंगत भाजपा प्रत्याशी व पूर्व सांसद सर्वेश सिंह के आवास कर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी ।उनके चित्र पर पुष्पमाला अर्पित की ।उनके साथ बरेली जोन प्रभारी सुरेश राणा भी रतुपुरा महल में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही परिजनों से मिले। इस दौरान बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत सिंह सहित शहर विधायक रितेश गुप्ता, नरेश पाल, चन्द्र पाल सिंह और नवीन शर्मा मौजूद रहे।

### तमंचे सहित एक युवक गिरफ्तार

**कुंदरकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा बताया गया कि मुखबिर खास के द्वारा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक तमंचे के साथ घूम रहा है ।वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान भूरे की कैंटीन, कस्बा कुन्दरकी के पास मो. वसीम पुत्र जुल्फिकार हुसैन निवासी बाकीपुर जटनी, थाना कुन्दरकी को गिरफ्तार कर लिया । पकड़े गए युवक के पास से तलाशी के दौरान एक तमंचा और 2 कारतूस बरामद हुए। इसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### प्राथमिक विद्यालय में किया समर कैंप का आयोजन



समर कैम्प में फूल आदि बनाने के बाद बच्चे। ● अमृत विचार

**कांठ, अमृत विचार :** नगर पंचायत कांठ के प्राथमिक विद्यालय माननगर में समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें नौनिहालों ने रंग बिरंगे कागजों पर विभिन्न प्रकार के फूल बनाकर मन मोह लिया ।प्राथमिक विद्यालय मान नगर की प्रधानाचार्य भुवनेश कुमारी द्वारा विद्यालय में आयोजित किये जा रहे समर कैंप में नौनिहालों द्वारा क्राफ्ट गतिविधि के अंतर्गत रंग-बिरंगे कागजों से सुंदर व आकर्षक विभिन्न प्रकार के फूल बनाए गए। प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय में नई पहल के अंतर्गत विद्यालय में बच्चों के नामांकन करने व बच्चों में ठहराव को बढ़ावा देने के लिए भिन्न-भिन्न गतिविधियां समय-समय पर कराई जाती हैं।

## एक नजर

### हाईवे पर वाहन की टक्कर से युवक घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक घायल हो गया। क्षेत्र के गांव बिजौरा निवासी प्रकाश सोमवार देर रात मंडी धनौरा मार्ग स्थित एक ईंट के भट्टे पर काम करके साइकिल से घर वापस लौट रहा था। दिल्ली-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गजरौला स्थित एक फैक्ट्री के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने हालात गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दबंगों ने चाचा-भतीजे को पीटा, छह पर रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला,अमृत विचार :** दबंगों ने बाइक सवार चाचा-भतीजे को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के गांव टोकरा पट्टी निवासी शहादत व मोईनुल अतीक में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा है। 25 अप्रैल को शहादत दवा लेकर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में मोईनुल अतीक ने अपने साथियों के साथ उसकी बाइक रोककर मारपीट कर दी। लोगों ने किसी तरह मामला शांत कराया। वहीं शाम को दुकान बंद कर शहादत अपने चाचा शाहबुद्दीन के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के बाहर मोईनुल ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी बाइक रोक ली और चाचा-भतीजे को मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में मोईनुल अतीक, हनीफ, उवैस, निजामुद्दीन, तौहीद व फुरकान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**हसनपुर, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव चकफेरी निवासी डालचंद पुत्र गिरधारी गांव भीमा ढीकरी में जल निगम के अंतर्गत लगाई जा रही टंकी फिटिंग में पेंट लेने के लिए शाहपुर कला आ रहा था। जैसी वह बाइक से करनखाल पहुंचा तो उसे गांव के बाहर दो व्यक्तियों ने रोक लिया और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपने साथियों को फोन पर सूचना दी। जिस पर जल निगम के संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और युवक को लेकर कोतवाली ले जाकर तहरीर दी।

# कार व ट्रैक्टर-ट्राली की भिड़ंत, युवक की मौत

## दुल्हन समेत चार घायल, 22 अप्रैल को हुई थी युवक की शादी, ससुराल से लौट रहा था घर

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में वैगनआर कार एवं ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्राली की आमने-सामने की भिड़ंत में युवक की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी समेत परिवार के पांच लोग घायल हो गए। मृतक युवक की शादी 22 अप्रैल को हुई थी। वह अपनी दुल्हन एवं परिवार के साथ देर रात ससुराल से लौट रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।



मृतक फैसल।



हसनपुर अस्पताल में घायल का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

हसनपुर नगर के मोहल्ला हिरन वाला निवासी 25 वर्षीय फैसल पुत्र मंसूर अली की शादी 22 अप्रैल को गढ़मुक्तेश्वर निवासी रुखसार के साथ हुई थी। परिवार में खुशियों का माहौल था। परिवार के लोग दुल्हन को लेकर उसके मायके गढ़मुक्तेश्वर चौथी की रस्म करने के लिए गए हुए थे। देर रात दूल्हा फैसल, दुल्हन रूखसार,दूल्हे के पिता मंसूर अली पुत्र मकसूद, मां हुस्नआरा, कार चालक अनवर पुत्र नफीस, भांजी अन्नों पुत्री आरिफ सभी वैगनआर कार घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार गजरौला- हसनपुर मार्ग पर हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में सिहाली जागीर के पास पहुंची, अचानक सामने से आ रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्राली से कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि फैसल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि कार में बैठी दुल्हन समेत अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। शादी की खुशियां मातम में बदल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहीं, मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया और मृतक के माता-पिता की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। एसएसआई शौकेन्द्र बालियान ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले में अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है।



दुर्घटना में घायल लोग एवं क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

### आठ दिन में ही उजड़ गई रुखसार की जिदंगी

**हसनपुर, अमृत विचार :** आठ दिन पहले ही लाल जोड़े में सजी दुल्हन रुखसार अपने मन में अपार खुशियों की सौगात लेकर हसनपुर अपनी ससुराल में आई। सपने थे कि अब पति के साथ नई जिदंगी की शुरुआत होगी, लेकिन उसे क्या पता था कि पति का प्यार सिर्फ आठ दिन ही मिल पाएगा। सोमवार की रात रुखसार अपने पति और अन्य सुसरालियों के साथ मायके से विदा होकर अपनी ससुराल आ रही थी, लेकिन रास्ते में ही काल के क्रूर हाथों ने रुखसार की हंसती खेलती जिदंगी को छीन लिया। अभी तो ठीक से उसके हाथों से मेंहदी भी नहीं छूटी थी और सड़क दुर्घटना में अपने हमसफर फैसल को खो दिया। पति की मौत से रुखसार का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं परिजनों में भी कोहराम मचा है। जिस घर में आठ दिन पहले खुशियां छाई थी, वहा आज मातम पसरा है।

# कार की टक्कर से पीआरवी क्षतिग्रस्त, बचे पुलिसकर्मी

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार आल्टो कार ने पीआरवी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गाड़ी में बैठे पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। इसके बाद पुलिसकर्मी की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

यह हादसा थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के रामहट चौराहे पर हुआ। 28 अप्रैल को अमरोहा थाना देहात की पीआरवी अपनी लोकेशन पर रामहट बैरियर पर खड़ी थी। इस दौरान हेड कांस्टेबल संजय सिंह व बृजेश कुमार ड्यूटी कर रहे थे। तभी मुरादाबाद की ओर से आ रही तेज रफ़्तार आल्टो कार ने पीआरवी में टक्कर मार दी। हादसे में पीआरवी में सवार पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। जबकि पीआरवी क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कार चालक नशे की हालत में था। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि हेड कांस्टेबल संजय सिंह की तहरीर पर कर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### हादसे में जीएसटी विभाग कर्मी की कार क्षतिग्रस्त

**अमरोहा, अमृत विचार :** हाईवे पर जीएसटी विभाग कर्मी की कार में वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी है। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के ढकिया चमन के पास हुआ। संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर निवासी मेहराब आलम जीएसटी विभाग में वरिष्ठ सहायक है। 28 अप्रैल को वह कार से डिडौली कोतवाली क्षेत्र से दवा लेकर लौट रहे थे। हाईवे पर गांव ढकिया चमन के पास तेज रफ्तार वाहन में उनकी कार को टक्कर मार दी। जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि वह खुद गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में नुकसान का मुआवजा मांगने पर आरोपी चालक उनके साथ अभद्र व्यवहार कर भाग निकला। फिर पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी।

# मकान में नकब लगाकर आभूषण व नगदी चोरी

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** चोरों ने घर में नकब लगाकर नकदी जेवर समेत करीब तीन लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर दे दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव शेरपुर का मामला है। गांव में आलमगीर पुत्र अहमद हसन का परिवार रहता है। पीड़ित ने बताया कि तीन सप्ताह पूर्व उसका बेटा ट्रैक्टर के नीचे दब गया था। जिसका मेरठ में इलाज चल रहा है। उसकी एक टांग की हड्डी टूट गई थी। उसके इलाज के लिए उधार पैसे लाकर घर में रखे थे। दिन में गेहूं काटने के बाद वह परिवार के साथ आंगन में सो गया। सुबह जागने पर देखा कि अलमारी खुली पड़ी देखी और मकान में नकाब लगा हुआ है।



मंडी धनौरा के गांव शेरपुर में दीवार में लगे नकब को दिखाता पीड़ित।

उन्होंने बताया कि सोमवार की रात चोरों ने सवा लाख रुपये नगद, सोने-चांदी के आभूषण समेत लगभग तीन लाख रुपये का माल साफ कर दिया। चौकी प्रभारी ने टीम के साथ ने मौके पर पहुंच कर जांच की। इस बाबत शेरपुर चौकी प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है जांच कर जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# विद्युत विभाग ने 15 लाख रुपये वसूले

**अमरोहा, अमृत विचार :** बिजली विभाग ने बकाएदार उपभोक्ताओं के खिलाफ वसूली अभियान शुरू किया है। इस अभियान के दौरान विद्युत टीम ने 55 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए और 15 लाख रुपये की वसूली की है।

विद्युत वितरण खंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि बकाएदार बिजली उपभोक्ताओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान मंगलवार को अहरोई और डबल लाइन बिजली क्षेत्र में कार्रवाई कर 55 बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए हैं। जीडी प्रजापति ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं से 15 लख रुपये की वसूली भी की गई है। जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं। उनको पहले विभाग द्वारा बिल जमा करने का नोटिस दिया गया था। लेकिन इसके उपरांत उन्होंने बिल जमा नहीं किया। अंत में विभाग को उनके खिलाफ कनेक्शन काटने की कार्रवाई करनी पड़ी है।

# फाल्ट होने के कारण 10 घंटे 50 घरों में रहा अंधेरा

संवाददाता, हसनपुर

**परेशानी**

- विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से घरों में रहा पेयजल का संकट
- शिकायत के बाद भी बिजली कर्मियों ने नहीं उठाए फोन

**अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ले के 50 घर लगभग 10 घंटे अंधेरे में रहे। उनके सामने पेयजल का संकट भी पैदा हो गया है। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का समाधान समय से न होने से लोगों में रोष है।

सोमवार की रात्रि लगभग 11 बजे अचानक खंबे में फाल्ट होने के कारण झंफर उड़ गया। जिसके कारण मोहल्ला कायस्थान के लगभग 50 घरों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई। उसके बाद उपभोक्ताओं द्वारा बिजली घर में फोन किया गया, लेकिन किसी भी कर्मचारी द्वारा फोन नहीं उठाया गया। उपभोक्ताओं को पूरी रात विद्युत आपूर्ति के बगैर ही गुजारनी पड़ी। मंगलवार की सुबह को लाइनमैन ने आकर खंभे पर से झंफर जोड़ा तो लगभग 9 बजे विद्युत आपूर्ति सुचारू हुई। लगभग 10 घंटे विद्युत आपूर्ति न मिलने के कारण 50 घरों में विद्युत उपकरण शोपीस बन गए। साथ ही उनके सामने पेयजल की भी समस्या उत्पन्न हो गई थी। व्यापारी नेता सचिन गुप्ता ने बताया कि विद्युत विभाग की निष्क्रियता के चलते लगभग 50 घर अंधेरे में रहे हैं। पूरी रात टेलीफोन करने के बाद भी किसी कर्मचारी ने विद्युत आपूर्ति सही करने की कोशिश नहीं की।

## सार संक्षेप




हसनपुर के शेखूपुर झकड़ी में छात्रा के साथ मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में छात्रा का चयन होने पर हर्ष

**हसनपुर, अमृत विचार :** संविलियन विद्यालय की छात्रा द्वारा राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा पास करने पर विद्यालय में खुशी है। विद्यालय स्टाफ द्वारा छात्रा का स्वागत कर उसे सम्मानित किया गया। तहसील क्षेत्र के संविलियन विद्यालय शेखूपुर झकड़ी की छात्रा नीतू पुत्री राजवीर सिंह का राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन होने पर विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा छात्रा व उनके अभिभावक का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया एवं मिठाई खिलाई। साथ ही छात्रा को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सुमन रानी, पीयूष पाणी, विनोद कुमार ,अशोक कुमार, कंचन त्यागी, सुभाष चंद्र, दानिश अब्दुल्ला, रिशु गुप्ता, किरन चौहान, सरोज शर्मा, कैलाश देवी, रेखा देवी, कमलेश, रामवीर आदि उपस्थित रहे।

### चोरी का खुलासा न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित शिव मंदिर से हुई चोरी का खुलासा न होने के कारण व्यापारी संगठनों में रोष व्याप्त है। व्यापारियों ने चोरी का जल्द खुलासा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। नगर में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि उन्हें पुलिस का बिल्कुल भी खौफ नहीं है। कस्बा पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में लगे सबमर्सिबल की मोटर, पाइप एवं केबल को शनिवार को चोरी कर लिया। पुलिस ने उस समय घटनास्थल का मौका मुआयना किया। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देखी गई। कोतवाली पुलिस द्वारा मंदिर के पुजारी प्रदीप शर्मा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। मंदिर में चोरी की घटना के 5 दिन बाद भी कोतवाली पुलिस द्वारा खुलासा न करने से व्यापारी एवं धार्मिक संगठनों के लोगों में रोष है। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता ने बताया कि पुलिस चौकी के सामने मंदिर की चोरी पुलिस के लिए चुनौती है। पांच दिन बाद भी चोरी का खुलासा न होना पुलिस की लापरवाही है। जल्द ही घटना का खुलासा नहीं हुआ तो व्यापारी आंदोलन को बाध्य होंगे। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह का कहना है कि मंदिर में हुई चोरी की घटना का जल्द अनावरण किया जाएगा।

### प्राथमिकता पर व्यापारियों को मिले शस्त्र लाइसेंस

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** मंगलवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के नगर अध्यक्ष श्याम गर्ग के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष गीतेश अग्रवाल ने व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस में वरीयता दिए जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि व्यापारियों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में उन्होंने कहा विधान परिषद में स्नातक, शिक्षक व अन्य वर्ग से जनप्रतिनिधि चुनकर जाते हैं। यह बड़ी विडंबना है कि व्यापारियों का कोई भी प्रतिनिधि विधान परिषद के लिए नहीं चुना जाता। उन्होंने सरकार से विधान परिषद के लिए व्यापारी हितों को ध्यान में रखते हुए एक सीट आरक्षित किए जाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि व्यापारियों के साथ अपराध से जुड़ी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस प्राथमिकता के आधार पर जारी किए जाए। इस दौरान श्याम गर्ग, अभिषेक गोयल, देशराज सैनी, मधुसूदन आयुष रस्तोगी, अनिल वर्मा, मोहम्मद अशरफ, शिवकुमार, विजेंद्र सैनी, विनोद कुमार आदि व्यापारी मौजूद रहे।



अमरोहा में छात्रा को कागज का थैला देती पूर्व ब्लाक प्रमुख रंजना ढिल्लो।

### छात्रों ने दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**अमरोहा, अमृत विचार :** अक्षरा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से लोगों को पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त कराने का संदेश दिया। छात्रों ने आवास विकास प्रथम और फिर वासुदेव तीर्थ पर नाटक किया। इस दौरान छात्रों ने कहा कि पर्यावरण को बचाना बहुत जरुरी है। नुक्कड़ नाटक में पूर्व ब्लाक प्रमुख रंजना ढिल्लो, संगीता चौहान, शूबी ढिल्लो, शगुन राहल ने छात्रों को स्वनिर्मित कागज का थैलों का वितरण किया। प्रधानाचार्य सुमन सिंह ने कहा कि अपनी रोजमर्रा की जिदंगी में कपड़े या कागज के थैलों का उपयोग करना चाहिए।

### बेसिक स्कूल सुबह 7:30 से 1:00 बजे तक खुलेंगे

**अमरोहा, अमृत विचार :** गर्मी को देखते हुए शासन के निर्देश पर बीएसए डॉ. मोनिका ने जिले के स्कूलों के समय में परिवर्तन किया है। जिले के सभी स्कूल सुबह 7 :30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक खोले जाएंगे। गर्मी को देखते हुए शिक्षक संगठन ने स्कूलों के समय में परिवर्तन करने की मांग उठाई थी। जिसमें उन्होंने सुबह 8 :00 बजे से लेकर 1:00 बजे तक स्कूल खोले जाने की बात कही थी। बीएसए डॉ. मोनिका ने बताया कि शासन के निर्देश पर गर्मी को देखते हुए जिले के प्राथमिक विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में सुबह 7 :30 बजे से लेकर 1 :00 बजे तक खोलने के निर्देश दिए गए हैं।

# युवती का अश्लील वीडियो बनाकर किया दुष्कर्म, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**आरोप**

- युवती के मंगेतर को वीडियो भेजकर तुड़वाई शादी
- पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** घर में सिलाई-कढ़ाई सीखने आने वाली एक युवती का युवक ने चोरी छुपे अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया और उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही युवती की अश्लील वीडियो उसके मंगेतर को भेज दी। इसके बाद युवती का रिश्ता टूट गया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की निवासी एक युवती गांव में ही सिलाई कढ़ाई सेंटर पर ट्रेनिंग करने जाती थी। आरोप है कि सेंटर संचालिका के भाई ने युवती को बहला-फुसलाकर मोबाइल से चोरी छुपे अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। आरोप है कि जब युवती की शादी कहीं और तय हो गई तो युवक ने विरोध करते हुए युवती की वीडियो उसके मंगेतर को भेज दी। इस संबंध में पीड़िता अपने पिता के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी मोहम्मद के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# खेत में काम कर रही महिला से दुष्कर्म

**गजरौला, अमृत विचार :** खेत में काम कर रही महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी अपने साथी के साथ महिला को खींचकर गन्ने के खेत में ले गया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी और अपने साथी के साथ फरार हो गया।

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला मंगलवार सुबह अपने खेत पर काम कर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी युवक अपने एक साथी के साथ खेत पर पहुंचा और अपने साथी की मदद से खींचकर गन्ने के खेत में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी, जाति सूचक शब्द भी कहे। पीड़िता घर पहुंची और घटना की जानकारी अपने पति को दी। पति महिला को लेकर थाने पहुंचा और तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# हैंडपंप की मरम्मत का काम शुरू

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। गर्मी में लोगों को पानी की भी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। नगर में अधिकांश हैंडपंप खराब होने की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था, जिसके बाद अधिकारियों की आंख खुली और हैंडपंप ठीक कराने का काम शुरू हो गया है।

रविवार को न्यूनतम तापमान 39 डिग्री तक जा पहुंचा था। लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के चलते लोगों का दोपहर के समय घरों से निकलना दुश्वार हो गया है। दोपहर के समय बाजार में भी सन्नाटा पसरा नजर आता हैं। आए दिन गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्यास बुझाने के लिए जब हैंडपंप के पास पहुंचते हैं तो वह खराब मिलता है। शहर के रेलवे स्टेशन रोड, नाईपुरा समेत कई स्थानों पर हैंडपंप खराब पड़े हैं। नगर में हैंडपंप खराब होने से आसपास के लोगों को परेशानी होती है और राहगीरों को भी पानी नहीं मिल पाता। हैंडपंप खराब होने के समाचार को अमृत विचार ने 29 अप्रैल के अंक में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। खबर छपने के बाद विभागीय अधिकारी हरकत में आए और मंगलवार को रेलवे स्टेशन रोड पर खराब पड़े हैंडपंप की मरम्मत की गई।



गजरौला में हैंडपंप की मरम्मत करते कर्मी। ● अमृत विचार

**राहत**

- शिकायत के बाद विभागीय अधिकारियों ने लिया संज्ञान
- राहगीरों की परेशानी को देखते हुए हैंडपंप की कराई मरम्मत

**सुस्ती** अमृत भारत स्टेशन योजना में हो रहा कार्य, तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य

# 20 करोड़ की लागत से होगा जीर्णोद्धार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 20 करोड़ की लागत से अमरोहा रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। यह कार्य 3 वर्ष में पूरा होना है, लेकिन कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है।

रेलवे स्टेशन अधीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि अमरोहा रेलवे स्टेशन का आधुनिककरण का कार्य अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा है। इस योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऑनलाइन शुभारंभ किया गया था। जीर्णोद्धार के लिए 20.8 करोड़ रुपये का भारी भरकम बजट खर्च किया जाएगा। जीर्णोद्धार होने से रेलवे स्टेशन की सुंदरता बढ़ जाएगी। रेलवे स्टेशन में पार्किंग बनाई जाएगी और प्रतीक्षालय बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अमरोहा नगर के लोगों को रेलवे स्टेशन पर पैदल चलने वाला ब्रिज भी मिलेगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अमरोहा रेलवे स्टेशन विकसित होगा और यहां पर यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेनों का ठहराव भी होगा। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन पर कार्य धीमी गति से हो रहा है। कार्य कराने वाली कंपनी रेलवे मंडल के 15 स्टेशनों पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि गजरौला रेलवे स्टेशन पर कार्य चल रहा है।



अमरोहा रेलवे स्टेशन पर चल रहा जीर्णोद्धार का कार्य। ● अमृत विचार

# मंगेतर के उकसाने पर युवक ने की आत्महत्या

**गजरौला, अमृत विचार :** मंगेतर के उकसाने पर युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की थी। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के गांव बिजौरा निवासी जसवंत के बेटे आलोक की शादी संभल जिले के गांव बेला दुगावर निवासी युवती से तय हुई थी। गोद भराई की रस्म हो चुकी थी। इस बीच आलोक की अपनी मंगेतर के साथ फोन पर बात होती थी। आरोप है कि मंगेतर बीती 17 अप्रैल को आलोक के घर पहुंची और झगड़ा कर उसे आत्महत्या करने को उकसाया। इसके बाद आलोक घर से बाइक लेकर ओसीता जगदेपुर रेलवे लाइन पर पहुंच गया। यहां उसने ट्रेन के आगे कूदकर कर आत्महत्या कर ली थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में मृतक के पिता जसवंत की तहरीर पर ललिता, गंगाराम, नीटू व रेवती सरन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# गेहूं खरीद केंद्रों पर नहीं पहुंच रहे क्षेत्र के किसान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में गेहूं खरीद का कार्य धीमी गति से चल रहा है। अब तक 44 केंद्र पर 10,000 क्विंटल गेहूं की खरीद हो सकी है। जबकि शासन ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 6 लाख क्विंटल रखा है।

डिप्टी आरएम सुभाष कुमार बताया कि जिले में गेहूं खरीद के लिए 44 केंद्र खोले गए हैं और इन पर खरीदारी भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अब तक गेहूं खरीद केंद्र पर 10000 क्विंटल गेहूं के खरीद की गई है। धीमी गति से हो रही खरीदारी के कारण गेहूं खरीद का लक्ष्य 6 लाख क्विंटल पूरा नहीं हो सकेगा। उन्होंने बताया कि डेढ़ लाख क्विंटल गेहूं की खरीद होने की संभावना है। गेहूं खरीद के लिए केंद्र पर कार्यरत कर्मचारी ग्रामीणों से बराबर संपर्क कर रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी ग्रामीण गेहूं की बिक्री करने के केंद्र पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। डिप्टी आरएम ने बताया कि किसान अपनी फसल सीधे बाजार में बेच रहा है। उनका मानना है कि किसान जब फसल की बुवाई करता है तब वह कर्ज लेकर फसल की बुवाई करता है। कर्ज को चुकाने के लिए किसान सीधी फसल बाजार में बेच रहा है। यही कारण है कि गेहूं खरीद केंद्र पर किसान अपनी फसल के बिक्री नहीं कर पा रहा।



अमरोहा में क्रय केंद्र पर रखा गेहूं।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से चार वर्ष की बच्ची घायल

**सिरसी, अमृत विचार :** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बराही निवासी औरंगजेब ने मंगलवार को बताया कि मुरादाबाद निवासी मौसेरी बहन हिबजा चार वर्ष गांव में ही स्थित निजी स्कूल में कक्षा नर्सरी में पढ़ती है। सोमवार की देर शाम हिबजा घर के पास ही रास्ते में खड़ी थी। सामने से आ रही बाइक ने हिबजा में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक बाइक लेकर भाग गया। परिजनों ने शाम को निजी डॉक्टर से उपचार कराया और तबीयत में सुधार नहीं होने पर परिजन मंगलवार की सुबह उपचार कराने हिबजा को लेकर जिला अस्पताल आ गए।

### युवकों पर लगाया मारपीट कर घायल करने का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** मुरादाबाद निवासी शानू सोमवार की शाम सदर कोतवाली क्षेत्र में स्थित जमाल पैलेस में शादी की दावत खाने आया था। आरोप है किसी बात को लेकर देर रात यहां शानू का युवकों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि युवकों ने गाली गलौज करते हुए शानू के साथ मारपीट की। जिससे शानू घायल हो गया। इसके बाद शानू को लेकर रिश्तेदार कोतवाली आ गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने शानू का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

### नाली के विवाद में हुई मारपीट, दंपती घायल

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव नवाडा निवासी वसीम की पत्नी निशा ने मंगलवार को थाने पहुंचकर गांव निवासी महिला सहित दो लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया। कहा कि पड़ोसी कमलशेर ने रास्ते की नाली में ईंटें लगाकर घर का पानी रोक दिया। जिससे इकट्ठा होकर पानी घर में घुसा तो निशा ने ईंटों को हटा दिया। आरोप है कि इसी बात को लेकर कमलशेर व रुबी पुत्री तौफीक ने मिलकर गाली गलौज करते हुए निशा के साथ मारपीट की। बचाने पहुंचे वसीम के साथ भी कमलशेर व रुबी ने मारपीट की। जिससे वसीम व निशा घायल हो गए। पुलिस ने कमलशेर व रुबी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रमों के बावजूद नियमों का उल्लंघन कर फर्राटा भर रहे वाहन चालक

# बिना हेलमेट बाइक पर ट्रिपल राइडिंग, हादसे को न्योता

अमृत विचार पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बेशक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस संयुक्त रूप से नियमों के उल्लंघन पर वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं, फिर भी लोगों में जागरूकता का माहौल नहीं बन पा रहा। आलम यह है कि बिना हेलमेट बाइक पर तीन से चार लोग भी सफर करने से परहेज नहीं कर रहे जबकि ऐसे हालात में हादसे का खतरा भी बढ़ जाता है।

सरकारी महकमे समय-समय पर अभियान चलाकर नियमों के विपरीत दौड़ रहे वाहनों पर कार्रवाई करते हैं। इस बार सड़क सुरक्षा माह में भी कार्रवाई और जागरूकता के कार्यक्रम किए गए हैं। फिर भी लोग हैं कि नियमों का पालन करने के लिए तैयार नहीं है। अमृत विचार टीम ने मंगलवार को संभल में कुछ प्रमुख चौराहों पर पड़ताल की तो यही सच्चाई सामने आई। चौधरी सराय चौराहा से गुजर रहे बाइक पर सवार युवक के सिर पर हेलमेट नहीं लगा था जबकि पीछे तीन बच्चे बैठे हुए थे। दूसरी बाइक की टंकी पर एक बच्चा बैठा हुआ नजर आया तो बाइक चला रहा युवक बिना हेलमेट के था। पीछे दो महिलाएं बैठी हुई थीं। चंदौसी चौराहा पर भी बाइक सवारों के कई ऐसे नजारा दिखे जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

हालांकि यातायात प्रभारी अनुज मलिक का कहना है कि ट्रिपल राइडिंग रोकने के लिए लगातार कार्रवाई के साथ ही लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

- सफर के दौरान हादसे का बढ़ा खतरा, लेकिन लोगों में जागरूकता का अभाव



चौधरी सराय में बाइक पर ट्रिपल राइडिंग का नजारा देखता यातायात पुलिस कर्मी।



संभल में बाइक पर खतरनाक सफर करते लोग। ● अमृत विचार

### बाइक पर गुजरे तीन लोग, देखता रहा पुलिस कर्मी

**संभल अमृत विचार :** चौधरी सराय चौराहा पर यातायात पुलिस बूथ के ठीक सामने से गुजरी बाइक पर व्यक्ति हेलमेट लगाए दिखा लेकिन पीछे दो महिलाएं बैठी थीं। खास बात यह रही कि यातायात पुलिस का जवान भी ऐसा नजारा को देखता रहा लेकिन उसने बाइक सवारों का रोकने या टोकने की जहमत नहीं उठाई। सवाल यही उठता है कि वैसे तो संभल में कई चौराहों पर यातायात पुलिसकर्मी नियमों की अनदेखी करने पर बाइकों के चालान करते नजर आते रहते हैं लेकिन इस बाइक सवार को क्यों नहीं रोका गया।

# प्रेमी से फोन पर बात करते देखने पर महिला ने खुद को लगाई आग, मौत

संवाददाता, संभल

- खेत में बैठकर प्रेमी से कर रही थी बात, बेटे ने सुन कर पिता को बता दिया
- गंभीर रुप से झुलसी महिला ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**अमृत विचारः** कैलादेवी थाना क्षेत्र में जंगल में फोन पर प्रेमी से बात करते हुए देख लेने के बाद महिला का पति से विवाद हो गया। बात बढ़ी तो महिला ने डीजल छिड़क कर आग ली। महिला गंभीर रुप से झुलस गई। परिजन आनन फानन में महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आ गए। गंभीर होने पर महिला को यहां से हायर सेंटर रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 35 वर्षीय महिला मंगलवार की सुबह घर से शौच के लिए जंगल में गई थी। आरोप है कि महिला खेत में बैठकर फोन पर प्रेमी से बात कर रही थी। वहां से गुजर रहे बेटे ने मां की बातचीत सुनी तो पिता बता दिया। आनन फानन में पति पहुंचा तो पति को देख महिला ने फोन खेत में छिपा दिया। फोन पर बात करने के बारे में पूछताछ की तो महिला का अपने पति से विवाद हो गया। पति जंगल में फोन की तलाश करने लगा तभी महिला ने घर पहुंचकर कमरा बंद कर केन में रखा डीजल अपने ऊपर छिड़ककर आग लगा ली। घर पहुंच पति ने आनन फानन में दरवाजा तोड़कर महिला की आग को बुझाया। तब तक महिला गंभीर रुप से झुलस गई। परिजन उपचार कराने के लिए महिला को लेकर जिला अस्पताल आ गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की सास ने बताया कि पुत्रवधू चोरी छिपे किसी से फोन पर बात करती थी।

# भड़के जियाउर्रहमान बर्क ने कहा-जब वक्त बदलेगा, एकतरफा कार्रवाई को भूलेंगे नहीं

## मुख्तार अंसारी व अतीक अहमद की कुर्बानी को न भूलने वाले भाषण को लेकर दर्ज हुई है रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** मुख्तार अंसारी व अतीक अहमद की कुर्बानी को न भूलने वाले बयान को लेकर संभल लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ रिपोर्ट लिखी गई तो जियाउर्रहमान ने चुनाव सभा में तीखे तेवर दिखाते हुए कहा कि जब वक्त बदलेगा तो हम इस एकतरफा कार्रवाई को भूलेंगे नहीं।

सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क ने दो दिन पहले संभल के चमन सराय में चुनावी सभा के दौरान लोगों को कसम दिलाकर कहा था कि अतीक, मुख़्तार, शाहबुद्दीन व आजम खां की कुर्बानी को जाया मत जाने देना। इसके बाद उनके खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन व भावनाएं भड़काने के आरोप में सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमें की जानकारी होने के बाद सोमवार रात को एक चुनावी सभा में जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि कल चमन सराय में तकरीर की तो मालूम हुआ कि आचार संहिता उल्लंघन में रिपोर्ट लिखी गई है। चुनाव आयोग और पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से सवाल करते हुए आगे कहा कि बीजेपी के लोग अगर आचार संहिता का उल्लंघन करें तो कोई बात नहीं, और हम दायरे में रहकर भी सही बात कहें तो रिपोर्ट दर्ज करा दी जाती है। चेतावनी देते हुए कहा कि हमेशा एक से दिन नहीं रहने वाले हैं। कभी का दिन बड़ा है, कभी की रात बड़ी है। जब वक्त बदलेगा तो हम इस एक तरफा कार्यवाही को भूलेंगे नहीं।

- बोले, बीजेपी के लोग अगर आचार संहिता का उल्लंघन करें तो कोई बात नहीं
- और हम दायरे में रहकर भी सही बात कहें तो रिपोर्ट दर्ज करा दी जाती है



चुनावी सभा को संबोधित करते सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क। ● अमृत विचार

## सरकारी एंबुलेंस चालक और ईएमटी से मारपीट

**संभल, अमृत विचारः** कैलादेवी थाना क्षेत्र में बुखार से पीड़ित मरीज को लेने जा रही सरकारी एंबुलेंस के चालक व ईएमटी से मारपीट करते हुए दो लोगों ने सरकारी कागजात छीन लिए। ईएमटी व चालक ने एंबुलेंस में तोड़फोड़ करने का भी आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव ठाठी व करछली के बीच रास्ते में दो लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराने के लिए बुखार से पीड़ित मरीज को लेने गांव करछली जा रही डायल 108 एंबुलेंस को चालक निरंजन लाल से रुकवा लिया। आरोप है कि बिना किसी बात को लेकर दोनों लोग गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो दोनों लोगों ने एंबुलेंस में तोड़फोड़ करते हुए सरकारी कागजात छीन लिए और चालक निरंजन लाल व ईएमटी धन सिंह के साथ मारपीट की। आसपास में लोग इकठ्ठा हुए तो दोनों लोग धमकी देते हुए भाग गए। चालक निरंजन लाल व धन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### हज जायरीनों का टीकाकरण कर दिया प्रशिक्षण

**संभल अमृत विचार :** मदरसा सिराजुल उलूम हिलाली सराय में हज जायरीनों को हज प्रशिक्षण, टीकाकरण और ओरल पोलियो ड्राप पिलाने के लिए कैंप लगा। जिसमें डॉ.नीरज शर्मा के नेतृत्व में 100 से अधिक हज जायरीनों वैक्सीन पिलाकर टीकाकरण किया गया। मौलाना मोहम्मद मियां ने हज जायरीनों को प्रशिक्षण देते हुए हज के दौरान पड़ने वाले विभिन्न पवित्र स्थानों के बारे में विस्तार से बताया। यह भी बताया कि सफर में कौन की वस्तुएं ले जानी है और कौन सी नहीं। हज जायरीनों के सवालों के जवाब देते हुए शंका दूर की। इस दौरान मौलाना जकरिया, अहमद सुआलेह, अहमद सादान, मास्टर अम्बर, बदर हुसैन आदि मौजूद रहे।



पैदल मार्च करते पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवान। ● अमृत विचार

### पैदल मार्च कर दिया निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश

**सौंधन/सिरसी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर गांव सौंधन मोहम्मदपुर में पुलिस और सीआईएसएफ के जवानों ने पैदल मार्च किया। विभिन्न रास्तों से जवान गुजरे और लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। मंगलवार को गांव सौंधन मोहम्मदपुर में कैला देवी थाना पुलिस ने सीआईएसएफ के जवानों के साथ पैदल मार्च किया। जवान पुलिस चौकी से सदर बाजार, मेन बाजार, किला चौक आदि मुहल्ले से होकर वापस पुलिस चौकी पहुंचे। इसके अलावा गांव सिहावली में भी पैदल मार्च निकाला गया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि पैदल मार्च कानून व्यवस्था व शांति बनाए रखने के लिए निकाला गया है। वहीं हजरतनगर गढ़ी थाना पुलिस, सिरसी चौकी पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने सिरसी में पैदल मार्च किया। मुहल्ला माकूफा, कुरैशियान, किदवई मुहल्ला, बिलारी मार्ग से कर्बला मुहल्ला सादात, मुहल्ला शर्की, स्टेशन रोड, मुहल्ला छाकडियान, मुहल्ला चौधरियान के बाद पुलिस चौकी पर पहुंचकर पैदल मार्च समाप्त हुआ। इस दौरान लोगों को लोकसभा चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया गया।

### पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने किया पैदल मार्च

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर संभल शहर में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने पैदल मार्च किया। कोतवाल पवन कुमार की अगुवाई में पैदल मार्च शंकर कॉलेज चौराहा, अस्पताल चौराहा, बाल विद्या मंदिर स्कूल, एजेंटी तिराहा, पंजू सराय, मियां सराय, डेरा सराय, हिंद इंटर कॉलेज तक हुआ। इस बीच संवेदनशील मतदान बूथों पर पहुंचकर जायजा लिया। वहीं धनारी थाना क्षेत्र के कई गांवों में यूपी और पंजाब पुलिस ने पैदल मार्च किया। मंगलवार को पुलिस ने क्षेत्र के गांव भिरावटी, भैयापुर, गढ़ा, बगढैर, धनारी बालू शंकर पट्टी में पैदल मार्च करते हुए लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की। पुलिस ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी अफवाह पर ध्यान न दिया जाए। निर्भीक होकर मतदान करते हुए पुलिस का सहयोग किया जाए।

### ससुरालियों ने डेढ़ वर्षीय बेटी के साथ महिला को निकाला

**धनारी अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव मझोला फतेहपुर निवासी रितेश पत्नी मनोज ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि सास ने उसके साथ गाली गलौच की। विरोध करने पर बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया। जिसके बाद पति और ननद ने मारपीट की। सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची लेकिन समझा कर वापस चली गई। जिसके बाद महिला के साथ फिर से मारपीट की गई और डेढ़ साल की बेटी के साथ घर से निकाल दिया। मां के साथ थाने पहुंची पीड़ित महिला ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई।

# स्थायी जिला मुख्यालय हो तो बहजोई के विकास को लगें पंख

संवाददाता, बहजोई

- लोकसभा चुनाव में स्थायी जिला मुख्यालय का मुद्दा उठा रहे नागरिक
- क्षेत्र के मतदाता चाहते हैं कि विकास के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा पर सांसद दे ध्यान

**अमृत विचार :** संभल जिले के गठन को 13 साल हो गए हैं लेकिन अभी तक स्थायी जिला मुख्यालय का निर्माण नहीं हो पाया है। अस्थायी तौर पर चल रहे जिला मुख्यालय पर सुविधा न होने से जिलेभर के लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ता है। इस बार स्थायी जिला मुख्यालय चुनाव का अहम मुद्दा है।

स्थायी मुख्यालय का निर्माण नहीं होने के कारण बहजोई से अस्थायी मुख्यालय का संचालन हो रहा है। जिला स्तरीय अधिकारियों के दफ्तर कुछ बहजोई में हैं तो कुछ चंदौसी तो कुछ संभल में, इसे लेकर नागरिकों को अपने काम को लेकर काफी दौड़ लगानी पड़ती है। जिससे वह परेशान रहते हैं। अगर एक ही जगह जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यालयों का निर्माण हो जाए तो परेशानी से निजात मिलेगी। लोगों का कहना है कि अगर स्थायी जिला मुख्यालय का निर्माण हो जाए तो जगह-जगह दौड़ लगानी नहीं पड़ेगी। हालांकि जिला मुख्यालय को लेकर जमीन की खरीद तो जिला प्रशासन ने की है मगर निर्माण के नाम पर एक भी ईंट नहीं लग पाई है। लोगों का कहना है कि जिला मुख्यालय का स्थायी निर्माण हो जाएगा तो क्षेत्र का विकास भी होगा और लोगों को अपने काम को लेकर सहूलियत होगी।

अमृत विचार ने जब लोगों से सांसद को लेकर बातचीत की तो कहा कि जो स्थायी जिला मुख्यालय निर्माण की बात करेगा, उसी के पक्ष में वोट किया जाएगा। सांसद ऐसा चाहिए कि मुद्दों का हल करते हुए आम लोगों को सहूलियत से सस्ता व अच्छा न्याय दिला सके।



13 वर्ष से बहजोई में अस्थायी जिला मुख्यालय संचालित हो रहा है। सोचा था कि जिला मुख्यालय का निर्माण बहजोई में होगा तो विकास भी होगा लेकिन कई साल बीतने के बाद भी निर्माण के नाम पर एक भी ईंट सरकार तथा जिला प्रशासन नहीं लगा पाया है।
-सोम प्रकाश वार्ष्णेय, बहजोई



स्थायी जिला मुख्यालय नहीं होने से चंदौसी, बहजोई, संभल, पंवासा में जिला स्तरीय अधिकारियों के दफ्तर संचालित हो रहे हैं। जिला मुख्यालय पर आने वाले नागरिकों को अपने एक काम के लिए दर-दर की ठोकर खानी पड़ती हैं। इस बार स्थायी जिला मुख्यालय का मुद्दा चुनावी मुद्दा भी है।
-अमित डीआर, बहजोई



सांसद ऐसा होना चाहिए कि सभी वर्गों के बारे में एक जैसा सोच कर सबका विकास करें। जिला मुख्यालय निर्माण को लेकर सरकार से पैरवी करें। जिससे बहजोई क्षेत्र का विकास तो होगा, आमजन को सहूलियत भी मिलेगी। लोगों को दिक्कतें हो रही हैं, इससे निजात दिलाया जाना जरूरी है। चुनाव में यह अहम मुद्दा रहेगा।
-अमित वार्ष्णेय सर्राफ



पहले सपा की सरकार रही तो सांसद भी उनका रहा लेकिन स्थायी जिला मुख्यालय का निर्माण नहीं कर पाए। 10 वर्षों से केंद्र में भाजपा सरकार है। 2014 में सतपाल सैनी भाजपा सांसद रहते भी जिला मुख्यालय का निर्माण नहीं हुआ। सांसद ऐसा चाहिए कि जो जिला मुख्यालय का निर्माण कराकर क्षेत्र का विकास कराए।
-डॉ. दिलीप वार्ष्णेय, बहजोई

# ओवर द काउंटर दवा बिक्री के प्रस्ताव से केमिस्ट चिंतित

कार्यालय संवाददाता, संभल

- इसी मसले पर ओसीडीयूपी की बैठक दो और तीन मई को नेपाल में होगी
- सीनियर केमिस्ट ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने बनाई रणनीति

**अमृत विचार :** सीनियर केमिस्ट ड्रगिस्ट एसोसिएशन संभल की मुहल्ला हल्लू सराय में स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता पोली और महासचिव नवनीत कुमार ने कहा कि आल इंडिया आर्गेनाइजेशन आफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट ने भारत में बिना लाइसेंस के ओवर द काउंटर दवाओं की बिक्री की अनुमति देने के लिए केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर चिंता व्यक्त की है।

स्वास्थ्य मंत्री, प्रमुख स्वास्थ्य सचिव, भारत के औषधि महानियंत्रक आदि को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि खतरनाक नशीली दवाओं के दुरुपयोग, फार्मासिस्ट सेवाओं का अभाव, नकली दवाओं का प्रसार, दवा की अधिक मात्रा के कारण बीमारी अधिक, दवा भंडारण के मानकों में समझौता आदि विषय को लेकर ओसीडीयूपी की बैठक दो और तीन मई को पड़ोसी देश नेपाल में स्थित लुम्बनी होटल पवन पैलेस में होगी। जिसमें जिले से शिष्टमंडल जाएगा। बैठक में सीनियर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित कुमार अग्रवाल, सुमित कुमार वार्ष्णेय, प्रवीन वार्ष्णेय ने भी विचार रखे। इस दौरान महावीर मोंगिया, राजीव रस्तोगी उर्फ पन्ना, प्रदीप कुमार रस्तोगी, अंकुर मेहरोत्रा, विशाल पाठक, अनिल गुप्ता, मोहम्मद शम्शी, मुजम्मिल चौधरी आदि रहे।



संभल की केनरा बैंक शाखा में मंगलवार को पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

# मतदान प्रशिक्षण में भाग ले रहे कर्मचारी, बैंकों में सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर संभल जिले की कई बैंक शाखाओं के कर्मचारी मतदान का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इससे बैंकों में सन्नाटे है। बैंकों में अधिकतर काउंटर खाली हैं और लोगों के जरूरी काम नहीं हो पा रहे हैं।

लोकसभा चुनाव को लेकर कर्मचारी बहजोई में प्रशिक्षण ले रहे हैं। संभल में कैनरा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक समेत कई में मंगलवार को अधिकांश काउंटर खाली पड़े रहे। बेशक तमाम लोग जरूरी काम के लिए बैंकों में पहुंचे लेकिन लेनदेन और अन्य कार्य नहीं करा सके। कुछ बैंक शाखाओं में तो दोपहर 12 बजे तक ही लेनदेन हुआ। स्टाफ की बेहद कमी के चलते बाद में काम नहीं हुआ तो लोगों को परेशानी हुई। संभल के अलावा दूसरे शहर, कस्बा और देहात क्षेत्र की बैंक शाखाओं में भी कुछ ऐसा ही माहौल बना रहा।

## स्वास्थ्य | तेज गर्मी में जरा सी लापरवाही करने पर बीमार हो रहे लोग

# गर्मी ने दिखाए तेवर, बढ़ने लगा बुखार और उल्टी-दस्त का प्रकोप

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू किए तो संक्रामक बीमारियां भी पैर पसारने लगी हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में बुखार, उल्टी और दस्त से पीड़ित मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। चिकित्सक भी इलाज करते हुए मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं।

अप्रैल के आखिरी दिनों में मौसम का मिजाज तेजी से बदला है। सुबह से ही चिलचिलाती धूप से लोग पसीने में तरबतर नजर आ रहे हैं तो देर रात में मौसम में थोड़ी ठंडक महसूस हो रही है। इसी तरह के मौसम के कारण बीमारियां भी पनप रही हैं। लोग लापरवाही कर रहे हैं तो बुखार, उल्टी और दस्त की चपेट में आ रहे हैं। आलम यह है कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और निजी अस्पतालों में ज्यादातर मरीज इन्हीं बीमारियों की चपेट में आने के बाद पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में मंगलवार को सुबह से दोपहर तक मरीजों की भीड़ नजर आई तो सीएचसी पर भी ऐसा ही माहौल देखने के लिए मिला। जिला अस्पताल में 728 नए मरीज पहुंचे जबकि करीब ढाई सौ पुराने मरीजों ने दस्तक दी। आकलन के मुताबिक करीब चालीस प्रतिशत मरीज बुखार, उल्टी और दस्त से पीड़ित रहे। चिकित्सकों ने मरीजों का इलाज शुरू करते हुए सलाह भी दी।



जिला अस्पताल की ओपीडी में इलाज के लिए लगी मरीजों की कतार।

### ऐसे करें बचाव

- गर्मी में बाहर का खाना कतई न खाएं।
- मिर्च, मसाले और चिकनाई से परहेज करें।
- तले भुने भोजन से जितना हो सके बचा जाए।
- घर से पानी पीकर से बाहर का रुख किया जाए।
- पानी उबालकर ठंडा करके पीया जाए।

### चिकित्सक से लें परामर्श

**संभल अमृत विचार :** सीएचसी संभल पर तैनात डॉ.नीरज शर्मा कहते हैं कि तेजी से बढ़ रही गर्मी में स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहना चाहिए। इस समय बुखार, उल्टी और दस्त के मरीजों की तेजी से इजाफा हो रहा है। रोजाना आधे मरीज इन्हीं बीमारियों से पीड़ित होने के बाद अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई बीमारी चपेट में ले तो तुरंत अस्पताल आकर चिकित्सक से परामर्श लेते हुए इलाज शुरू कराया जाए।

### बच्चों में ज्यादा असर

**संभल अमृत विचार :** जिला संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सक डा. रामलाल यादव का कहना है बच्चे बड़ी संख्या में डायरिया व दस्त की बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। इस मौसम में बच्चों के खानपान पर खास ध्यान देने की जरूरत है। पानी की कमी बच्चों में न होने दें। जिला अस्पताल में रोजाना 15 से 20 बच्चे डायरिया व दस्त की बीमारी से पीड़ित आते हैं।



स्कूल में मतदाता जागरूकता के पोस्टर दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

### बच्चों ने पोस्टर बनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार :** नुसरत मेमोरियल स्कूल सरायतरीन में बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में पोस्टर बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। बच्चों ने नागरिकों से शत प्रतिशत मतदान का आह्वान किया। स्कूल प्रबंधक काशिफ खान ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को चुनावी साक्षरता बढ़ाने के साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि छात्र छात्राएं अपने परिवार, आसपास क्षेत्रों एवं समाज के अन्य लोगों को चुनाव में मतदान करने के लिए जागरुक करते हुए लोकतंत्र का महत्व समझायें। साथ ही मतदान के दिन अधिक से अधिक लोगों को बूथ पर जाकर मतदान करने के लिये भी प्रेरित करें। प्रिंसिपल जुनैद इब्राहीम ने वोटर पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में बताया कि इस ऐप पर निर्वाचन से सम्बंधित सभी जानकारियां उपलब्ध हैं। मुशायरा खान, नाज़रीन खान, रिजवाना, शुमाइला, तुबा, आलिया, अर्शी, नफ़ीस, जमाल, शाहज़ेब, अबुज़र आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### हज यात्रियों का वैक्सीनेशन कैंप आज

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सीएचसी में बुधवार को हज यात्रियों को वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला हज ट्रेनर हाजी अब्दुल खालिक ने बताया कि तहसील से जाने वाले हाजियों को टीका लगाया जाएगा। जो हज पर जाने वाले यात्री है वह समय से सीएचसी पहुंच वैक्सीनेशन कराए। सीएचसी में मंगलवार की सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक कैंप लगाया जाएगा।

### आर्म्स एक्ट में अभियुक्त को आठ वर्ष की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मुरादाबाद की न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-3 ने आर्म्स एक्ट में नखासा थाना क्षेत्र निवासी आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए आठ वर्ष का कारावास व एक लाख 20 हजार रुपये अर्थ दंड से दंडित किया है। एडीसीजी मुनीष भटनागर ने बताया कि थाना नखासा की प्रभावी पैरवी से अभियुक्त फैजान पुत्र हाजी रिहान निवासी शहबाजपुर खेड़ा थाना नखासा को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश- 3 जनपद मुरादाबाद ने आम्स एक्ट में सजा सुनाई है।

### खंदक में गिरी बाइक युवक की मौत

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। गुन्नौर के गांव बहलोलपुर का रहने वाला हरवेश बाइक पर सवार होकर जा रहा था। देर रात ईशमपुर गांव के निकट अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। कुछ देर बाद लोगों ने देखा तो हरवेश लहूलुहान हालत में पड़ा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो हरवेश की मौत हो चुकी थी।

### पांच विद्यार्थी नकल करते पकड़े गए

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में मंगलवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा में पांच विद्यार्थियों को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया। एक छात्रा रुमाल पर नकल लिखकर लाई थी। कॉलेज के सचल दल ने सभी का यूएफएम कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि बीएड की परीक्षा में तीन विद्यार्थियों को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया।

## परमेश्वर लाल सैनी 2019 में संभल लोकसभा व 2022 में बिलारी विधानसभा चुनाव में हो चुके हैं पराजित

# परमेश्वर सियासत, जिया विरासत बचाने को बहा रहे पसीना

आदित्य कांत शर्मा, चन्दौसी


परमेश्वर लाल सैनी, भाजपा


जियाउर्रमान बर्क, सपा

- जियाउर्रमान को अपने दादा डा. शफीकुर्रमान बर्क की सीट जीतकर विरासत को आगे बढ़ाना है

**अमृत विचार:** संभल लोकसभा का चुनाव रोमांचक होता जा रहा है। प्रत्याशियों को चुनाव जीतने के साथ अपनी साख बचाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। भाजपा प्रत्याशी पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी को अपनी सियासत बचानी है, तो सपा प्रत्याशी विधायक जियाउर्रहमान बर्क को अपनी विरासत का किला बचाना है। 7 मई को मतदान है और 4 जून को मतगणना होनी है। उसके बाद साफ हो सकेगा कि किस की सियासत कायम रहेगी, और किस की विरासत का सफर जारी रहेगा।

देश में 18वीं लोकसभा के चुनाव हो रहे है। पहले दो चरणों का मतदान हो चुका है। वहीं तीसरे चरण में प्रदेश की 10 सीटों पर मतदान 7 मई को होना है। जिसमें संभल लोकसभा की सीट भी है। भारतीय जनता पार्टी ने 2019 की प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी पर दोबारा विश्वास जताया है। तो वहीं समाजवादी पार्टी ने कुंदरकी से विधायक जियाउर्रहमान बर्क को प्रत्याशी बनाया है। इससे पूर्व सांसद शफीकुर्रहमान बर्क को प्रत्याशी बनाया गया था। लेकिन उनके निधन के बाद उनके पोते जियाउर्रमान को पार्टी ने टिकट देकर चुनावी मैदान में उतार दिया। सैनी का टिकट नामांकन से काफी पहले हो गया था। तो उन्होंने घूमघूम कर अपने पक्ष में माहौल बनाना शुरु कर दिया। वहीं जिया का टिकट देर से होने के बाद भी उन्होंने चुनाव में रफ्तार पकड़ी। अब दोनों प्रत्याशी समीकरण अपने पक्ष में करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे है। सैनी के समर्थन में अब तक रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल सभाएं करा चुके है। वहीं जिया के पक्ष में माहौल बनाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सभा कर मतदाताओं से वोट देने की अपील की है। इसके अलावा पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ दोनों प्रत्याशी दिन रात एक किए हुए है। तेज गर्मी के बीच शहर व देहात के कोने-कोने में जाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए कोर कसर नहीं छोड़ रहे है।

यह चुनाव परमेश्वर के साथ-साथ जिया के लिए भी बहुत अहम है। भाजपा ने 2019 में परमेश्वर लाल सैनी को संभल लोकसभा से प्रत्याशी बनाया था। लेकिन वह सपा के शफीकुर्रमान से करीब पौने दो लाख वोट से हार गए थे। पार्टी ने 2022 विधानसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा बिलारी से मौका दिया। लेकिन उन्होंने वहां भी पार्टी को निराश किया। उनको सपा प्रत्याशी मो. फईम ने हरा दिया। उसके बावजूद पार्टी ने उनको पुनः इस चुनाव में संभल से लड़ने को हरी झंडी दे दी।

जिया उर्रमान बर्क मौजूदा समय में विधायक है। लेकिन परिवार की साख दांव पर लगी है, क्योंकि उनके दादा 2019 का चुनाव जीत कर संसद पहुंचे थे। साथ ही उन्होंने संभल के साथ मुरादाबाद का भी बार प्रतिनिधित्व किया था। ऐसे में जिया को विरासत बचानी है, तो बार-बार टिकट मिलने के बाद हार का सामना करने वाले परमेश्वर लाल सैनी को अपनी सियासत। दोनों ही प्रत्याशियों का मुकदर जनता के हाथ में है।

# श्रीराम और माता सीता के विवाह का प्रसंग सुनाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


कथा वाचक वीरेश अग्निहोत्री।

**अमृत विचार:** गीता सत्संग भवन में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है।

मंगलवार को कथा के छठे दिन वृंदावन से आए कथा वाचक बीरेश अग्निहोत्री ने श्रीराम व माता सीता के विवाह का प्रसंग सुनाया। जनक में सीता माता अपनी सखियों के साथ पुष्प वाटिका में जाती तो वहां श्रीराम व लक्ष्मण पुष्प चुनने गए होते हैं। सीता माता मां गौरी से श्रीराम को ही पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट करती है।

राजा जनक की प्रतिज्ञा के फलस्वरूप सीता के स्वयंवर धनुष यज्ञ का आयोजन किया जाता है। गुरु की आज्ञा पाकर श्रीराम धनुष को एक खिलौने की भांति उठा लेते हैं और उस पर प्रत्यंचा चढ़ाते वक्त वह टूट जाता है। इसके बाद भगवान परशुराम जनकपुर पधारते हैं, जहां परशुराम व लक्ष्मण संवाद होता है। राजा दशरत बरात लेकर जनकपुर पधारते हैं। जहां श्रीराम के साथ-साथ लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न का भी विवाह होता है।

अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान वीरेंद्र कुमार, मंजू लता अग्रवाल, संतोष जैन, विपिन कुमार, प्रमोद अग्रवाल, प्रदीप कुमार, हरिओम, ओम प्रकाश, डा. विवेक, लवकुश आदि मौजूद रहे।

# वेश्यावृत्ति कराने में दिल्ली के कोठा संचालक दंपती गिरफ्तार

## नखासा थाना क्षेत्र की नाबालिग को पिता ने 50 हजार में बेचा था

कार्यालय संवाददाता, संभल

- इस मामले में किशोरी के रिश्ते के भाई की पहले ही हो चुकी है गिरफ्तारी
- 20 मार्च को किशोरी किसी तरह मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी

**अमृत विचार:** पढ़ाई के बहाने पिता द्वारा नाबालिग बेटी को दिल्ली ले जाकर 50 हजार रुपये में बेचने के मामले में संभल जनपद की एएचटीयू थाना पुलिस ने किशोरी से वेश्यावृत्ति कराने के आरोपी दिल्ली के कोठा संचालक पति पत्नी को गिरफ्तार किया है। इस मामले किशोरी के रिश्ते के भाई की पहले ही गिरफ्तारी की जा चुकी है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

नखासा थाना क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी को पांच माह पहले उसके पिता ने दिल्ली में ले जाकर कमला मार्केट के एक कोठे पर 50 हजार रुपये में बेचकर वेश्यावृति के धंधे में धकेल दिया था। कुछ माह तक कोठे पर रहने के बाद किशोरी किसी तरह वहां से निकलकर दिल्ली में रहने वाले फुफेरे भाई के पास पहुंची तो उसने पहले खुद दुष्कर्म किया फिर बहन को दूसरों के सामने परोस दिया। गर्भवती होने के बाद 20 मार्च को किशोरी किसी तरह मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी। बाल कल्याण समिति की पहल पर इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पुलिस ने पिछले दिनों किशोरी के भाई को गिरफ्तार कर लिया था। मंगलवार को दिल्ली के कमला मार्केट में कोठा नंबर 58 के संचालक अशोक पटेल उर्फ अशोक राय व उसकी पत्नी बेबी उर्फ जरीना को गिरफ्तार कर लिया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पहले घर में महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला एक सप्ताह पहले घर में सो रही थी। पड़ोस का ही रहने वाला उमेश मौका पाकर महिला के घर में घुस आया और ड़रा-धमकाकर उमेश ने महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने उमेश को गिरफ्तार कर लिया।

### वकीलों ने तहसील अदालतों के बहिष्कार का किया ऐलान

**चन्दौसी, अमृत विचार:** तहसील बार एसोसिएशन की हुई बैठक में अधिवक्ताओं ने तहसील के न्यायालयों में कार्य नहीं होने का आरोप लगाया। अधिवक्ता बाबू लाल ने कहा कि तहसील में किसी भी न्यायालयों में कोई कार्य नहीं हो रहा है।

सभी पीठासीन अधिकारियों की हठधर्मिता चरम सीमा पर है। जिससे अधिवक्ताओं ने रोष व्याप्त है। कहा कि रोजाना बड़ी संख्या में वादकारी तहसील पहुंचते हैं, तहसील के न्यायालयों में कार्य नहीं होने उनके कार्य नहीं हो पाते और वह मासूस होकर लौट जाते हैं। इस पर तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि तहसील के समस्त न्यायालयों में न्यायिक कार्यों के बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार गौड़, सचिव राजेश कुमार, नेमपाल सिंह, विजय पाल, शीशपाल सिंह, रामवीर मौर्य, नेपाल सिंह, महेश चंद्र भारती, मुकेश पाल सिंह, मोहम्मद शफीक, अली शेर खां आदि मौजूद रहे।


थाना हयातनगर में खड़ी मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रालियां। ● अमृत विचार

# अवैध खनन के आरोप में दो ट्रैक्टर ट्राली सीज

संवाददाता, संभल/सरायतरीन

**अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र के जंगल से अवैध खनन कर मिट्टी लेकर आ रहे दो ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। खनन से संबंधित कागजात नहीं दिखाने पर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर मिट्टी से लदे दोनों ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव आढौल निवासी सतेंद्र व गांव मोहरा लखूपुरा निवासी इंद्रपाल मंगलवार को अवैध खनन कर मिट्टी लादकर ट्रैक्टर ट्राली से लेकर आ रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस संभल बहजोई मार्ग पर गांव बबैना के पास पहुंची। इंद्रपाल व सतेंद्र से ट्रैक्टर ट्राली को रुकवाकर खनन की परमिशन के कागजात दिखाने को कहा, लेकिन इंद्रपाल व सतेंद्र कोई कागजात नहीं दिखा सके। पुलिस ने मिट्टी ले लदे दोनों ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया और थाने में लाकर खड़ा कर दिए। पुलिस ने खनन अधिकारी को सूचना देकर कानूनी कार्रवाई करते हुए मिट्टी से लदी ट्रैक्टर ट्राली को सीज करा दिया।

### चैकिंग में कार से 8 लाख से अधिक नकदी बरामद

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर मुरादाबाद बाईपास के पास स्टेटिक टीम ने कार से आठ लाख रुपये की नकदी बरामद की। पूछताछ करने पर कार सवारों ने नकदी के बारे में बताया कि काशीपुर से आलू बेचकर आ रहे हैं, लेकिन कोई कागजात नहीं दिखा सके।

हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर मुंजब्ता निवासी मोरध्वज मंगलवार की रात कार में सवार होकर गांव के ही चालक शाहनबाज के साथ संभल मुरादाबाद मार्ग से चंदौसी बाईपास पर जा रहा था। संभल चंदौसी मार्ग पर पहुंचते ही वाहन चैकिंग कर रही स्टेटिक टीम के प्रभारी कार्यपालक मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार रघुवंशी ने चालक शाहनबाज से कार को रुकवा लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को कार से बैग में रखे आठ लाख दस हजार एक सौ बीस रुपये बरामद हुए। पूछताछ करने पर मोरध्वज ने बताया कि काशीपुर से आलू बेचकर आ रहे हैं, लेकिन कोई कागजात नहीं दिखा सके। जिसके बाद कानूनी कार्रवाई कर नकदी को कोषागार में जमा करा दिया।


रैली निकालने से पूर्व नारेबाजी करते बच्चे व संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# रैली निकाल कर की मतदान की अपील

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को मोहल्ला खतियान स्थित सरोजनी नायडू जूनियर हाईस्कूल से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। सेक्टर मजिस्ट्रेट अभय कुमार सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर रैली का आरंभ किया। रैली में नागरिकों से मतदान अवश्य करने की अपील की गई। विद्यालय आरंभ होकर रैली बड़ा महादेव, संभल गेट होते हुए पुनः विद्यालय आकर संपन्न हुई। इसके उपरांत बच्चों की टोलियां बनाई गई, प्रत्येक टोली में टोली नायक अपनी टोली को लेकर मोहल्लों में निकले और मतदाताओं से सात फरवरी को मतदान के दिन वोट अवश्य डालने की अपील की। कहा कि प्रत्येक नागरिक का फर्ज की वह मतदान करके अच्छी सरकार चुने। जिसे सशक्त राष्ट्र का निर्णय हो सके। आराध्या वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से स्कूली बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस दौरान पूनम अरोड़ा, डीसी गुप्ता, अनु गांधी, मीनू, धीरज कुमार सक्सेना, प्रमोद कुमार, सतपाल सिंह, संजय कुमार, आयुषी गुप्ता आदि शामिल रहे।

# छात्राओं को दिलाई शपथ, मतदान के दिन सबसे पहले डालें अपना वोट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


शिक्षिकाओं व छात्राओं को शपथ दिलाती संगीगा भार्गव। ● अमृत विचार

- लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर डालें वोट
- अभिभावकों को समझाएं कि वह स्वतंत्र निष्पक्ष मतदान करें

**अमृत विचार:** मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से श्री अक्रूरजी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान जागरूकता शपथ दिलाई गई। जिसमें डिस्ट्रिक्ट काउंसलर संगीता भार्गव ने विद्यालय की कक्षा नौ से 12 तक की छात्राओं में शिक्षिकाओं का शपथ ग्रहण कराई। जिसमें कहा गया कि अपनी लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर बिना किसी भेदभाव के अपनी निर्वाचन अधिकारों का प्रयोग करें। जो छात्राएं 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी है, वह अपने अभिभावकों को समझाए कि वह स्वतंत्र निष्पक्ष और शांति पूर्ण तरीके से धर्म, जाति, समुदाय तथा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए एक अच्छा नागरिक बनने का उदाहरण पेश करें। सभी मतदाता अपने मतदान केंद्र पर पहुंच वोट अवश्य डाले। यही एक अच्छे नागरिक की पहचान है। इस दौरान प्रदानाचार्य अंजू गुप्ता, सफिया अंजुम, नीरू, अंजू, सुधा, सरोज आदि मौजूद रहीं।

# जिला न्यायालय का निरीक्षण कर सीओ ने सुरक्षा व्यवस्था देखी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


निरीक्षण के दौरान अभिलेख चैक करते क्षेत्राधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्राधिकारी पुलिस ने मंगलवार की सुबह जिला न्यायालय परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था देखी। साथ ही न्यायालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए। मंगलवार की दोपहर क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार जिला न्यायालय पहुंचे। यहां दोनों गेट पर तैनात पुलिस की ड्यूटी चैक की। न्यायालय में आने जाने वाले वादकारियों के विषय में जानकारी की। कहा कि अगर कोई व्यक्ति संदिग्ध लगता है तो उसकी तलाशी अवश्य ली जाए। इसके अलावा परिसर में लग रहे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए। सम्मन सेल व अभिलेखों भी देखे। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश दिए।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैंने व मेरे परिवार ने अपने पुत्र शानेआलम व मौ0 आलम एवं उनकी पत्नियों के दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये कुकृत्यों के वह एवं उनकी पत्नियां स्वयं जिम्मेदार होंगी। श्रीमति महशर जहां बेवा मौ0 युसुफ नि0 मौ0 चौधरीयान बछरांयू तहसील धनौरा, जिला अमरोहा।

**नीलामी-सूचना**

किसान इण्टर कॉलिज असमोली (सम्भल) की चाहर दीवारी से लगे लगभग 100 यूकेलिप्टस के पेड़ो की नीलामी दिनांक 09.05.2024 को की जायेगी। नीलामी प्रक्रिया के अन्तर्गत इच्छुक नीलामी बोलीकर्ता प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे तक विद्यालय कार्यालय में अपना पंजीकरण करायेंगे तथा 11 बजे से 12 बजे तक नीलामी की प्रक्रिया की जायेगी। नीलामी की शर्तें विद्यालय के सूचना पट पर चस्पा की जायेंगी।

प्रबन्धक
किसान इण्टर कॉलिज असमोली
जनपद-सम्भल

## अनदेखी — कॉलोनी में नहीं बनी सड़क, गहरे गड्ढों से गुजरने पर होती है परेशानी

# पावर हाउस कॉलोनी के लोगों को नहीं मिल रहीं मूलभूत सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** आवास विकास कॉलोनी के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। कॉलोनी का मुख्य मार्ग कई वर्षों से क्षतिग्रस्त है। नालियां टूटी हुई हैं। जिससे बरसात के दिनों में दो फिट तक पानी भर जाता है और आवागमन में परेशान होती है। कई बार शिकायत के बाद नगर पालिका व जनप्रतिनिधि भी समस्या का समाधान नहीं करा सके हैं। इससे कॉलोनी के लोगों में रोष व्याप्त है।

शहर के लाइनपार क्षेत्र में पॉवर हाउस कॉलोनी है। जिसमें सरकारी आवासों के अलावा कई सरकारी कार्यालय भी है। कब्रिस्तान रेलवे फाटक से जाने वाला सीधा मार्ग जो तहसील चौराहा पर जाकर खुलता है, वह पिछले कई वर्षों से जर्जर है। मार्ग से पुरानी सड़क का अतित्व ही खत्म हो चुका है, केवल नुकीले पत्थर ही नजर आते हैं। ऐसे में इस मार्ग पर आवागमन के दौरान कॉलोनी वासियों के अलावा अन्य राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि पॉवर हाउस की भूमि में किशोर न्यायालय, आंगनबाड़ी कार्यालय, दुर्घटना कार्यालय स्थापित है। इन कार्यालयों में जाने वाले लोगों को भी क्षतिग्रस्त सड़क से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार शिकायतों के बाद भी सड़क व नालियों का निर्माण नहीं कराया गया है। इससे कॉलोनी के लोगों में रोष व्याप्त है।


पावर हाउस रोड़ की क्षतिग्रस्त सड़क से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

- नगर पालिका व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से क्षुब्ध हैं कॉलोनी के लोग


कई बार नगर पालिका व जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई। मगर कोई समाधान नहीं हो सका है। आज भी टूटी सड़क पर चलने को मजबूर होना पड़ रहा है।
-मनीष प्रसाद चतुर्वेदी


बरसात के दिनों में बहुत बुरा हाल हो जाता है। जलभराव से घर से बाहर निकलना पूरी तरह बंद हो जाता है। कीड़े आदि जीव-जंतु भी घर में घुस आते हैं।
-संदीप यादव


हमारी समस्या का समाधान नहीं कराया जा रहा है। जिससे कॉलोनी के लोगों के साथ राहगीरों में भी रोष व्याप्त है। मुख्य सड़क पर अस्थायी दुकानें भी लगाई जाती है।
-जय प्रकाश


सड़क क्षतिग्रस्त होने के साथ नालियां भी टूटी हुई है। ई-रिक्शा व दोपहिया वाहनों से आने जाने में हादसा होने का खतरा बना रहता है। बच्चे अक्सर गिरकर चुटैल हो जाते हैं।
-ब्रजवती

# आठ दिन से गांव में अंधेरा बिना पानी फसलें सूखीं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** 22 अप्रैल की रात आई आंधी से कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के पैगारफातपुर में विद्युत का खंभा टूट गया। जिससे गांव के 40 घरों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। तभी से घरों में अंधेरा है। लोगों ने विद्युत विभाग में शिकायत की। मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। जबकि सहसपुर एसडीओ तहसील से मिलने वाली सहायता के तहत कार्य कराने की बात कह रहे हैं।

गांव में लगभग 80 से 85 विद्युत कनेक्शन है। 22 अप्रैल की रात आंधी आने से गांव का विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे जुड़े करीब 40 उपभोक्ताओं के घरों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। साथ ही आठ टयूबेल की आपूर्ति भी बाधित है। ग्रामीणों ने गांव के विद्युत सब स्टेशन से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई लेकिन कुछ नहीं हुआ। गर्मी में 40 घर के लोगों को रात व दिन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


गांव पैगारफातपुर में गिरा विद्युत पोल।

पैगारफातपुर की समस्या की जानकारी है। इसको लेकर तहसील में शिकायती पत्र दिया गया है। दैवीय आपदा में मिलने वाली धनराशि से उक्त समस्या का समाधान कराया जाएगा।
-आलोक कुमार, एसडीओ राजा का सहसपुर

### स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 10 मई से 27 जून तक होगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एमए, एमएससी और एमकॉम की द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर की परीक्षा 10 मई से तीन पालियों में होगी। पहली पाली 7 से 9, द्वितीय पाली 11 से 1 और तृतीय पाली 3 से 5 बजे की होगी। सम सेमेस्टर की परीक्षा ओएमआर बेस्ड होगी। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

**खोया-पाया**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0812544 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0605735 के प्रमाणपत्र सहअंक पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। सरीफ हुसैन पुत्र साबिर हुसैन ग्रा० मिरजापुर करीमुद्दीन पो० बहेड़ी ब्रहम्मान मुरादाबाद।

**सूचना**

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 07/2023
श्रीमति मोहनी
बनाम
श्री कैलाश कुमार
पुत्र छोटे सिंह निवासी D-1/85, आशियाना फेस-2 हरथला थाना सिविल लाइन्स
जिला मुरादाबाद-244001

श्रीमति मोहनी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 03.05.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय पारित किया जायेगा।

न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी

## एक नजर

### हार्ट अटैक से किशोर की मौत, मचा कोहराम

**नगीना, अमृत विचार :** 13 वर्षीय किशोर की हार्ट अटैक होने से मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा है। थाना क्षेत्र के ग्राम जीत तयपुर पडली निवासी नरेश कुमार के 13 वर्षीय पुत्र भागेश कुमार दिल में छेद होने से पीड़ित था। भामेश का काफी समय से ऋषिकेश एम्स में उपचार चल रहा था। मंगलवार की सुबह तीन बजे बजे अचानक भागेश के सीने में दर्द हुआ। जिसको लेकर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां चिकित्सक जुबेर अहमद ने भागेश को मृत घोषित कर दिया।

### सिल्वर जुबली के रूप में मनेगा पत्रकारिता दिवस

**नगीना, अमृत विचार :** प्रगतिशील पत्रकार एसोसिएशन पंजी नगीना इस वर्ष 30 मई हिंदी पत्रकारिता दिवस को सिल्वर जुबली के रूप में मनाएगा। यह निर्णय संगठन की हुई बैठक में लिया गया। एसोसिएशन की बैठक नगर पालिका स्थित कार्यालय पर हुई। जिसमें 30 मई को पत्रकारिता दिवस सिल्वर जुबली के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन किया गया। इस दौरान डॉ. रतेंद्र विश्नोई, मनोज वाल्मीकि, मुकेश त्यागी, नंदकिशोर, अनुज शर्मा, अभय विश्नोई, राशिद उस्मानी आदि मौजूद रहे।

### छात्र सम्मानित

**नगीना, अमृत विचार :** ग्राम भुरापुर स्थित आरजीडी मॉडर्न स्कूल में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि मुंशीराम व स्कूल के प्रबंधक दीपक कुमार, प्रधानाचार्य श्रीमती प्रीति देवी ने चार छात्रों को शील्ड भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक ने कहा कि शिक्षा उन्नति का प्रथम मार्ग है। प्रधानाचार्य प्रीति देवी के संचालन में हुए कार्यक्रम में अभिभावक, छात्र छात्राएं एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### महिला से की मारपीट

**नहटौर, अमृत विचार :** ग्राम फुलसंदा खाकम निवासी हारून परवीन पत्नी फुरकान अहमद ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि कि उसके व गांव के ही नईम के बच्चों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इसी को लेकर नईम व नाजिम पुत्रगण शमी, गुन्नी खातून पत्नी शमी तथा नाजमीन पत्नी नईम लाठी डंडे लेकर उसके घर में उस समय घुस आए जब वह घर में अकेली थी। आरोपियों ने घर में घुसकर गाली गलौच करते हुए मारपीट की।

# चलती कार पर ट्रक पलटा, चालक की मौत

## हादसे के बाद कार में लगी आग, लोगों ने पत्नी व बच्चों को सुरक्षित निकाला

**संवाददाता, बिजनौर**



हादसे में क्षतिग्रस्त कार को देखते लोग। ● अमृत विचार

**दुर्घटना**
- बैराज रोड पर चावल की बोरियों से लदे ट्रक से हुआ हादसा
- कार के अगले हिस्से पर पलटा था ओवरलोड ट्रक

**अमृत विचार :** बैराज रोड पर पुलकित हॉस्पिटल के पास चलती कार पर ट्रक पलट गया। इस दौरान कार में आग लग गई। हादसे में कार चला रहे कारोबारी की जलकर मौत हो गई। वहीं कार की पिछली सीट पर बैठी कारोबारी की पत्नी, बहन और 3 बच्चों को आसपास के लोगों ने रेस्क्यू करके बाहर निकाला। इनकी हालत ठीक है।

बिजनौर कोतवाली क्षेत्र के बैराज रोड पर मंगलवार सुबह 5:30 बजे एक ट्रक ने दूसरे ट्रक को साइड से टक्कर मारी। इससे चावल की बोरियों से भरे ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह सामने से आ रही कार पर पलट गया। जिससे कार चला रहा युवक स्टेरिंग और सीट के बीच फंस गया। पुलिस ने बताया कि इमरान (32) की मौके पर ही मौत हो गई। इमरान की पत्नी तबस्सुम (28), तीन बच्चे रिहान (7), ईशु (5), अमायरा (2) और बहन नजराना को रेस्क्यू कर कार से बाहर निकाल लिया गया। इमरान हरियाणा के पानीपत का रहने वाला था। उसकी पानीपत की हाली कालोनी में हैंडलूम की फैक्ट्री है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक कार के अगले हिस्से पर पलटा। इस वजह से इमरान स्टेयरिंग और सीट के बीच दब गया। बाकी कार के पिछले हिस्से पर बोरियां गिरी। ऐसे में पिछली सीट पर बैठे परिवार को ज्यादा चोट नहीं लगी। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने बोरियां हटाई। कार का पिछला शीशा तोड़कर दो महिलाओं और बच्चों को बाहर निकाला। इतनी देर में कार में आग लग गई। थोड़ी देर बाद पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम पहुंची। पुलिस ने क्रेन से ट्रक को हटाया तब तक कार में तेज आग लग चुकी थी। रेस्क्यू टीम ने इमरान को निकालने की कोशिश की। मगर वह इतनी बुरी तरह फंसा हुआ था कि उसे निकाला नहीं जा सका। थोड़ी देर बाद आग पर काबू पाया जा सका। इमरान को रेस्क्यू करके नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### बहन को विदा कराने आया था इमरान

इमरान की बहन नजराना की 18 अप्रैल को बिजनौर में शादी हुई थी। वह बहन को ससुराल से विदा कराने के लिए आया था। सुबह 4 बजे बिजनौर के रेहड़ से पानीपत के लिए रवाना हुआ कि रास्ते में यह हादसा हो गया।

## बंद पड़ी फैक्ट्री की झाड़ियों में लगी आग

**गजरौला, अमृत विचार :** औद्योगिक नगरी में बंद पड़ी शिवालिक फैक्ट्री में खड़ी झाड़ियां में मंगलवार की शाम को भीषण आग लग गई। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग घबरा गए। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया।

आग का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था। शहर के चौपला चौकी क्षेत्र में शिवालिक फैक्ट्री स्थित है जोकि कुछ वर्षों से बंद है। फैक्ट्री परिसर में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी हुई हैं। मंगलवार की शाम को अचानक झाड़ियां में आग लग गई और कुछ ही समय में आग ने तेजी से फैलना शुरू कर दिया। आग की ऊंची-ऊंची लपट देखकर आसपास के लोग भी घबरा गए। वातावरण में धुएं का गुबार हो गया। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग के कर्मचारी गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप



बाइक राइडर रेहान खान को स्मृति चिह्न प्रदान करते आयोजक। ● अमृत विचार

### बाइक राइडिंग में चैंपियन रेहान सम्मानित

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** नगर के युवा समाजसेवियों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर निवासी अंतर्राष्ट्रीय बाइक राइडर रेहान खान को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। रेहान बाइक राइडिंग का प्रशिक्षण देते हैं। इसके अतिरिक्त रेहान बाइक राइडिंग में कई चैंपियनशिप भी जीत चुके हैं। रेहान ने बाइक राइडिंग में नजीबाबाद का नाम देश ही नहीं बल्कि विदेशों मे भी रोशन किया है। इस दौरान वसीम अख्तर, अमजद सिद्दीकी, रईस कुरैशी, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, नदीम फारुकी, शारिब अंसारी एडवोकेट, हाजी फहीम अख्तर, शराफत चौधरी आदि रहे।

### युवक पर तमंचे से फायर, ट्रैक्टर में आग लगाई

**किरतपुर, अमृत विचार :** खेत से ट्रैक्टर लेकर घर जा रहे युवक को ग्राम के ही एक युवक ने जाति सूचक शब्दों को प्रयोग करते अभद्रता की। विरोध पर तमंचे से फायर किया व ट्रैक्टर में आग लगा दी। ग्राम गाजीपुर निवासी धरेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र लविस ट्रैक्टर से घर जा रहा था। रास्ते में ग्राम वासी अक्षय चौधरी ने उसके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रता की। विरोध पर तमंचे से फायर किए। लविस किसी तरह जान बचाकर वहां से भागा। बाद में अक्षय ने ट्रैक्टर में भी आग लगा दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### गंगा में उतराता मिला युवक का शव

**गजरौला, अमृत विचार :** गंगा धाम तिगरी में एक युवक का शव पानी में उतराता मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी। मंगलवार की शाम गंगा तिगरी में मुख्य घाट की ओर एक युवक का शव किनारे पर आकर लग गया। स्थानीय दुकानदारों व श्रद्धालुओं की नजर उस ओर गई। फिर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को गंगा से बाहर निकलवाया। काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया गया है। शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### पानी की आपूर्ति ठीक कराने की मांग

**नगीना, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वाटर टैंक से दूषित पानी की आपूर्ति आने पर पूर्व सभासद मुअज्जम रियाजी ने शिकायत दर्ज कर समस्या के समाधान की मांग की है। पूर्व सभासद ने पत्र में बताया कि कि नगर के वार्ड नंबर 22 मोहल्ला पंजाबियान में पिछले दो माह से नगर पालिका वाटर टैंक से दूषित पानी आने के कारण लोगों में बीमारी का खतरा बढ़ गया है। पूर्व सभासद ने कई बार इस बारे में शिकायत की, मगर सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने इस संबंध में नगर पालिका में शिकायत पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की। वहीं इस संबंध में ईओ संदीप सक्सेना से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह इस समय लखनऊ में है। उन्होंने बताया कि जल निगम द्वारा लाइनें बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई के कारण पाइप लाइन के फट जाने से यह शिकायत सामने आ रही है। जल्द ही समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।

### छात्रा का अपहरण कर छेड़छाड़ करने में दो गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ तथा अपहरण के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। हसनपुर नगर निवासी एक मोहल्ले की युवती नगर के ही एक इंटर कॉलेज में कक्षा 8 की छात्रा है। छात्रा की मां के मुताबिक उसके पड़ोस के ही दो युवक उसकी बेटी का अपहरण कर ले गए और छेड़छाड़ की। काफी दबाव के बाद आरोपियों द्वारा पीड़िता की बेटी को घर भेज दिया गया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाल सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी उज्जवल पुत्र जगपाल सिंह निवासी मोहल्ला कोट पश्चिम एवं एक अन्य नाबालिग को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### सिगरेट के रुपये मांगने पर दुकानदार को पीटा

**गजरौला,अमृत विचार :** सिगरेट के रुपये मांगने पर दुकानदार को पीट दिया गया। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला अल्लीपुर भूड़ निवासी अनुज कुमार की नेशनल हाईवे के किनारे एक ढाबे पर कनफेक्शरी की दुकान है। बीती 26 अप्रैल की रात दो लोग उनकी दुकान पर पहुंचे और सिगरेट मांगी। दुकानदार ने सिगरेट देने के बाद रुपये मांगे तो युवकों ने मारपीट कर जातिसूचक शब्द कहे। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शोर होने पर आसपास लोगों की भीड़ जमा हुई तो आरोपी फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में अनुज की तहरीर पर गांव अटारी मुरीदपुर निवासी आकाश धारीवाल व गांव मीरपुर निवासी सर्वेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# क्षतिग्रस्त मार्ग की सीएम पोर्टल पर की शिकायत

**संवाददाता, नहटौर**



क्षतिग्रस्त सड़क।

**अमृत विचार :** एसएच 74 से नसीबपुर मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए जांच की मांग की है।

गांव कश्मीरी से मलकपुर नसीबपुर आकू होते हुए प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 4 वर्ष पूर्व सड़क बनाई गयी थी। वह लगभग 2 साल से क्षतिग्रस्त है। जिसमें जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं। आरोप है कि सड़क बनाते समय ही उसमें घटिया सामग्री लगाई गई थी। आरोप है कि कार्य बोर्ड पर दर्शाया गया है कि अनुसरण लागत के अनुसार 51 लाख 38 हजार रुपये एमएन बिल्डर्स ठेकेदार के पास रिजर्व हैं, लेकिन इसके बावजूद भी पिछले 4 सालों से अभी तक मार्ग पर कोई मरम्मत का कार्य नहीं हुआ है। जिसकी कई बार शिकायत की जा चुकी है। इसी संबंध में एक प्रार्थना पत्र जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से 27 मार्च को लगाया गया था। जिसकी आख्या में दर्शाया गया कि इस संबंध में ठेकेदार को लिखित रूप से आदेशित किया गया है। ग्रामीण विनोद कुमार, अमित कुमार, साजिद हुसैन, भीम सिंह, पवन कुमार आदि ने जांच कर सड़क निर्माण की की मांग की है।

## नहीं पकड़ा जा सका गुलदार, तलाश जारी

**नगीना, अमृत विचार :** वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा पर प्राण घातक हमला करने वाला गुलदार नहीं पकड़ा जा सका। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के मदद से अभियान भी चलाया, मगर सफलता नहीं मिली।

सोमवार की शाम को नगीना -नहटौर मार्ग स्थित गांव ज्ञानपुर में श्रीबाबा गोरखनाथ के आश्रम के पास गुलदार को पकड़ने के लिए सुनील चौहान के खेत में वन विभाग के कर्मियों द्वारा पिंजरा लगवाते समय गुलदार ने वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा पर हमला कर दिया था। घटना से हड़कंप मच गया था। गंभीर रूप से घायल वन क्षेत्राधिकारी को उपचार के लिए धामपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जहां अभी भी उनका उपचार जारी है। घटना के बाद से ही वन विभाग के एसडीओ अंशुमन मित्तल के नेतृत्व में हरगोविंद सिंह, विजय भारत, जगत सिंह राणा आदि वन कर्मियों द्वारा गुलदार को पकड़ने के लिए कांबिंग की जा रही है।

# बुखार से दो छात्रों की मौत से परिजनों में कोहराम

**संवाददाता, सैदनगली**



नौशीन फातिमा।



हमजा।

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र उझारी में बुखार जानलेवा होता जा रहा है। कई दिन से बुखार से पीड़ित छात्र एवं छात्रा की दिल्ली में अलग-अलग अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बिना कार्रवाई के शवों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

बता दें कि हसनपुर तहसील क्षेत्र के कस्बा उझारी के मोहल्ला पठानों वाला निवासी वकार खां का 15 वर्षीय बेटा हमजा दस दिनों से बुखार से पीड़ित था। परिजनों ने उसे मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने उसे दिल्ली रेफर कर दिया। दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह काला खेड़ा के एक विद्यालय में कक्षा 10 का छात्र था। वह चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। छात्र की मौत से मां नजमा खान समेत परिवार का रो रोकर पर बुरा हाल है। परिजनों ने बिना कार्रवाई के मृतक छात्र के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। उधर, कस्बा उझारी के मोहल्ला कुरेशियांन निवासी मशहूर कुरैशी की 15 वर्षीय बेटी नौशीन फातिमा गजरौला के सेंट मैरी स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा थी। परिजनों ने बताया कि उसे करीब 15 दिन पहले बुखार आया था। हालत में सुधार नहीं होने पर उसे दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान छात्रा की मौत हो गई।

# रोगों की रोकथाम को योग जरूरी

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**



अमरोहा में बैठक में बोलते चिकित्साधिकारी। ● अमृत विचार

**जागरूकता**
- स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान
- नागरिकों से की घर के आसपास साफ-सफाई करने की अपील

**अमृत विचार :** गर्मी का मौसम शुरू होते ही संचारी रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को संचारी रोग से बचाव के लिए अति आवश्यक बताया है।

जोया ब्लाक में आयुष्मान विभाग द्वारा एक कैंप लगाया गया। जिसमें गर्मियों के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में फैलने वाले संचारी रोगों की रोकथाम के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. सुखदेव कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में संचारी रोग तेजी के साथ फैलते हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों से बचाव के लिए योगा करना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग करने से बीमारियां दूर रहती हैं और शरीर भी स्वस्थ रहता है। इसलिए हम सभी को सुबह और शाम के समय बीमारियों से बचाव के लिए योगा करना चाहिए। डॉ. सुखदेव ने बताया कि संचारी रोग की रोकथाम के लिए ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की टीम द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। ग्रामीणों को बचाव के उपाय भी बताए जा रहे हैं। तेजी के साथ बढ़ती गर्मी के कारण बुखार उल्टी दस्त खांसी जुकाम की बीमारियां तेजी के साथ बढ़ रही हैं। इन बीमारियों से सावधान रहने लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

## शिव इंटर कॉलेज के अध्यापकों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**गजरौला, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मतदान के दिन शिव इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डा.शलभ भारद्वाज के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार करने पर रोष व्यक्त करते हुए डीएम को एक ज्ञापन सौंपा गया। मंगलवार को शिव इण्टर कालेज में स्टाफ की बैठक हुई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि हम सभी शिक्षक सदैव निर्वाचन के कार्य में तन, मन से जुटे रहते हैं। इस बार भी अधिक मतदान कराने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित कराए गए। लेकिन 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह ने पहले फोन काल करके प्रधानाचार्य डा.शलभ भारद्वाज को विद्यालय में कुछ मतदान कर्मियों को भोजन उपलब्ध नहीं होने की बात कहते हुए दुर्व्यवहार किया। वहीं जब प्रधानाचार्य स्कूल आए तो तमाम चुनाव अधिकारियों, स्थानीय मतदाताओं आदि के सामने ही डीआईओएस ने उनके साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया। इससे कालेज स्टाफ में डीआईओएस के प्रति खासा रोष है। मंगलवार को समस्त स्टाफ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर डीआईओएस के प्रति उचित कार्रवाई की मांग की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा.शलभ भारद्वाज, गगन अग्रवाल, डा.शरद कुमार शर्मा, एनडी शर्मा, शैलेन्द्र कुमार, अनिल कुमार यादव, नरेन्द्र सिंह, जसपाल सिंह, अवधेश कुमार, चंचल कुमारी, जयविंदर सिंह, अंकित सिंह, मोनिका, महक यादव आदि मौजूद रहे।

## गेहूं खरीद को लेकर नोडल अधिकारी ने जताई नाराजगी

**अमरोहा, अमृत विचार :** खाद एवं रसद विभाग के अपर आयुक्त एवं नोडल अधिकारी ने मंगलवार को जिले के गेहूं केंद्रों का निरीक्षण किया। गेहूं खरीद की स्थिति का जायजा लेते हुए कम खरीद पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को खाद एवं रसद विभाग के अपराजिता कांता प्रसाद ने जिले में खोले गए गेहूं खरीद केंद्र का निरीक्षण किया। मौके पर जाकर गेहूं खरीद के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रगति लक्ष्य के अनुरूप खरीद न होने पर केंद्र प्रभारियों को सुधार करने की चेतावनी दी है। उन्होंने गेहूं खरीद की प्रगति नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित केंद्र प्रभारियों को गेहूं खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। गेहूं खरीद का रिकॉर्ड भी चेक किया। मंडी में गेहूं लेकर आने वाले किसानों से भी गेहूं खरीद के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने मंडी धनोरा में भी गेहूं केंद्र का निरीक्षण किया।

**प्रारूप सी-1**

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)
(पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य)
**अभ्यर्थी का नाम और पताः** जियाउर्रहमान
**राजनैतिक दल का नामः** समाजवादी पार्टी
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां निर्दलीय लिखें)
**निर्वाचन का नामः** लोकसभा
**निर्वाचन क्षेत्र का नामः** 08 सम्भल
मैं जियाउर्रहमान (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

**(क) लंबित आपराधिक मामले**

| क्रम. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (लों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ऐं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यायालय सिविल जज (सी0डी0) चन्दौसी | केस नं.- 1241/24 | विचाराधीन | अंतर्गत धारा 188, 171 एच आई.पी.सी. |
| 2 | जे.एम. सम्भल | केस नं.- 276/24 | विचाराधीन | अंतर्गत धारा 126, लोक जन प्रति. अधि. 188, 269, 270 आई.पी.सी. |
| 3 | एम.पी./एम.एल.ए. कोर्ट मुरादाबाद | केस नं.- 30512/23 | विचाराधीन | अंतर्गत धारा 188, 269, 270, 171 एच., 51 (बी.), 3 |
| 4 | एम.पी./एम.एल.ए. कोर्ट मुरादाबाद | केस नं.- 12364/23 | विचाराधीन | अंतर्गत धारा 188, 269, 270, 3, 51 (बी.) |
| 5 | एम.पी./एम.एल.ए. कोर्ट मुरादाबाद | केस नं.- 45522/22 | विचाराधीन | अंतर्गत धारा 188, 269, 270, 3, 51 (बी.) |
| 6 | पुलिस स्टेशन हजरत नगर गढी जिला मुरादाबाद | केस नं.- 27/22 | विचाराधीन | ———— |

**(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण**

| क्रम. सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरापित दण्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 4 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 5 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 6 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**परेशानी** | अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, अस्पतालों में बढ़े मरीज

# तेज धूप व गर्मी से लोग परेशान, सतर्कता बरतने की सलाह

**कार्यालय संवाददाता अमरोहा**



नगर के सरकारी अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तेज धूप और गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया है। सूर्य की आग उगलती तल्ख किरणों ने लोगों को तीखी उमस का अहसास कराया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम में बदलाव के चलते तीन दिन पहले आए आंधी-तूफान लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली थी। लेकिन मंगलवार को फिर तेज धूप व गर्मी से लोग खासे परेशान दिखे। कूलर पंखों की भी हवाएं भी बेजान सी लगने लगी। लोग गर्मी से बचने के लिए खुली हवा में भी बैठे मगर राहत नहीं मिली। वहीं तेज धूप होने के चलते लोग भी घरों से बाहर कम ही निकले। हालांकि मौसम विभाग की माने तो अभी कुछ दिन और भीषण गर्मी रहने वाली है।

### ऐसे करें गर्मी से बचाव

- पानी और तरल पदार्थों का सेवन ज्यादा करें।
- मौसमी फल तरबूज, खरबूजा, ककड़ी आदि का सेवन करें।
- धूप से बचाव के लिए सिर पर कैप या कपड़ा रखें।
- डायरिया होने पर बच्चों को ओआरएस का घोल पिलाएं।

### बीमारी से बचने को बरतें सावधानियां : प्रांजल

**अमरोहा, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते जिले में पारा बढ़ गया है। डॉक्टरों की मानें तो तापमान में बदलाव होने से सेहत पर भी असर हो सकता है। जरूरी है कि इस गर्मी के मौसम में आप अपनी सेहत का ध्यान रखें। जिला अस्पताल के चिकित्सक प्रांजल मिश्रा ने बताया कि गर्मी के मौसम मे शरीर में पानी की कमी न होने दे। गर्म हवाओं से बचने के लिए पूरे कपड़े पहनकर ही बाहर निकले। बाहर निकलते समय सिर पर कपड़ा जरूर रखें। वायरल की शिकायत होने पर तत्काल चिकित्सक से सलाह लें। इस मौसम में बुखार भी हो जाता है। जिससे शरीर की इम्युनिटी वैसे भी कम हो जाती है। ऐसे में लोग हाइड्रेटेड रहे और इस वक्त बाहर का खाना बिल्कुल न खाएं।

### अस्पताल में बढ़ रहे बुखार व डायरिया के मरीज

**अमरोहा, अमृत विचार :** लगातार गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। इसका असर जिला अस्पताल में भी पड़ा है। चिकित्सकों के मुताबिक गर्मी के चलते बुखार और डायरिया के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। जिला अस्पताल में मरीज और तीमारदार भटकते दिखे। वही, पंजीयन, ओपीडी और दवा वितरण कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। डॉक्टर गर्मी के मौसम में मरीज को सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं। दिन में तेज धूप और लू के कारण लोगों की सेहत खराब हो रही है। गर्मी अधिक बढ़ने से लोग बीमार हो रहे हैं। उमस भरी गर्मी के चलते जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या कई गुनी हो गई है।

आत्मज्ञानं समारम्भः तितिक्षा धर्मनित्यता।
यमर्थान्नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

जो अपनी योग्यता से भली-भांति परिचित हो और उसी के अनुसार कल्याणकारी कार्य करता हो, जिसमें दुःख सहने की शक्ति हो, जो विपरीत स्थिति में भी धर्म-पथ से विमुख नहीं होता, ऐसा व्यक्ति ही सच्चा ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# कारोबार के लिए

दुनिया के तीसरे सबसे अमीर आदमी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के साथ अचानक ऐसा क्या हुआ कि वो भारत के बदले चीन पहुंच गए। मस्क का चीन जाने का निर्णय टेस्ला को पटरी पर वापस लाने की तात्कालिकता की भावना को रेखांकित करता है। फिर भी मस्क का अचानक चीन जाना बहुतों को हैरान कर सकता है। मस्क ने भारत आने से एक दिन पहले अपनी यात्रा रद्द कर दी, क्योंकि भारत में चुनाव चल रहे थे। इसलिए मस्क की चीन यात्रा को भारत की अवमानना के रुप में नहीं देखा जा सकता। मस्क की स्थगित हुई भारत यात्रा रणनीति में बदलाव को दर्शा सकती है। सीईओ ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि टेस्ला नए मॉडलों में तेजी ला रही है, जिन्हें कंपनी अपने मौजूदा लाइनअप के समान विनिर्माण लाइनों पर तैयार करेगी। विश्लेषकों ने अनुमान लगाया है कि इसका मतलब यह हो सकता है कि कार निर्माता मैक्सिको में एक कारखाने में और देरी करेगा और भारत में किसी भी संयंत्र को रोक देगा। जब मस्क के टॉप अधिकारियों के भारत का दौरा करने के बाद रेड कारपेट पूरी तरह से सज चुका था, ऐसे में चीन ने ऐसा क्या किया कि मस्क को एक झटके में सब छोड़ के चीन जाना पड़ा। दरअसल टेस्ला का मार्केट पहले ही डाउन हो रहा था। इसलिए मस्क ने आपाधापी में चीन का दौरा कर टेस्ला को चीन में नया जीवनदान दिया है। गौरतलब है कि मस्क की चीन यात्रा ऐसे समय हुई है जब चीन और अमेरिका के रिश्ते अच्छे नहीं चल रहे हैं। यूक्रेन-रूस युद्ध समेत तमाम बड़े मसलों पर दोनों देश विपरीत खेमों में खड़े नजर आ रहे हैं।

बीते दिनों ही अमेरिका ने टिकटॉक की चीनी पैरेंट कंपनी को जो चेतावनी दी है, उससे उस पर प्रतिबंध का खतरा मंडराने लगा है। हिंदुस्तान में उन्हें एक बड़ा बाजार नजर आ रहा है, जहां इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अपार संभावनाएं हैं। टेस्ला अरसे से कोशिश में है कि भारत में उसकी एंट्री हो जाए, लेकिन चीन की तुलना में भारतीय इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार छोटा है। इसलिए भले ही अभी मस्क चीन में अपने कारोबार को संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी चीन यात्रा ने टेस्ला के भारतीय कारोबार के भविष्य पर सवाल खड़े किए हैं। चीन की तरह ही भारत एलन मस्क के लिए एक बड़ा मार्केट हैं ऐसे में मस्क की पूरी कोशिश रहेगी कि वो जल्द से जल्द भारत का रुख करेंगे।

# देवगौड़ा से बड़ी उम्मीदें लगाए हुए थे लालू



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

संयुक्त मोर्चा सरकार की अगुवाई को लेकर इसमें शामिल दलों में जबरदस्त खींचतान थी। पहली पसंद विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सरकार का नेतृत्व करने से इंकार कर दिया था। ज्यादा दबाव पड़ने पर निर्णायक बैठक के दिन वे भूमिगत हो गए। ज्योति बसु को उनकी पार्टी सीपीएम के पॉलिट ब्यूरो ने इजाजत नहीं दी। चंद्र बाबू नायडू आंध्र प्रदेश छोड़ने को तैयार नहीं थे।

देवगौड़ा ने कर्नाटक कैडर के आईपीएस सरदार जोगिंदर सिंह को सीबीआई का डायरेक्टर बनाया था। ज्वाइंट डायरेक्टर यू.एन विश्वास जांच टीम की अगुवाई कर रहे थे। लालू की गिरफ्तारी बहुत दूर नहीं थी। पटना से लालू के प्रधानमंत्री देवगौड़ा के फोन निरर्थक साबित हो रहे थे। सुप्रीम अदालत के निर्देश पर हो रही जांच और हाईकोर्ट की उस पर निगरानी के कारण देवेगौड़ा हाथ खड़े कर चुके थे। पर लालू मानने को तैयार नहीं थे। उन्हें लगता था कि देवगौड़ा के इशारे पर सीबीआई उन्हें घेर रही है। बेहद नाराजगी के साथ उन्होंने पटना से फोन पर देवगौड़ा से कहा, "यह सब अच्छा नहीं हो रहा है। जो आप करवा रहे हैं, इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

1996 में बहुमत साबित करने में असफल अटल बिहारी बाजपेई की सरकार सिर्फ तेरह दिन में गिर चुकी थी। 545 सदस्यीय सदन में भाजपा और उसके सहयोगियों की संख्या 186 थी। संयुक्त मोर्चा के 215 और कांग्रेस के 139 सदस्य थे। कांग्रेस के समर्थन से बनी अल्पजीवी चरण सिंह और चंद्रशेखर की सरकारों के कटु अनुभव संयुक्त मोर्चा के नेताओं को बखूबी याद थे। लेकिन तुरंत कोई चुनाव नहीं चाहता था। जाहिर है कि भाजपा की नाकामी के बाद संयुक्त मोर्चा की सरकार कांग्रेस के ही समर्थन से मुमकिन थी। पिछले मौकों की तरह एक बार फिर कांग्रेस ने गैर कांग्रेसी सेक्युलर दलों को बाहर से समर्थन देने का फैसला किया।

संयुक्त मोर्चा सरकार की अगुवाई को लेकर इसमें शामिल दलों में जबरदस्त खींचतान थी। पहली पसंद विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सरकार का नेतृत्व करने से इंकार कर दिया था। ज्यादा दबाव पड़ने पर निर्णायक बैठक के दिन वे भूमिगत हो गए। ज्योति बसु को उनकी पार्टी सीपीएम के पॉलिट ब्यूरो ने इजाजत नहीं दी। चंद्र बाबू नायडू आंध्र प्रदेश छोड़ने को तैयार नहीं थे। तामिलनाडु के मुख्यमंत्री के.करुणानिधि ने भी इंकार कर दिया। लालू और मुलायम सिंह दोनों ही एक - दूसरे के नाम पर तैयार नहीं थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री एचडी देवगौड़ा शुरुआती दौड़ में भले शामिल न रहे हों लेकिन वे अकेले थे, जिनके नाम पर सर्व सहमति बनी।

देवगौड़ा के पिता दूध वितरण का काम करते थे। माली हालत ऐसी कमजोर थी कि वे अपनी चार संतानों में किसी एक की ही पढ़ाई का खर्च उठा सकते थे। ये सौभाग्य एचडी देवगौड़ा के हिस्से में आया। वे सिविल इंजीनियर बने। उनके जिले हासन के लोग काफी दिनों तक उन पुलियों का जिक्र करते थे, जो देवगौड़ा की देख-रेख में बनीं। प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने के पहले उन्हें कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर काम करने का अनुभव था। लेकिन केंद्र में उन्हें ऐसी सरकार की अगुवाई करनी थी, जिन्हें संयुक्त मोर्चा के दलों को संजोने के साथ ही बात-बात में तिरछी होती कांग्रेस की नजरों का भी ख्याल रखना था।

देवगौड़ा को लगभग ग्यारह महीने सरकार चलाने का मौका मिला। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने जम्मू कश्मीर में छह साल से चले आ रहे राष्ट्रपति शासन को समाप्त कर चुनाव कराए। इंद्र कुमार गुजराल उनकी सरकार में विदेश मंत्री थे। उनकी सलाह पर बांग्ला देश से गंगा जल के बंटवारे का विवाद समाप्त कर समझौता हुआ। जबरदस्त दबाव के बाद भी इस सरकार ने व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर हस्ताक्षर नहीं किए। इसी का नतीजा था कि 1998 में अटल सरकार पोखरण में परमाणु परीक्षण कर सकी। विद्रोही नगा नेताओं से शांति समझौता भी इस सरकार की एक उपलब्धि थी।

एक छोटा सा कार्यकाल। अलग दिशाओं में भागते सहयोगी। सबकी कुछ न कुछ चाहत। कांग्रेस का हर वक्त दबाव। इन हालात में प्रधानमंत्री के तौर पर कोई बड़ी छाप छोड़ जाने की देवगौड़ा से उम्मीद नहीं की जा सकती थी। लेकिन चारा घोटाले मामले में फंसे लालू की बेजा मदद से साफ इंकार करके देवगौड़ा ने एक बड़ी लकीर खींची। जनता दल की अंदरूनी खींचतान में लालू-देवगौड़ा साथ थे। प्रधानमंत्री के लिए देवगौड़ा के नाम पर मोहर लगाने वालों में लालू भी शामिल थे। संयोग से लालू पर चारा घोटाले का शिकंजा उन्हीं दिनों कसा जब प्रधानमंत्री की कुर्सी पर देवगौड़ा आसीन थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई चारा घोटाले की जांच कर रही थी। पटना हाईकोर्ट इस जांच की निगरानी कर रहा था। केंद्र सरकार के हाथ बंधे हुए थे लेकिन देवगौड़ा को अपना आदमी समझते हुए लालू उनसे बड़ी उम्मीदें लगाए हुए थे।

देवगौड़ा ने कर्नाटक कैडर के आईपीएस सरदार जोगिंदर सिंह को सीबीआई का डायरेक्टर बनाया था। ज्वाइंट डायरेक्टर यू.एन विश्वास जांच टीम की अगुवाई कर रहे थे। लालू की गिरफ्तारी बहुत दूर नहीं थी। पटना से लालू के प्रधानमंत्री देवगौड़ा के फोन निरर्थक साबित हो रहे थे। सुप्रीम अदालत के निर्देश पर हो रही जांच और हाईकोर्ट की उस पर निगरानी के कारण देवेगौड़ा हाथ खड़े कर चुके थे। पर लालू मानने को तैयार नहीं थे। उन्हें लगता था कि देवगौड़ा के इशारे पर सीबीआई उन्हें घेर रही है। बेहद नाराजगी के साथ उन्होंने पटना से फोन पर देवगौड़ा से कहा, "यह सब अच्छा नहीं हो रहा है। जो आप करवा रहे हैं, इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। कांस्पीरेसी करनी हो तो भाजपा के खिलाफ करो। हमारे क्यों पीछे पड़े हो।"

चारा घोटाले की जांच लालू- देवगौड़ा के रिश्तों को काफी खराब कर चुकी थी। लालू का धैर्य जवाब दे चुका था। "का जी देवगौड़ा, इसीलिए तुमको पीएम बनाया था कि तुम हमारे खिलाफ केस तैयार करो? बहुत गलती किया तुमको पीएम बनाके।" चारा घोटाले में बुरी तरह फंसे ये लालू यादव थे जो 7 रेस कोर्स के मीटिंग हॉल में जनता दल की संचालन समिति की बैठक में प्रवेश करते समय देवगौड़ा से तल्ख लहजे में मुखातिब थे। देवेगौड़ा का जवाब दो टूक था, "भारत सरकार और सीबीआई कोई जनता दल तो है नहीं कि उसे भैंस की तरह हांक दिया। आप पार्टी को भैंस की तरह चलाते हैं लेकिन मैं भारत सरकार चलाता हूं।" लालू की नाराजगी की देवगौड़ा को खास फिक्र नहीं थी लेकिन उनकी असली चिंता कांग्रेस को लेकर थी, जिसके समर्थन बिना सरकार का टिके रहना मुमकिन नहीं था।

कांग्रेस ने 1979 में चरण सिंह की सरकार बनवाई थी। जनता पार्टी के बिखराव के साथ कांग्रेस का मकसद पूरा हो चुका था। फिर कांग्रेस ने चरण सिंह को संसद का सामना करने तक की मोहलत नहीं दी थी। कांग्रेस को बेदखल करके 1989 में सत्ता में आए विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भले भाजपा के समर्थन वापसी के कारण गिरी हो लेकिन चंद्रशेखर को समर्थन देकर कांग्रेस ने जनता दल में बड़े बिखराव का रास्ता साफ किया था। चंद्रशेखर सरकार को कांग्रेस का समर्थन सिर्फ चार महीने के लिए मिला। देवगौड़ा ने 1 जून 1996 को शपथ ली। मार्च तक उनकी सरकार ने नौ महीने का सफर तय कर लिया था। सरकार कुछ टिकती नजर आ रही थी। कांग्रेस चिंतित होने लगी। अटकलें लगाई गईं कि कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी की प्रधानमंत्री पद पर नजर थी और उनकी महत्वाकांक्षा देवगौड़ा साकार के पतन का कारण बनी। लेकिन प्रणव मुखर्जी अपनी किताब 'द कोलिएशन ईयर्स' में इस धारणा को खारिज करते हैं। उनके मुताबिक सरकार में शामिल दल और नेता लगातार कांग्रेस के खिलाफ़ बयानबाजी कर रहे हैं। बोफोर्स जांच भी तेज कर दी गई। सीबीआई डायरेक्टर जोगिंदर सिंह ने रही-सही कसर पूरी कर दी। 22 जनवरी 1997 को वे जेनेवा से एक बॉक्स के साथ आए और नाटकीय दावा किया कि इसमें बोफोर्स में कमीशनखोरी के सबूत भरे हुए हैं। मुखर्जी के मुताबिक असलियत में ऐसा कुछ नहीं था। कांग्रेस समर्थन वापसी के लिए बहाने की तलाश में थी। इसके लिए गांधी परिवार के सम्मान की हिफाजत से माकूल वजह और क्या हो सकती थी? बजट सत्र के दौरान ही 30 मार्च 1997 को कांग्रेस ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया। देवगौड़ा 21 अप्रैल 1997 तक प्रधानमंत्री की कुर्सी पर रहे।

## प्रसंगवश

# समाजवादी वैचारिकी के पर्याय



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

पचास के दशक में जब डॉ. राम मनोहर लोहिया ने नेहरू और कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों का विरोध करने का संकल्प लिया। उस समय उनके अनन्य वैचारिक सहयोगी के रूप में मधु लिमये का नाम तेजी से उभरकर सामने आया। जिनके सिद्धांतवादी एवं जनप्रतिबद्ध राजनीति के लोहिया भी कायल थे। उसी दौरान प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना के समय लोहिया जनरल सेक्रेटरी जबकि मधु लिमये, अशोक मेहता और सादिक अली के साथ जॉइंट सेक्रेटरी बनाए गए। मधु को लेकर लोहिया के मन में विशेष सम्मान था, जिसका उदाहरण गाजीपुर में आयोजित प्रजा समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी में मधु लिमये को आमंत्रित करने के निर्णय से मिलता है। जबकि 1955 में मद्रास के अवाड़ी अधिवेशन में कांग्रेस के प्रस्ताव पर प्रजा समाजवादी पार्टी के बम्बई अध्यक्ष अशोक मेहता के समर्थन का कड़ा विरोध करने की वजह से मधु लिमये को पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। इस आमंत्रण के बाद प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष की हैसियत से आचार्य नरेंद्र देव ने गाजीपुर के प्रादेशिक सम्मेलन पर रोक लगा दी। बावजूद इसके सम्मेलन आयोजित हुआ और इसमें लोहिया के निर्देश पर केंद्रीय नेतृत्व की निंदा की गई। जिसके फलस्वरूप लोहिया को भी निलंबित कर दिया गया। इस घटनाक्रम से समाजवादी आंदोलन में मधु लिमये के महत्व को बखूबी समझा जा सकता है।

मधु लिमये का जन्म 1 मई 1922 को पूना में हुआ था। इनके पिता श्री राम चन्द्र महादेव लिमये थे। प्रो चंपा लिमये इनकी जीवनसंगिनी बनी। जिन्होंने सौहार्द के नाम से अपने पति के लेखों का महत्वपूर्ण संग्रह प्रकाशित करवाया। फर्गुसन कॉलेज में पढ़ाई छोड़कर छात्र जीवन में ही मधु लिमये स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और अठ्ठारह वर्ष की अवस्था मे 1940-41 में उन्हें कारावास की पहली सजा हुई।' भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिगत रहते हुए महाराष्ट्र में उन्होंने आंदोलन का नेतृत्व किया, बाद में पकड़े गए और लंबे समय तक जेल रहे। इस पहचान ने उन्हें समूचे देश में ख्याति दिलाई। आजादी के बाद गोवा मुक्ति आंदोलन का उन्होंने लोहिया के साथ सफलतापूर्वक संचालन किया जिसकी वजह से उन्हें बारह साल की सजा हुई। जो उनके संघर्षशील व्यक्तित्व की बानगी है। मधु लिमये चार बार लोकसभा के सदस्य रहे और अत्यंत प्रखर सांसद के रूप में विख्यात हुए। संसद में उनके प्रवेश के साथ ही सत्ता दल के मंत्रियों के माथे पर बल आ जाता था। संसदीय नियमों के मर्मज्ञ मधु लिमये लोकसभा में गरीबों-मजलूमों के आवाज थे। उनके सांसद रहते प्रायः सभी महत्वपूर्ण बिल बिना बहस के पास नही हो पाता था। उनका हमेशा प्रयास रहता था कि कैसे संसद की छवि आम जनमानस में जनता की बुनियादी समस्याओं के समाधान केंद्र के रूप में मजबूत किया जा सके। इसीलिए मधु लिमये आजीवन जनप्रतिनिधि होने की मर्यादा, राजनैतिक सुचिता और ईमानदारी के पर्याय बने रहे। उनका मानना था कि जनता ने जिस भरोसे और विश्वास से आपको चुना है, उस पर खरे उतरने के लिए नैतिक चरित्र बेदाग होना चाहिए। तभी नेताओं की कही गई बातों का असर जनता पर पड़ेगा। प्रारंभ से अंत तक वे समाजवाद के प्रति समर्पित रहे और गैरबराबरी एवं राजनीतिक तिकड़मों के खिलाफ आवाज उठाते रहे। 1982 में खराब स्वास्थ्य की वजह और मूल्य आधारित राजनीति की गिरावट के कारण राजनीति को अलविदा करने के बाद पूरा समय लेखन में लगाते रहे। जिसके परिणामस्वरूप जीवन के अंतिम दशक में तीस से अधिक और कुल मिलाकर लगभग साठ पुस्तकों का लेखन करने का काम किया। जो राजनीति सहित समाज के अंतर्संबंधों को समझने की दिशा में कारगर साहित्य हैं। जेपी आंदोलन के विस्तार और संपूर्ण विपक्ष की एकता स्थापित करने में मधु लिमये की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही। उन्होंने जनता पार्टी की सरकार में शामिल विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों की दोहरी पार्टी सदस्यता का कड़ा विरोध किया एवं इसके स्थान पर इकहरी सदस्यता की वकालत की।

आपातकाल के दौरान मीसा के अंतर्गत जुलाई 1975 से फरवरी 1977 तक वे मध्यप्रदेश की विभिन्न जेलों में रहे। इसके विरोध में उन्होंने पांचवें लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। मधु लिमये ने विचार की राजनीति करने वाले नौजवानों की एक लंबी फेहरिश्त तैयार की । वो नौजवानों को हमेशा सिद्धांत आधारित राजनीति के लिए प्रेरित करते रहते थे।

# वैक्सीन पर स्वीकारोक्ति के मायने



संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

यह सब हुए कई साल बीत गए हैं। बीच-बीच में कोरोना की छोटी-मोटी लहर की चर्चा को छोड़कर कोई बड़ी लहर नहीं आई है। इससे लगता है कि वैक्सीन का असर हुआ है।

कोरोना की कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अदालत में कुबूल किया है कि इस वैक्सीन से कुछ लोगों को हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक होने का कुछ खतरा है। यह वही वैक्सीन है जिसका भारत में सीरम इंस्टीट्यूट के जरिये बड़े पैमाने पर उत्पादन कराया गया। एक प्राइवेट इंस्टीट्यूट द्वारा उत्पादित वैक्सीन का सरकार की ओर से न सिर्फ प्रचार किया गया, बल्कि उसे आईसीएमआर की ओर से प्रमाणित कराकर सुरक्षित घोषित किया गया। जबकि सभी को पता है कि वैक्सीन के ट्रायल जल्दबाजी में किए गए थे। क्लिनिकल एवं अन्य परीक्षणों की लंबी और सालों तक चलने वाली प्रक्रिया को कुछ महीनों और हफ़्तों में यह कहकर संक्षेप में निपटा दिया गया कि यह वक्त की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने स्वयं सीरम इंस्टीट्यूट का दौरा किया और उसके एमडी अदार पूनावाला के साथ मिलकर देश को वैक्सीन उत्पादन बढ़ाने का भरोसा दिया। उन्होंने स्वयं वैक्सीन लगवाकर दिखाई और देशवासियों से वैक्सीन लगवाने की अपील भी की। इसके बाद कोवैक्सीन, कोर्बेवैक्स जैसी कई दूसरी वैक्सीन भी आईं और लगाई गईं। सरकार ने इसे बड़े पैमाने पर खरीदा और जनता को मुफ्त लगाया। देश भर में वैक्सिनेशन कैंप लगाए गए। लोगों को लंबी लाइनों में लगकर वैक्सीन लगवानी पड़ी। वैक्सीन सर्टिफिकेट बांटे गए और अनेक सरकारी सेवाओं के लिए इस सर्टिफिकेट को अनिवार्य कर दिया गया। हम सबके मोबाइल या दराज में यह सर्टिफिकेट अब भी मौजूद है।

यह सब हुए कई साल बीत गए हैं। बीच-बीच में कोरोना की छोटी-मोटी लहर की चर्चा को छोड़कर कोई बड़ी लहर नहीं आई है। इससे लगता है कि वैक्सीन का असर हुआ है। कोरोना के नए वैरिएंट आते हैं और बिना कोई खास असर दिखाई वापस चले जाते हैं। वैक्सीन से पुराना वैरिएंट खत्म हो गया है और इम्युनिटी बढ़ने के कारण नए वैरिएंट को अपनी ताकत दिखाने, बढ़ाने का मौका नहीं मिलता। लेकिन दूसरी तरफ अचानक हार्ट अटैक, हार्ट अरेस्ट और ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। आए दिन इस तरह की खबरें पढ़ने और वीडियो देखने, सुनने को मिलते हैं। अकेले भारत में ही नहीं, दूसरे देशों में भी, जिनमें ब्रिटेन भी शामिल है, जहां कोविशील्ड का आविष्कार हुआ था। जहां की कंपनी एस्ट्राजेनेका ने इसे सबसे पहले बनाया था और जिससे लाइसेंस या सहयोग लेकर बाकी देश और उनकी वैक्सीन कंपनियां इसका उत्पादन कर रही हैं। भारत का सीरम इंस्टीट्यूट इनमें सबसे बड़ा उत्पादक है और इसकी बनाई वैक्सीन की दुनिया भर में सप्लाई होती है। लेकिन अब एस्ट्राजेनेका मुश्किल में है और उसकी मुश्किलों की छाया सीरम इंस्टीट्यूट से लेकर भारत सरकार तक पर पड़ती दिखाई दे रही है। चूंकि भारत में इन दिनों लोकसभा चुनाव चल रहे हैं, इसलिए कर्नाटक के सेक्स स्कैंडल को लेकर पहले से विपक्ष के निशाने पर चल रहे सत्तारूढ़ दल के लिए एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। कोविशील्ड पर एस्ट्राजेनेका के कुबूलनामे ने विपक्ष को सरकार के विरुद्ध एक नया हथियार दे दिया है। कोविशील्ड के बारे में खतरनाक तथ्य सामने आने से उन विपक्षी दलों को भी नई शक्ति मिलेगी जिनके नेताओं ने शुरू में वैक्सीन का मजाक उड़ाया था और इसे भाजपाई वैक्सीन बताते हुए लगवाने से इनकार कर दिया था। हालांकि बाद में जनता के दबाव में उन्होंने वैक्सीन लगवा ली थी, लेकिन अनेक आम लोगों की तरह वैक्सीन को लेकर उनके मन का संदेह पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ था। इनमें समाजवादी पार्टी के मुखिया और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का नाम प्रमुख है। उनका दल इस चुनाव में इंडिया गठबंधन का हिस्सा है।

जबसे एस्ट्राजेनेका के अदालत में वैक्सीन की खामियों को स्वीकार करने की बात मीडिया में उजागर हुई है, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म कोरोना और कोविशील्ड की चर्चाओं से भर गए हैं। सबको जैसे भड़ास निकालने का मौका मिल गया है। कोई इसके लिए एस्ट्राजेनेका और अदार पूणावाला को दोषी ठहरा रहा है तो कोई इसे इलेक्टोरल बांड के चंदे से तो विदेशों में कारपोरेट जगत के लालच से जोड़ कर देख रहा है। यहां तक कि कोरोना महामारी को लेकर भी अब लोग संदेह करने लगे हैं। वे प्रश्न कर रहे हैं कि कहीं यह पश्चिमी धनकुबेरों और सत्ताधीशों की कोई सुनियोजित साजिश तो नहीं थी? जिसके तहत जनसंख्या घटाने के साथ फार्मेसी, हॉस्पिटल, इंश्योरेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए विश्व के करोड़ों लोगों को गिनी पिग बना दिया गया और उनके जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया गया और इसका ठीकरा चीन पर फोड़ने की कोशिश की गई।

## सोशल फोरम

# सूरत के बाद इंदौर : कैसा दौर



कमलेश भारतीय
वरिष्ठ लेखक

जैसा सूरत में कांग्रेस के साथ हुआ, बिल्कुल वैसा ही इंदौर में भी हुआ। सूरत में कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापिस ले लिया था और यही नहीं बसपा व निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन भी वापिस हो जाने पर भाजपा प्रत्याशी की निर्विरोध जीत हो गई और इसे 'ऑपरेशन निर्विरोध' के तौर पर प्रचारित करने के साथ-साथ भाजपा की लोकप्रियता के रूप में खूब प्रचारित किया गया। अब यही 'ऑपरेशन निर्विरोध' मध्य प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दोहराने की कोशिश की गई। यहां भी कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम ने अपना नामांकन वापिस लेकर एक ऐसा बम फेंका कि कांग्रेस हाईकमान हक्का बक्का ही रह गई। यही नहीं नामांकन वापिस लेने के बाद अक्षय बम ने दूसरा बम फेंकते हुए भाजपा ही ज्वाइन कर ली। यह सबसे बड़ा झटका कहा जा सकता है कांग्रेस के लिए। यहां भी निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन वापिस करवा कर 'ऑपरेशन निर्विरोध' चलाने की कोशिश रही भाजपा की, कुल तेइस निर्दलियों में से नौ प्रत्याशियों ने नामांकन वापिस ले भी लिए लेकिन अभी चौदह प्रत्याशी बच रहे हैं। आप और सपा ने इंडिया गठबंधन के चलते कांग्रेस के समर्थन में अपने प्रत्याशी ही नहीं उतारे हैं। कांग्रेस या इंडिया गठबंधन का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं बचा। बहुत मज़ेदार टिप्पणी कांग्रेस के जीतू पटवारी ने की है कि अभी तक बूथ केप्चरिंग का सुना था, यहां तो कांग्रेस प्रत्याशी का अपहरण ही कर लिया गया है। यानी अब प्रत्याशियों का अपहरण होने लगा।

कहते हैं कि अक्षय बम के खिलाफ सत्रह साल पुराने केस की याद दिला कर उन्हें आत्मसमर्पण के लिए भाजपा नेताओं ने तैयार कर लिया। इस तरह कांग्रेस व इंडिया गठबंधन बिना लड़े ही इंदौर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव से बाहर हो गए, जैसे मुक्केबाज रिंग से बाहर हो जाते हैं। अब देखिए बाकी बचे निर्दलीय प्रत्याशियों की विकेट कब आउट होती हैं। आईपीएल के किसी भी रोमांचक मैच की तरह यह 'ऑपरेशन निर्विरोध' भी बहुत रोमांचक होगा। यह ऐसा ऑपरेशन निर्विरोध है, जिसके चलते बाद में कोई, किसी प्रकार की परेशानी ही न आए । क्या नई सूरत है यह राजनीति की। कैसा दौर है यह राजनीति का ?

-फेसबुक वॉल से

# जनपदीयता नहीं मनुष्यता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक मित्र ने सोशल साइट पर पहले अपने जनपद और जनपदीय-भाषा की जय का उद्घोष किया और फ़िर सवाल किया है कि जैसा काव्य इस जनपदीय-भाषा में रचा गया है, क्या वैसा काव्य किसी अन्य जनपदीय भाषा में है? स्पष्ट ही यह विभाजित, खंडित और संकीर्ण दृष्टि है। सवाल यह है कि क्या वे काव्य जनपदीय काव्य हैं और क्या उनको किसी एक जनपद की थाती कहा जा सकता है? क्या उन रचनाओं के कवि जनपदीय थे? क्या वे महाकवि इसी संकीर्ण जनपदीय दृष्टि से प्रेरित थे? उन महाकवियों के काव्य में जनपदीयता की जय का उद्घोष है अथवा मनुष्य की संवेदना और मनुष्यता का जयजयकार है? निश्चित ही अवधी, भोजपुरी, मैथिली, अंगिका, बज्जिका, मगही, बुंदेली, ब्रज, मालवी, निमाड़ी, गढ़वाली, कुमाउनी, कौरवी, छतीसगढ़ी, हरयाणवी, राजस्थानी , मेवाती, अहीरवाटी, बांगरू, हिमाचली, कांगड़ी, किन्नरी, डोगरी, मारवाड़ी आदि लोकभाषाएं हिन्दी की प्राण रसधाराएं हैं। राहुलजी ने तो पंजाबी को भी हिंदी की लोकभाषाओं में शामिल किया था। हिंदी की शक्ति इनकी अविच्छिन्नता और समग्रता में है। जनपदीय-भाषाएं हिंदी की कामधेनु हैं। जनपदीय-भाषाओं का साहित्य हिंदी का साहित्य है, हिंदी से अविच्छिन्न है। हिंदी के प्रवाह की निरंतरता से जुड़ा है। ये सभी लोकभाषाएं हिंदी ही हैं।

जनपद और वहां की बोलियों को लेकर उस जमाने के साहित्य-मनीषियों में लंबी बहस छिड़ गई थी। जिन तीन मनीषियों ने हिंदी में "जनपद-आंदोलन" की टेर लगाई थी, वे तीनों ही अंतर-राष्ट्रीयतावादी थे। आचार्य वासुदेवशरण अग्रवाल विश्वविख्यात कलाविद थे। राहुल सांकृत्यायन तो विश्व-नागरिक ही थे, रूस में रहे, श्रीलंका में भी रहे। उनका साहित्य विश्वमानव का साहित्य है। पं. बनारसी दास चतुर्वेदी "विशाल भारत" के संपादक थे, उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर और महात्मा गांधी के साथ रहने का सौभाग्य पाया था। वे रामानंद चट्टोपाध्याय के विश्वस्त थे। उन्होंने फरवरी 1940 के विशाल भारत में अग्रलेख लिखा-साहित्य का विकेन्द्रीकरण। राहुलजी ने हिंदी के जनपदों की पहचान पर लेख लिखा मातृभाषाओं का प्रश्न और, बोलियों का सवाल उठाया। राहुलजी ने बोलियों के आधार पर जनपदों का रेखांकन किया था। राहुलजी ने हिंदी साहित्य के वृहद इतिहास के सोलहवें भाग में जनपदीय भाषाओं के साहित्य को सम्मिलित किया है। जनपदीय-जन की प्रतिष्ठा के लिए वासुदेवशरण जी ने स्वस्तिवाचन किया। लेख लिखा-जनपदीय-साहित्य। इन तीन लेखों पर व्यापक प्रतिक्रिया हुई। जनपद-आंदोलन का विचार था, जो टूंडेखंगार खेत में काम कर रहा है, उसी की बोली में सहित्य का अमृत-संदेश उस तक पंहुच सके, उसकी बोली में पंहुचे।

रामविलास शर्मा जी कुंडेश्वर तक गए। उन्होंने हिंदी-जाति का स्वर बुलंद किया था। पंडित बनारसीदासचतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि जनपद-आन्दोलन सांस्कृतिक-स्वराज्य की अवधारणा है। यह टेर इतनी व्यापक थी कि प्रगतिशील-आंदोलन का ध्यान गया और शिवदान सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक साहित्य मनीषियों की टीम बनी, जिसकी रिपोर्ट उनकी पुस्तक, प्रगतिशील साहित्य के मानदण्ड, के परिशिष्ट के रूप में सम्मिलित है। मधुकर पत्रिका का जनपदीय-अंक निकला। वासुदेवशरण अग्रवाल के संपादन में काशी से जनपद नाम की पत्रिका प्रकाशित हुई। प्रत्येक जनपद में साहित्यमंडल उठ कर खड़े हो गए। आकाशवाणी के रीजनल केन्द्र बने। प्रत्येक जनपद से पत्रिका का प्रकाशन होने लगा। यह अभियान हिंदी जगत के इतिहास में जनपद-आंदोलन के नाम से जाना जाता है। "भाषा-साहित्य-संस्कृति" के "लोकतंत्र" की वह टेर, पुराने साहित्य-मनीषियों के मन के किसी कोने में अवश्य गूंज रही होगी, जो आगे चल कर "जनपद-आंदोलन" के रूप में प्रकट हुई। जनपद-आन्दोलन का संबंध देश के लोकतंत्र से था, लोकजीवन से था , लोकभाषा और लोकसंस्कृति से था।

# मई दिवस का आयोजन



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुरुआत 4 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर से की गई। काम के घंटे तय करने के लिए मजदूर यूनियन ने पहली हड़ताल की थी। इस दौरान शिकागो शहर के मार्केट में हुए बम धमाके में 4 मजदूर मारे गए और कुछ घायल भी हुए थे, इसी के बाद काम के घंटे 8, सामाजिक सरोकार के 8 और विश्राम के घंटे 8 को अंतिम रूप दिया गया। भारत में मजदूर दिवस 1 मई 1923 को लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान द्वारा चेन्नई में मनाया गया। आज भी देश के मजदूर, किसान और कर्मचारी बड़े उत्साह के साथ मई दिवस मनाते हैं। देश के कुछ राज्यों में मजदूर दिवस को मनाने के लिए अवकाश भी घोषित है।

बरेली में मजदूर दिवस का आयोजन लंबे समय से होता आ रहा है। एक समय था, जब शहर में फैक्ट्रियों, कारखानों और रेलवे, बैंक आदि के श्रमिक और कर्मचारी एकजुट हो कर मोती पार्क में मई दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ करते थे, लेकिन जैसे-जैसे फैक्ट्रियां और कारखाने, मिलें बंद होते गए मजदूरों और कर्मचारियों की भागीदारी भी कम होती देखी गई। विगत 25 वर्षो से मजदूर दिवस का आयोजन स्थानीय आंबेडकर पार्क में हो रहा है। पहले मई दिवस आयोजन समिति और फिर 2004 से बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन इस आयोजन को करती आ रही है। अबकी बार भी बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन ने जोरदार ढंग से मई दिवस आयोजित करने का निर्णय किया है। शहर के तमाम संगठन लोकसभा चुनावों में व्यस्त होने के बाबजूद तैयारी में जुटे हैं।



# गोवा में मैच फिर टाई होने का डर

## भाजपा राज्य में दोबारा दोहराना चाहती 2014 वाला परिणाम, पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस का स्कोर 1-1 था

मनोज त्रिपाठी

गोवा में लोकसभा की दो सीटें गोवा उत्तर और दक्षिण हैं। राज्य में एक ही चरण में सात मई को दोनों सीटों के लिए मतदान होगा। इन दोनों ही सीटों के चुनावी समीकरण अलग-अलग हैं। एक सीट भाजपा का गढ़ है तो दूसरी पर कांग्रेस का वर्चस्व नजर आता है। गोवा उत्तरी लोकसभा सीट पर अब तक 14 बार चुनाव हुए हैं, जिनमें से पांच बार भाजपा, पांच बार कांग्रेस और चार बार गोमांतक पार्टी ने जीत हासिल की है। लेकिन दक्षिण गोवा लोकसभा सीट भाजपा 1962 के बाद से केवल दो बार जीत पाई है। भाजपा ने दक्षिण गोवा सीट पर 1999 और 2014 में जीत हासिल की थी। पिछले लोकसभा चुनाव में गोवा में कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला हुआ था। अभी गोवा में प्रमोद सावंत के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। राज्य में 40 विधानसभा सीटें, दो लोकसभा सीटें और एक राज्य सभा की सीट है। 2019 के लोकसभा चुनाव में गोवा उत्तर सीट से भाजपा के श्रीपद नाईक और गोवा दक्षिण सीट से कांग्रेस के फ्रासिस्को सार्डिन्हा ने विजय पताका फहराई थी। इस बार भी राज्य की दोनों सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला है, जिसमें कांग्रेस आम आदमी पार्टी और शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट का साथ मिलने से जीत की राह तलाश रही है।

**वोट शेयर 2014 चुनाव**

53.40% भाजपा
36.60% कांग्रेस
10.00% अन्य

**वोट शेयर 2019 चुनाव**

51.20% भाजपा
42.90% कांग्रेस
5.90 % अन्य

### 2019 का चुनाव परिणाम

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | 01 | 3,66,158 |
| भाजपा | 01 | 4,36,650 |
| अन्य | 00 | 50,395 |

### 2014 में कितनी सीटें, कितने वोट

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 02 | 4,36,679 |
| कांग्रेस | 00 | 2,98,750 |
| अन्य | 00 | 81,571 |

## दिग्गज श्रीपद नईक को स्थानीय मुद्दों से विरोधी मतों के उभरने का खतरा



गोवा उत्तर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के श्रीपद येसो नाईक चार बार से सांसद चुने जा रहे हैं। वह 2004 से लेकर 2019 तक लगातार इस सीट पर जीत हासिल कर चुके हैं। हालांकि इससे पहले जब इस सीट को पणजी लोकसभा के नाम से माना जाता था, तब भी 1999 में वह जीते थे। उनके ही कारण उत्तरी गोवा में भाजपा का दबदबा साफ नजर आता है। इसी के चलते केंद्र की मोदी सरकार ने उन्हें आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पद दिया है। इससे पहले वह रक्षा राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। साल 2019 में श्रीपद नाईक को कुल 2,44,844 वोट मिले थे। उनके मुकाबले में मैदान में उतरे कांग्रेस उम्मीदवार गिरीश राय चंदोणकर को 1,64,597 वोट हासिल हुए थे। इस सीट पर मतदाताओं की संख्या करीब छह लाख है। भाजपा ने एक बार फिर श्रीपद नाईक पर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले के लिए कांग्रेस ने इस बार गोवा उत्तर से पूर्व कानून मंत्री रमाकांत खलप को मौका दिया है, जबकि रिवोल्यूशनरी गोवन्स पार्टी से मनोज परब किस्मत आजमा रही है। इस लोकसभा क्षेत्र में हिंदू आबादी ज्यादा है और श्रीपद नाईक ओबीसी वर्ग के सबसे बड़े नेता गिने जाते हैं। वह गोवा के विकास के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं और केंद्र की कल्याणकारी योजनाएं गिना रहे हैं। इसके विपरीत कांग्रेस के रमाकांत खलप चुनाव को स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित करते हुए रोजगार, महादेयी नदी के पानी के बंटवारे जैसी बातों को चर्चा में ला रहे हैं। जानकार यहां एक बार फिर श्रीपद नाईक की जीत की संभावनाएं प्रबल बताते हैं, लेकिन लगातार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के कारण उनके विरुद्ध लोगों के एक वर्ग में नाराजगी के मद्धम स्वर भी हैं।

## भाजपा की धमाकेदार प्रत्याशी पल्लवी को ईसाई नहीं होना पड़ सकता है भारी



भाजपा ने 1962 के बाद से केवल दो बार दक्षिण गोवा लोकसभा सीटी जीती है। इस सीट पर भाजपा को 1999 और 2014 के चुनाव में सफलता मिली थी। इस बार पार्टी ने यहां से उद्यमी पल्लवी डेम्पो को उतार कर चौंका दिया है। वह डेम्पो ग्रुप के अध्यक्ष श्रीनिवास की पत्नी हैं। पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। यही वजह रही कि बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में उन्होंने लिखा हुआ भाषण पढ़ा था। पल्लवी 1400 करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं। लेकिन उनका नकरात्म पहलू यह है कि वह ईसाई नहीं है, जबकि इस लोकसभा क्षेत्र में ईसाई मतदाता ज्यादा हैं। हालांकि पल्ली को जिताने के लिए भाजपा ने पूरी ताक झोंक रखी है। मोदी जहां तीन माह में दो बार सभा कर चुके हैं, वहीं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी रैली कर चुके हैं। गोवा दक्षिण सीट से कांग्रेस के फ्रांसिस्को सरदिन्हा वर्तमान में सांसद हैं। लेकिन कांग्रेस ने उनके स्थान पर विरयातो फर्नांडिस को मैदान में उतारा है। वह नेवी में कैप्टन रह चुके हैं। पर्यावरण प्रेमी हैं और सरकार के खिलाफ आंदोलनों में आगे रहते आए हैं। हालांकि 2002 में विधानसबा चुनाव हार गए थे। विरयातो इस चुनाव को मनी और पॉवर के साथ संघर्ष बता रहे हैं। रिवोल्यूशनरी गोवन्स पार्टी ने यहां रुबर्ट परेरा को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी गोवा, गोवा के लोगों के लिए मुद्दा उठाकर क्षेत्रीयता का ज्वार तेज करने में जुटी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में फ्रांसिस्को 2,01,561 वोट हासिल करके विजयी हुए थे। उनके मुकाबले में उतरे भाजपा के नरेंद्र सवाईकर को 1,91,806 वोट मिले थे। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नरेंद्र सवाईकर ने दक्षिण गोवा लोकसभा सीट जीती थी, तब उन्होंने कांग्रेस के एलेक्सो रेना को हराया था। यहां 6,22,403 मतदाताओं हैं, जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से करीब 20 हजार ज्यादा है। गोवा दक्षिण लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली 20 विधान सभा सीटों में 12 भाजपा के पास हैं।

### पर्यटन से चलती यहां की अर्थव्यवस्था, प्रति व्यक्ति आय में देश भर में अव्वल

गोवा क्षेत्रफल के लिहाज से भारत का सबसे छोटा राज्य है, लेकिन सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। जनसंख्या के हिसाब से यह चौथा सबसे छोटा राज्य है। हालांकि गोवा में प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे ज़्यादा है। राज्य में लगभग 60 फीसदी आबादी हिंदू और 28 फीसदी ईसाई है। यह राज्य अपनी बांस शिल्पकला के लिए मशहूर है। गोवा का एक तिहाई से ज़्यादा हिस्सा जंगलों से घिरा है। यहां प्राकृतिक दृश्यों, आकर्षक समुद्र तट, हरे-भरे सौंदर्य की भरमार है। दुनिया भर से पर्यटक यहां समुद्र तटीय सुंदरता और प्राकृतिक आकर्षण का आनंद लेने के लिए यहां आते हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था पर्यटन से ही चलती है। यहां दुनिया भर के प्रसिद्ध कैसीनो हैं और करीब 7,000 बार संचालित होते हैं।

# खंडवा में लहर भगवा जीत तलाश रही कांग्रेस

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश की खंडवा लोकसभा सीट कभी कांग्रेस का गढ़ थी, लेकिन इस गढ़ पर 1996 में भाजपा ने कब्जा कर जमाया तो 2004 तक इस सीट पर भगवा ध्वज लहराता रहा। 2008 में परिसमीन के बाद 2009 में जब चुनाव हुआ तो यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गई पर 2014 की मोदी लहर में कांग्रेस का झंडा यहां से उखड़ गया फिर लहरा नहीं पाया। कांग्रेस ने 2019 में भी कांग्रेस ने खूब प्रयास किए पर सफल नहीं हुई। जब 2021 में उप चुनाव हुआ तो कांग्रेस को उम्मीद थी कि वह फिर इस सीट पर जीत दर्ज कर लेगी लेकिन पार्टी की आंतरिक कलह का परिणाम रहा कि पार्टी को यहां फिर हार का सामना करना पड़ा। इस बार 13 मई को इस सीट पर चुनाव होना है। भाजपा ने फिर चक्रव्यूह रच दिया है। अब देखना यह है कि कांग्रेस के रणनीतिकार इसे तोड़ पाते हैं या नहीं।

**सीधे मुकाबले में रहती कांग्रेस:** कांग्रेस और भाजपा के बीच ही इस सीट पर मुकाबला होता है, लेकिन इस बार कांग्रेस के लिए लड़ाई आसान नहीं दिख रही है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने आठ में से सात सीटों पर कब्जा किया था। ऐसे में भाजपा को यह उम्मीद है कि मतदाता इस चुनाव में भी उसके साथ रहेंगे। यही वजह है कि मोदी की गारंटी का खूब प्रचार किया जा रहा है। कांग्रेस उम्मीदवार बेरोजगारी, गरीबी का मुद्दा उठा रहे हैं बताने में लगे हैं कि भाजपा पुनः सत्ता में आई तो संविधान बदलकर आरक्षण खत्म कर देगी।



ज्ञानेश्वर पाटिल।

### ज्ञानेश्वर पाटिल पर भाजपा ने जताया विश्वास

- 2021 के उप चुनाव में इस सीट से जीते ज्ञानेश्वर पाटिल पर को भाजपा ने दोबारा मौका दिया है। जबकि कांग्रेस ने गुर्जर समाज के नरेंद्र पटेल पर विश्वास जताया है। नरेंद्र पटेल कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अरुण यादव के खास हैं। अरुण यादव को पार्टीइस सीट पर मौका देना चाहती थी लेकिन उन्होंने ही नरेंद्र पटेल का नाम आगे बढ़ाया। नरेंद्र के काका ताराचंद पटेल सांसद और विधायक रह चुके हैं।

**1996** से लगातार जीत रही भाजपा को 2009 में लगा था झटका

**2014** ,2019 और 2021 के उप चुनाव में भी लहराया भगवा

### राम लहर में पहली बार खिला था कमल

- इस सीट पर पहली बार 1952 में लोकसभा चुनाव हुआ था तब कांग्रेस यहां से जीती थी। पार्टी लगातार पांच चुनावों में यहां से जीती लेकिन 1977 यहां के मतदाताओं ने हाथ का साथ छोड़ दिया था और जनता पार्टी को अपना लिया था। 1979 में जब इस सीट पर उप चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने इसे जीतने के लिए जबरदत प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुई। जनता पार्टी ने कुशाभाऊ ठाकरे को मैदान में उतारकर कांग्रेस की रणनीति को फेल कर दिया था। हालांकि जब 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने इस सीट पर फिर से कब्जा कर लिया। 1984 में भी कांग्रेस यहां से जीती लेकिन 1989 की राम मंदिर लहर में भाजपा की बयार में यहां के मतदाता बह गए और उन्होंने पार्टी के उम्मीदवार को सिर माथे पर बैठा लिया, लेकिन यह लहर बहुत दिन तक नहीं रही। जब 1991 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने इस सीट को जीत लिया और भाजपा की रणनीति धरी की धरी रह गई। 1996 में भाजपा को नंद कुमार सिंह चौहान जैसा मजबूत सिपहसालार मिला जिसने इस सीट को न सिर्फ भाजपा की झोली में डाला बल्कि अपने काम के दम पर वे लगातार यहां से चार बार जीते। 2009 में आंतरिक कलह के कारण भाजपा यह सीट हारी पर 2014 और 2019 में नंद कुमार सिंह फिर सांसद बने। उनके निधन पर उप चुनाव हुआ तो भाजपा ने आसानी से सीट जीत लिया।



जीत की कामना

नई दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसंपर्क कर रहीं हैं। मंगलवार को उन्होंने हवन- पूजन किया।

# अब तक के चुनाव में देश मोदी सरकार के साथ: योगी

बहरामपुर/सूरी/आसनसोल

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां दावा किया कि अब तक 191 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान से साफ संकेत हैं कि नरेन्द्र मोदी सरकार को भारी बहुमत से तीसरा कार्यकाल मिलने जा रहा है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 सीटें मिलेंगी। इसमें यूपी अपने हिस्से की सभी 80 सीटों का उपहार भेंट करेगा।

बहरामपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी निर्मल कुमार साहा के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, 'अब तक 191 सीटों पर हुए मतदान से राजग को 400 सीटों के साथ मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का स्पष्ट संकेत सामने आया है।'



पश्चिम बंगाल के बीरभूम में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जोश भरते यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आदित्यनाथ ने यह आश्वासन भी दिया कि संदेशखालि में हुए अपराध और रामनवमी उत्सव के दौरान हुई झड़पों के जिम्मेदार लोगों को भाजपा कानून के दायरे में लाएगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, अगर ऐसी घटनाएं उनके प्रदेश में होतीं, तो अपराधियों को ऐसा सबक सिखाता कि उनकी अगली सात पीढ़ियां ऐसा कुछ करने के बारे में सोचने की हिम्मत भी नहीं कर पातीं। उन्होंने कहा कि रामनवमी के मौके पर अयोध्या में बिना किसी घटना के सैकड़ों रैलियां निकाली गईं। आज पश्चिम बंगाल को उत्तर प्रदेश जैसे मॉडल की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल अब पहले जैसा 'सोनार बांग्ला' (समृद्ध राज्य) नहीं रहा और राज्य विकास से दूर जा रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें दुख होता है कि जिस पश्चिम बंगाल में कई राष्ट्रवादी नेताओं और महान हस्तियों का जन्म हुआ, उसे कांग्रेस, कम्युनिस्टों और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बर्बाद कर दिया। उन्होंने दावा किया कि अगर राज्य के लोग संकट में हों तो न तो राहुल गांधी और न ही कांग्रेस या टीएमसी का कोई अन्य नेता उनकी मदद के लिए आएगा। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि दीदी का स्नेह उन माफिया के प्रति है जो बंगाल को लूट रहे हैं।

# डेलकर परिवार के सहारे दादरा नगर में अब भाजपा

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली की लोकसभा सीट पर चुनाव के लिए सात मई को वोट पड़ेंगे। दादरा और नगर हवेली लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस सीट से मौजूदा सांसद और भाजपा उम्मीदवार कलाबेन डेलकर के खिलाफ कांग्रेस से अजीत रामजीभाई महला मुकाबले में आगे आने की जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं, जबकि सुश्री डेलकर के पुत्र अभिनव अपनी मां को एक बार फिर संसद में पहुंचाने के लिए प्रचार में दिन-रात एक किए हैं। दादरा नगर हवेली में भाजपा को अभी तक डेलकर परिवार से ही चुनौती मिलती रही है। सुश्री डेलकर ने पति और सीट से सात बार के सांसद मोहन डेलकर के निधन के बाद 2021 के उपचुनाव में शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के टिकट पर यहां से 51,269 मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की थी। भाजपा प्रत्याशी महेश गावित को हराया था। कलाबेन डेलकर पिछले दिनों भाजपा में शामिल हो गई थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में दादरा नगर हवेली सीट पर स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में मोहनभाई सांजीभाई डेलकर ने 90,421 वोट हासिल करके भाजपा के नटूभाई गोमनभाई पटेल को शिकस्त दी थी। भाजपा के नटूभाई गोमनभाई पटेल को 81,420 और कांग्रेस के प्रभु रत्नभाई टोकिया को 8,608 वोट मिले थे।

2014 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच ही मुख्य टक्कर देखी गई थी। भाजपा से चुनाव लड़े नटूभाई पटेल को 80,790 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के मोहनभाई डेलकर 74,576 वोट पाकर हार गए थे।

# राजस्थान के रण में भाजपा कर रही क्लीन स्वीप का दावा

चुनाव डेस्क



- भाजपा नेताओं का दावा पार्टी क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाएगी पूरा होगा 400 पार का लक्ष्य
- जिन सीटों पर भाजपा मान रही थोड़ी टक्कर, कांग्रेस नेताओं को वहां दिख रहा जीत का अवसर
- अटकलों का बाजार, विश्लेषकों का आकलन करीब पांच फीसदी कम मतदान से घटेगा जीत का अंतर

**अमृत विचार।** राजस्थान में दो चरणों में लोकसभा की सभी 25 सीटों पर वोट डाले जाने के बाद अब भाजपा और कांग्रेस के चुनावी रणनीतिकार और संगठन के बड़े नेता जीत-हार का हिसाब-किताब लगाने में व्यस्त हैं। इसके लिए प्रत्याशियों के साथ बूथ स्तर तक के आंकड़ों का फीड बैक लिया गया है। हालांकि मतदान के बाद भाजपा राज्य में एक बार फिर क्लीन स्वीप करते हुए सभी 25 सीटें जीतने का दावा कर रही है, वहीं कांग्रेस नेता एक दर्जन सीटों पर टक्कर देने के साथ चार से पांच सीटें हाथ में आने की बात कह रहे हैं। लेकिन राजनीतिक जानकारों के अनुसार अंदरखाने भाजपा को अधिकतम दो सीटों का नुकसान होने का आकलन लगाया जा रहा है, वहीं कांग्रेस के लिए तीन से चार सीटों पर जीत का अवसर है। ऐसे में परिणाम के लिए चार जून तक का इंतजार बहुत लंबा और बेचैनी बढ़ाने वाला नजर आ रहा है। राजस्थान में दूसरे और अंतिम चरण में रविवार को 13 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ था। इससे पहले 12 सीटों पर वोट डाले गए थे। 2019 के मुकाबले राज्य में इस बार 4.55 फीसदी कम वोट पड़े हैं। लेकिन इसमें भी तथ्य यह है कि केवल 22 सीटों पर मतदान प्रतिशत घटा है। तीन सीटों पर मतदान प्रतिशत में इजाफा दर्ज किया गया है। बारमेड़, बांसवारा और कोटा लोकसभा सीट पर इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ा है। हालांकि इसकी वजह इन सीटों पर खड़े भाजपा-कांग्रेस के उम्मीदवार माने जा रहे हैं, जिनमें कड़ी प्रतिद्वंदिता देखने में आयी है।

माना जा रहा है कि पिछले दो चुनाव में जिस तरह एकतरफा हवा बह रही थी, वैसा माहौल इस बार अनेक सीटों पर नहीं दिखा। 5 से 7 सीटों पर मुकाबला कड़ा नजर आया है। इसके चलते इस बार भाजपा का कम से कम आधा दर्जन सीटों पर जीत का अंतर घटने की संभावना जताई जा रही है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में राज्य की 25 में से 21 सीटों पर भाजपा का जीत का अंतर काफी रहा था। भाजपा की जिन डेढ़ दर्जन सीटों पर जीत तय मानी जा रही हैं, उनमें जयपुर, जोधपुर, अजमेर, पाली, जालोर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, कोटा, झालावाड़, बीकानेर, गंगानगर, अलवर, भरतपुर, जयपुर ग्रामीण शामिल है. वहीं,कांग्रेस की झोली चूरू, झुंझुनू,सीकर,करोली, दौसा, नागौर सीट को गिना जा रहा है। उधर, कांग्रेस दौसा, सवाई माधोपुर, झुंझुनू, कोटा, भरतपुर, सीकर, जयपुर ग्रामीण सीटों पर अपनी बढ़त मानते हुए दावा कर रही है कि इनमें से कम से कम चार-पांच सीटें वह जीत सकती है। इसके मुकाबले भाजपा नेता तर्क देते हुए कह रहे हैं कि कांग्रेस कार्यकर्ता उदासीन रहे और वोट डलवाने नहीं निकले, भाजपा कार्यकर्ताओं ने वोट डलवाए हैं। राज्य की बाड़मेर -जैसलमेर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के उम्मेदाराम व निर्दलीय रविंद्र सिंह में टक्कर बताई जा रही है। यहां तमाम लोग भाजपा के कैलाश चौधरी को त्रिकोणीय संघर्ष में पिछड़ता मान रहे हैं। इसी तरह टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा और दो बार से सांसद भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट टोंक विधानसभा सीट से ही विधायक हैं, जिसका फायदा कांग्रेस को मिला है। ऐसे ही पिछले दो चुनावों में दौसा, करौली-धौलपुर तथा टोंक-सवाई माधोपुर में भाजपा की जीत का अंतर ज्यादा नहीं था। दो सीटों पर एक लाख से भी कम था। इस बार भी यहां के मतदाता ने चुनाव को लेकर कोई उत्सुकता नहीं दिखाई है। मीणा और दलित बाहुल्य करौली-धौलपुर सीट पर दोनों समाजों ने खास रुचि नहीं दिखाई। दौसा में कांग्रेस ने दौसा से विधायक मुरारीलाल मीणा को उतारा था। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री किरोड़ी मीणा ने भाजपा प्रत्याशी बस्सी से पूर्व विधायक कन्हैया लाल मीणा के लिए प्रचार किया।

# आलू से सोना बनता रहा... फिर भी 40 रुपये पसेरी बिकता रहा

राजपुरुष

गन्ना बेल्ट से गुजरता हुआ लोकसभा-2024 का चुनाव अब आलू बेल्ट में प्रवेश कर गया है। किसान आंदोलन के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जाट और गन्ना भले ही चुनावी सुर्खियां पा हो गए हों, लेकिन आलू उत्पादक किसानों के सवालों पर उनके जिलों में भी कहीं कोई शोर नहीं है। इसकी वजह यह है कि इस बार भाव बहुत नीचे नहीं हैं और सड़क पर आलू नहीं फेंकना पड़ा है। लेकिन हर साल ऐसा नहीं होता है, दो साल पहले विधानसभा चुनाव के दौरान सियासत के बाजार में आलू आसमान पर था। मजे की बात यह है कि बीते कई चुनावों के प्रचार में आलू से सोना बनता रहा, लेकिन आलू उगाने वाला किसान अपनी किस्मत पर रोता रहा।

- गन्ना बेल्ट से गुजरकर लोकसभा चुनाव अब आलू बेल्ट में पहुंचा पर किसानों के मुद्दे पर खामोशी
- विधानसभा चुनाव के दौरान सियासत के बाजार में आलू आसमान पर था, तब हुए थे तमाम वादे
- प्रदेश में करीब 250 लाख टन आलू की पैदावार लेकिन भंडारण क्षमता 170 लाख टन से भी कम

## पिछले साल आलू की सरकारी खरीद भी हुई थी

- बीते साल आलू किसानों का समस्या विकराल होने पर प्रदेश सरकार ने किसानों से आलू 650 रुपये क्विंटल के रेट पर खरीदना तय किया था, लेकिन किसान इस रेट को लेकर नाखुश थे। उनका कहना था कि जगह मिलने पर आलू को कोल्ड स्टोरेज में रखेंगे, जब आलू का भाव बढ़ेगा तब इसे बाजार में बेचेंगे। सरकार को आलू बेचने में कोई फायदा नही है। वे सिर्फ मीडियम साइज का आलू लेंगे और बाकी फसल छोड़ देंगे।
- किसानों के अनुसार सरकार ने आलू खरीद में 45 से 85 मिलीमीटर का जो मानक बनाया है, वह सही नहीं है। इसके बाद बचे हुए छोटे और बड़े साइज के आलू किसान कहां ले जाएगा। आलू किसान आरोप लगाते हैं कि आलू उत्पादक जिलों में बिचौलियों व आढ़तियों का काकस सक्रिय रहता है, जो पूरे इलाके में आलू की कीमतें बढ़ने नहीं देता है। सरकार तभी सुनती है, जब संकट खड़ा होता है। वर्ना हर चुनाव में नेता और प्रत्याशी समस्या समाधान के वादे करके निकल जाते हैं।



उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा आलू उत्पादक राज्य है। देश का एक तिहाई से ज्यादा आलू यहीं पैदा होता है। प्रदेश में करीब 250 लाख टन आलू की पैदावार है। लेकिन इसके मुकाबले भंडारण क्षमता 170 लाख टन से भी कम है। इस पर भी कोल्ड स्टोरेज अपनी क्षमता का पूरा भंडारण नहीं करते हैं। किसान फसल बढ़िया होने पर कोल्ड स्टोरेज के बाहर कतारें लगाए रहते हैं और कोल्ड स्टोर संचालक आलू रखने से इंकार करते रहते हैं। बाजार में लागत का भी भाव नहीं मिलने और कोल्ड स्टोर में आलू सहेजने की जगह नहीं मिलने पर मजबूरी में किसानों को आलू सड़क पर फेंकना पड़ता है। लेकिन नेताओं के वादे और चुनाव इस सवाल का जवाब आज तक नहीं दे पाए हैं कि किसान को उसकी फसल का उचित दाम कैसे मिलेगा।

प्रदेश में सबसे ज्यादा आलू पैदा करने वाले जिलों में फर्रुखाबाद सबसे ऊपर है।

तीसरे चरण में वहां मतदान नहीं है, लेकिन तीसरे चरण के चुनाव में मतदान वाली 10 लोकसभा सीटों में आधा दर्जन की पहचान आलू उत्पादक क्षेत्र की है। ऐसे में आलू किसानों का मुद्दा चुनावी चर्चा में जरुर है, पर उतनी प्रमुखता से नहीं जितना विधान सभा चुनाव में था। तीसरे चरण वाली लोकसभा सीटों में आगरा, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, एटा और फतेहपुर सीकरी में आलू की भरपूर पैदावार होती है और हर साल-दो साल में वाजिब कीमत नहीं मिलने पर किसानों को सड़क पर आलू फेंकना पड़ता है। हाथरस और आगरा आलू की बड़ी मंडी है तो फिरोजाबाद, फतेहपुर सीकरी, मैनपुरी और एटा में आधे से ज्यादा किसान आलू की खेती करते हैं।

बीते एक दशक से आलू बेल्ट में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां लगाने ओर आलू से वोदका बनाने का कारखाना लगाने जैसे मुद्दे जोर-शोर से चुनावी सभाओं में उठाए जाते रहे हैं। हर सरकार में आलू किसानों की दशा सुधारने का वादा करने वाले राजनैतिक दलों ने प्रसंस्करण इकाई और वोदका का कारखाना लगाने की बात कही है। हालांकि जमीन पर इनमें से कुछ भी नहीं हुआ है। एक दो खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां लगी हैं, मथुरा में पेप्सिको ने संयंत्र लगाया है पर उसका कोई खास फायदा फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा या हाथरस के किसानों को नहीं हुआ है।

### किसानों के मुताबिक सरकार के प्रयास नाकाफी

- आलू भंडारण समस्या से किसानों को निजात दिलाने के लिए योगी सरकार ने केंद्र सरकार की मदद से ऑपरेशन ग्रीन योजना लागू की है। इसके तहत आलू के भंडारण और भाड़े में 50 फीसदी सब्सिडी देने का प्रावधान है। योजना का लाभ आलू क्लस्टर वाले 17 जिलों के किसानों को मिलेगा। पिछले साल यह भी फैसला लिया गया था कि किसान अब दूसरे जिले के कोल्ड स्टोर में भी आलू रख सकेंगे। इसके लिए सरकार 100 रुपये क्विंटल की दर से सहयोग राशि देगी। किसानों के मुताबिक ये उपाय ऊंट के मुंह में जीरा समान हैं और सरकारी मशीनरी इसे पूरी तरह जमीन पर उतारने में भी सफल नहीं रही है।

### आलू क्लस्टर के जिले

- फर्रुखाबाद, इटावा, मथुरा, अलीगढ़, कन्नौज, आगरा, मैनपुरी, हाथरस, फिरोजाबाद, बदायूं, संभल, कानपुर नगर, हरदोई, शाहजहांपुर, प्रयागराज, बाराबंकी, जौनपुर।

सलेमपुर संसदीय सीट

सलेमपुर लोकसभा सीट जातीय चक्रव्यूह के त्रिकोणीय संघर्ष में फंस गई है। सपा ने इस सीट पर जातीय समीकरणों के देखते हुए 14 फीसदी राजभर मतदाताओं के साथ 13 फीसदी अल्पसंख्यक और यादव वोटरों की जुगलबंदी के सहारे भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकने के लिए तगड़ी किलेबंदी की थी। पार्टी ने राजभर बिरादरी के पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर पर दांव लगाया है। इसके जवाब में बसपा ने भी राजभर समाज के अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को मैदान में उतारकर सपा की राह में कांटे बिछा दिए हैं। लोकसभा क्षेत्र में माना जा रहा है कि बसपा ने सपा का खेल बिगाड़ दिया है।

# जातीय चक्रव्यूह ने बना दिया संघर्ष त्रिकोणीय

भाजपा को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनी इस सीट पर आंतरिक कलह से भी पड़ रहा जूझना, सपा ने पूर्व सांसद राजभर, बसपा ने भीम राजभर को मैदान में उतारकर संघर्ष बनाया रोचक

**02** बार के भाजपा सांसद रवींद्र कुशवाहा मारेंगे हैट्रिक या बसपा लेगी हार का बदला



रामशंकर राजभर।



भीम राजभर।



रवींद्र कुशवाहा।

### तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज

- इस क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटें इनमें भाटपार रानी, सलेमपुर और बांसडीह सीट भाजपा के कब्जे में है तो बेल्थरारोड पर उसकी सहयोगी सुभासपा के विधायक हैं। सपा के पास सिंकदरपुर सीट है।

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** सलेमपुर संसदीय सीट भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। मोदी लहर में पहली बार कमल खिलाने वाले रविंद्र कुशवाहा जहां इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने के लिए मतदाताओं के बीच में हैं तो बसपा और सपा इस सीट पर जीत दर्ज कर पांव जमाने की फिराक में।

सपा ने जहां बसपा से सांसद रह चुके रमाशंकर राजभर को मैदान में उतारा है तो बसपा ने भीम राजभर पर विश्वास जताया है। राजभर मतदाताओं के बंटवारे को भाजपा अपने लिए मुफीद मान रही है तो विरोधी दल भाजपा नेताओं की आंतरिक कलह को अपने लिए शुभ संकेत मान रहे हैं। इन सबके बीच सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी का भाजपा के साथ होना भी रवींद्र कुशवाहा के लिए फायदेमंद है।




### रविंद्र कुशवाहा के पिता चार बार रहे सांसद

- रविंद्र कुशवाहा को राजनीति विरासत में मिली है। उनके पिता हरिकेवल प्रसाद इस सीट से चार बार सांसद रहे। पहली बार जनता दल के टिकट पर 1989 में जीते थे। इसके बाद 1991 के चुनाव में भी उन्हें जीत मिली, जबकि इन दोनों ही चुनावों में राम मंदिर का मुद्दा गर्म था। बावजूद इसके उन्हें यहां जीत मिली थी। इसके वे समता पार्टी में गए। समता पार्टी भाजपा के साथ आई तो 1998 में यह सीट समता पार्टी के खाते में गई। हरिकेवल प्रसाद फिर सांसद बने। इसके बाद 2004 में वे सपा के टिकट पर जीते। अब उनकी विरासत को रवींद्र कुशवाहा संभाल रहे हैं। 1991 के चुनाव में तो हरिकेवल प्रसाद ने छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध जनेश्वर मिश्रा को हराया था। जनेश्वर मिश्रा तब समाजवादी जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे थे।

### 2019 का चुनाव परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | `% |
|---|---|---|---|
| भाजपा | रविन्द्र कुशवाहा | 4,67,940 | 50.72 |
| बसपा | आरएस कुशवाहा | 3,55,325 | 8.52 |
| सुभासपा | राजा राम | 33,568 | 3.64 |
| कांग्रेस | राजेश कुमार मिश्र | 27,363 | 2.97 |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | रविन्द्र कुशवाहा | 3,92,213 | 45.89 |
| बसपा | रविशंकर सिंह | 1,59,871 | 18.70 |
| सपा | हरिबंश कुशवाहा | 1,59,688 | 18.68 |
| सुभासपा | ओम प्रकाश राजभर | 66,084 | 7.73 |
| कांग्रेस | डॉ भोला पांडे | 41,890 | 4.90 |

### टिकट न मिलने से सपा में गए थे रमाशंकर

2009 में बसपा के टिकट पर जीते रमाशंकर राजभर को पार्टी ने 2014 में टिकट नहीं दिया था। 2019 में में जब सपा- बसपा का गठबंधन हुआ तो उन्हें उम्मीद थी की पार्टी टिकट देगी बावजूद इसके उन्हें टिकट नहीं मिला। इसके बाद वे सपा में चले गए। इस बार पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार बना दिया। जबकि भीम राजभर को बसपा ने पहले आजमगढ़ संसदीय सीट से उम्मीदवार बनाया थ बाद में उन्हें सलेमपुर भेज दिया। भीमराज को उम्मीद है कि सजातीय वोटों और बसपा के परंपरागत मतदाताओं के सहारे वे मैदान मार लेंगे। हालांकि राजभर मतों के बंटवारे का डर बसपा को भी है।

### गठबंधन के बावजूद पिछला चुनाव हार गई थी बसपा

- 2019 में जब लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई तो सपा- बसपा ने गठजोड़ कर लिया। उस समय भाजपा को लगा था कि कभी सपा और बसपा का मजबूत गढ़ रही इस सीट पर मतदाता उसके उम्मीदवार को नकार देंगे लेकिन मतदाताओं ने न सिर्फ रविंद्र कुशवाहा को दोबारा सांसद बनाया बल्कि जीत के रंग और गाढ़ा किया। रविंद्र कुशवाहा बसपा उम्मीदवार आरएस कुशवाहा से 1.12 लाख से अधिक वोटों से जीते थे। बसपा 2014 और 2019 की हार का बदला लेना चाहती है। हालांकि इस बार वह मैदान में अकेले है, जबकि 2009 से जीत की राह तलाश रही सपा ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। 1996 और 2004 में सपा तो बसपा 1999 व 2009 में इस सीट पर जीत दर्ज कर चुकी है। जबकि भाजपा को पहली जीत 2014 में मिली थी। कांग्रेस के लिए यहां का मैदान 1989 में ही बंजर हो गया था।

## गाजीपुर में अफजाल की बेटी को उतार सकती सपा

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** गाजीपुर संसदीय सीट पर समाजवादी पार्टी ने फिलहाल सांसद अफजाल अंसारी को उम्मीदवार घोषित कर रखा है, लेकिन अभी उनके चुनाव लड़ने को लेकर सस्पेंस है। विधायक कृष्णानंद राय हत्या कांड के बाद गैंगस्टर एक्ट के तहत अफजाल अंसारी पर मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले में उन्हें चार साल की सजा सुनाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हाईकोर्ट को सुनवाई के लिए कहा है। हाईकोर्ट का फैसला यदि अफजाल के पक्ष में आता है तो वे चुनाव लड़ पाएंगे और विरोध में आता है तो मैदान से बाहर हो जाएंगे। यही वजह है कि उन्होंने अपनी बेटी नुसरत को अचानक क्षेत्र में सक्रिय कर दिया है। इससे इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि फैसला यदि खिलाफ आता है तो पिता की राजनीति को नुसरत ही आगे बढ़ाएंगी।



भाजपा ने इस सीट से पारसनाथ राय को मैदान में उतारा है। पारसनाथ राय जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल और गाजीपुर से सांसद रहे मनोज सिन्हा के करीबी हैं। पहले मनोज सिन्हा को ही भाजपा की ओर से मैदान में उतारने की चर्चा थी। मनोज सिन्हा के बेटे ने भी टिकट चाह रहे थे। पार्टी ने मनोज सिन्हा की पसंद पर ही पारसनाथ राय को टिकट दिया है। बसपा ने इस सीट पर उमेश सिंह को मौका दिया है।

इस संसदीय सीट से 2004 और 2019 में अफजाल अंसारी सांसद बने थे। 2019 में बसपा और 2004 में समाजवादी पार्टी से उन्हें जीत मिली। इस बार उन्होंने पाला बदल लिया और सपा के टिकट पर मैदान में आ गए। जबकि यहां से भाजपा के मनोज सिन्हा 1996, 1999 और 2014 में जीते थे। यह पहला चुनाव होगा जब मुख्तार अंसारी का हस्तपेक्ष नहीं होगा। परिवार का सदस्य मैदान में रहा हो या न रहा हो मुख्तार का हस्तक्षेप जरूर होता था। मुख्तार की मौत के बाद अफजाल अंसारी और उनका परिवार सहानुभूति के सहारे जीत हासिल करना चाहता है। हालांकि अभी कोर्ट के फैसले के बाद ही तय होगा कि अफजाल मैदान में आएंगे या नहीं। फिलहाल बिना किसी तामझाम के नुसरत क्षेत्र में घूम रही हैं। वह चुनाव लड़ेंगी या नहीं इस पर भी वह कुछ नहीं बोलतीं।



मांगा आशीर्वाद

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी एवं गांडेय विधानसभा सीट से जेएमएम की उम्मीदवार कल्पना सोरेन ने जनसंपर्क कर मतदाताओं से वोट देने की अपील की।

## प्रतापगढ़ में बसपा ने दोबारा खेला ब्राह्मण कार्ड

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रतापगढ़ लोकसभा सीट पर बसपा ने एक बार फिर ब्राह्मण कार्ड खेलकर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। इस बार पार्टी ने पिछली बार अशोक त्रिपाठी को उतारा था, तो इस बार भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्रा के पुत्र प्रथमेश मिश्रा बेटे को नीला झंडा थमा दिया है। प्रथमेश सुप्रीम कोर्ट में वकील हैं। यह उनका पहला चुनाव है। प्रतापगढ़ सीट पर जहां भाजपा ने अपने सांसद संगमलाल गुप्ता पर भरोसा जताया है, तो सपा ने एसपी सिंह पटेलको उतारा है। ओवैसी-पल्लवी पटेल के पीडीएम मोर्चे से डॉ. ऋषि पटेल हैं। बसपा प्रत्याशी प्रथमेश के पिता भाजपा से कौशांबी लोकसभा सीट के प्रभारी हैं। शिव प्रकाश और उनकी पत्नी विधायक राजा भैया के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ चुकी हैं। शिप्रकाश भी बसपा से चुनाव मैदान में उतरे थे।

# कन्नौज में दलित-सवर्ण मत खोल सकते किस्मत का द्वार

## आकलन : जो दल अपने वोट बैंक का बंटवारा जितना ज्यादा रोक पाएगा, उतना जीत के करीब पहुंच सकेगा

इरा अवस्थी, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कन्नौज में मतदान होने में बस 12 दिन का समय शेष है। इस कारण राजनीतिक मैदान में खिलाड़ियों ने एड़ी चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है। वैसे तो प्रत्याशी जाति-समाज-वर्ग विशेष को जोड़ने की हर संभव कोशिश में लगे हैं। लेकिन असल लड़ाई आधार वोट के अलावा अन्य वोटों पर निशाना साधने की हो रही है। माना जा रहा है कि इस बार सवर्ण व दलित वोटर यहां किसी भी प्रत्याशी की ताजपोशी में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

लोकसभा कन्नौज की सियासी जंग एक तरफ सांसद सुब्रत पाठक के चौथी बार मैदान में भाग्य आजमाने तो दूसरी तरफ करीब 15 साल बाद एक बार फिर से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के ताल ठोंकने से रोचक हो चुकी है। इससे पहले सुब्रत ने पहला चुनाव भी 2009 में अखिलेश के ही खिलाफ लड़ा था। सपा अध्यक्ष के मैदान में डटने से चुनाव हाई प्रोफाइल की श्रेणी में आ गया है। पूरे देश के राजनीतिज्ञों की निगाहें कन्नौज पर हैं तो सपा मुखिया की साख भी दांव पर है। भारतीय जनता पार्टी की बात करें तो उसे सरकार द्वारा देश भर में कराए गए ऐतिहासिक कार्यों के साथ जनवरी में तैयार हुए भव्य राम मंदिर के बलबूते जीत का पूरा भरोसा है। उधर, सपा के पास गिनाने के लिए पूर्व के काम हैं जिनको लेकर आरोप है कि भाजपा ने उनको आगे नहीं बढ़ाया। अब अगर वोटों की गणित को समझें तो समाजवादी पार्टी का यादव वोट बैंक उनके ही खाते में जाना तय माना जा रहा है। मुस्लिम मतदाता की बात करें तो यह कांग्रेस का परंपरागत वोट रहा है तो इसका रुझान समाजवादी पार्टी की तरफ भी है। इस बार दोनों ही दल एक 'छाते' के नीचे हैं तो दोनों ही वर्गों के वोट का करीब 80 से 90 फीसदी 'साइकिल' को ही जाने की संभावना जताई जा रही है। उधर, बहुजन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भी इस बार मैदान में हैं। अल्पसंख्यक समुदाय से होने से वे आश्वस्त हैं कि कौम का वोट खासी संख्या में ले सकेंगे। इसके साथ ही बसपा का कोर वोट जो 'दलित' माना जाता है वह बहुत ज्यादा बंटने की संभावना कम ही दिखाई दे रही है। हालांकि राजनीतिक जानकारों की माने तो प्रत्याशी इमरान बिन जफर कानपुर से चुनाव लड़ने यहां पहुंचे हैं तो स्थानीय जुड़ाव न के बराबर होने से अल्पसंख्यक वोट बहुत ज्यादा प्रभावित कर सकेंगे इसमें संदेह है। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के लिए सकारात्मक पहलू यह है कि वह सत्ता पक्ष व अनुशासित कही जाने वाली पार्टी से ताल्लुक रखते हैं। काम की बात करें तो निजी तौर पर मतदाताओं में उनके प्रति कहीं-कहीं गुस्सा झलकता नजर आता है। खांटी भाजपाई भले ही थोड़ा नाराज हों लेकिन उनकी 'कमल' खिलाना मजबूरी है। हालांकि आम लोग इस बात पर जोर देते हैं कानून व्यवस्था अच्छी हुई है तो कई लोगों का तर्क है कि पांच साल में विकास के नाम पर शहर की एक सड़क तक नहीं बनी है। हालांकि ब्राह्मण व दलित वोट में बंटवारा होना तय है। इस बंटवारे में जितना ज्यादा हिस्सा भाजपा को जाएगा उतना ही उसका फायदा है। इसके साथ ही वोट प्रतिशत बढ़ता है तो भाजपा को फायदा है और नहीं तो इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है, ऐसा राजनीति के जानकार मान रहे हैं। इस समर में तीनो दलों भाजपा, सपा व बसपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने वोट को सहेजने और समेटने की है। जो दल अपने वोट बैंक का बंटवारा जितना ज्यादा रोकने में कामयाब होगा वह उतना ही जीत के करीब पहुंच सकेगा।



अखिलेश यादव।



सुब्रत पाठक।

- मतदान प्रतिशत बढ़ने पर फायदा होने की उम्मीद में भाजपा ने अपनी मशीनरी को बूथों पर किया सक्रिय

## सार-संक्षेप

### बागपत में सास बहू की गला रेत कर हत्या

**बागपत, अमृत विचार :** छपरौली क्षेत्र में मंगलवार शाम सास-बहू की गला रेतकर हत्या कर दी गई। हत्या के संदेह के आधार पर घर के एक सदस्य को हिरासत में लिया गया है। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि हलालपुर गांव में दिल्ली पुलिस के रिटायर्ड दरोगा जितेंद्र सिंह अपने बड़े पुत्र धीरज के पास दिल्ली गए हुए थे। घर पर उनका छोटा पुत्र मनीष, उनकी पत्नी सरोज व मनीष की पत्नी वर्षा ही थे। बताया गया कि मनीष किसी काम से गांव में ही घर से बाहर गया हुआ था, तभी किसी ने घर में घुसकर जितेंद्र की पत्नी सरोज (58) व मनीष की पत्नी वर्षा (28) की गला रेत कर हत्या कर दी। कुछ देर बाद ही पड़ोस की एक महिला किसी काम से उनके घर पर गई। उसने दरवाजा खोला तो वहां सरोज व वर्षा के लहूलुहान शव पड़े हुए थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मनीष को हत्या की सूचना दी। मनीष आते ही घर के बाथरूम में घुस गया और आत्महत्या की नीयत से ब्लेड से अपने हाथ पैर पर वार किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मनीष ने अपने हाथ और पैरों पर भी ब्लेड से वार कर आत्महत्या का प्रयास किया था। पुलिस का मानना है कि महिलाओं की हत्या में किसी करीबी का हाथ है और मनीष को भी संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया है।

### 5वें चरण में 29 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में पांचवें चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार को 29 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें लखनऊ व मोहनलालगंज सीटों से बसपा प्रत्याशियों के अलावा सपा से पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। नामांकन की अंतिम तारीख तीन मई है। 20 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि नामांकन करने वालों में मोहनलालगंज (अजा) में दो, लखनऊ में तीन, अमेठी में पांच, जालौन (अजा) में एक, हमीरपुर में तीन, बांदा में छह, फतेहपुर में दो, कौशाम्बी (अजा) में दो, फैजाबाद में तीन व गोंडा के दो प्रत्याशी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) लोकसभा सीट के बसपा से राजेश कुमार ने नामांकन किया, जबकि लखनऊ सीट से बसपा से मोहम्मद सरवर मलिक ने नामांकन पत्र भरा। जालौन (अजा) सीट के लिए बसपा से सुरेश चन्द्र गौतम ने नामांकन किया। हमीरपुर सीट के लिए बसपा से निर्दोष कुमार दीक्षित ने नामांकन पत्र भरा। बांदा सीट के लिए सपा से कृष्णा देवी व शिव शंकर ने नामांकन किया। फैजाबाद सीट के लिए सपा से पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद व बसपा से सच्चिदानंद ने नामांकन भरा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी सीटों पर नामांकन के लिए समुचित व्यवस्था की गई है।

### निरहुआ ने लिया रामलला का आशीर्वाद



**अयोध्या, अमृत विचार :** भोजपुरी अभिनेता व आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। दोनों ने रामलला का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। नामांकन करने से पहले रामलला की शरण में पहुंचे आजमगढ़ के सांसद निरहुआ ने कहा कि हम लोगों का सौभाग्य है की हमारे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। बुधवार को नामांकन है। प्रभु के चरणों में शीश झुकाने आया हूं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने विपक्ष पर भी हमला बोला। कहा, विपक्ष पूर्ण रूप से खत्म है। राम के दुश्मन सब जेल जाएंगे। 400 सीट जीतकर फिर मोदी ही आएंगे।

### जातीय रैलियों के मामले में अगली सुनवाई 22 को

**लखनऊ, विधि संवाददाता :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में उत्तर प्रदेश में जातीय रैलियों पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि नोटिस के बावजूद भाजपा, कांग्रेस, सपा व बसपा की ओर से न तो कोई उपस्थित हुआ है और न ही इन राजनीतिक दलों की ओर से किसी अधिवक्ता ने वकालतनामा दाखिल किया है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 22 मई की तिथि नियत कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव द्वारा वर्ष 2013 में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। पिछली सुनवाईयों के दौरान चुनाव आयोग की ओर से न्यायालय को बताया गया था कि उसने ऑनलाइन जवाबी हलफ़नामा दाखिल कर दिया है। हालांकि न्यायालय के रिकॉर्ड पर उक्त हलफ़नामा नहीं पाया गया। इस पर न्यायालय ने आयोग को जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया था। याची के अनुसार न्यायालय ने पूर्व के आदेश में चुनाव आयोग समेत केंद्र व राज्य सरकारों को जातीय रैलियों के विरुद्ध गाइडलाइंस बनाने का आदेश दिया था।

### श्रमिकों में काम की मांग से बढ़ी रोजगार की गारंटी

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में बढ़ती काम की मांग को देखते हुए 'रोजगार की गारंटी' बढ़ गई है। यानी वर्ष 2024-25 में जॉबकार्ड श्रमिकों को पहले चरण में 26 करोड़ मानव दिवस का लक्ष्य मिला है। जबकि वर्ष 2023-24 में पहले चरण में 24 करोड़ मानव दिवस का लक्ष्य मिला था। जो श्रमिकों की संख्या और रुचि के आगे कुछ माह में खत्म हो गये थे और पूरे वर्ष चार चरण में कुल 34.50 करोड़ मानव दिवस मिले थे। मार्च तक 34.35 करोड़ सृजित यानी श्रमिकों ने काम कर पूर्ण किए। इसमें 5.28 लाख परिवार को 100 दिन बराबर काम मिला है। श्रमिकों में काम की बढ़ती मांग को देखते हुए इस वर्ष पहले चरण में दो करोड़ मानव दिवस अधिक मिले हैं। वहीं, 230 से 237 रुपये मजदूरी भी 1 अप्रैल से मिलने लगी है।

### गांवों में सूखा से निटपने को बनेगी कार्ययोजना

**लखनऊ, अमृत विचार :** ग्रामीण इलाकों में सूखा से निपटने की कार्ययोजना बनाई जाएगी। इससे जो भी कमियां या संसाधन कम होंगे वह पहले से जुटाए जाएंगे। शासन के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने सभी बीडीओ व एडीएओ पंचायत से सूखा से निपटने की गांव-गांव कार्ययोजना बनाकर कर मांगी है। इसमें हैंडपंप, नलकूप, नहर, नदी, तालाब, पेयजल आदि का सर्वे कर स्थिति देखने को और कमियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिए हैं। बताया कि सूखा के जो भी कारण होते हैं वह चिह्नित किए जाएंगे। उस पर रोकथाम के कार्य पहले से करेंगे। इससे आगे सूखा की स्थिति से बचा जा सकेगा। 15 दिन में कार्ययोजना मांगी है।

### मिजोरम के राज्यपाल ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** मिजोरम के राज्यपाल डॉ. कंभमपति हरीबाबू ने मंगलवार को रामलला के दर्शन किये। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रोटोकॉल के तहत उनका स्वागत किया। इसके बाद सबसे पहले सरयू घाट पहुंचे। राम की पैड़ी की खूबसूरती को देखा। उसके बाद हनुमान गढ़ी पर दर्शन पूजन करने के बाद रामलला के दरबार पहुंचे। राम मंदिर के पास खड़े होकर फ़ोटो भी खिंचाई। उन्होंने कहा कि यह मेरा पहला दौरा था। यहां का दृश्य बहुत सुंदर है।

## पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी ने वोट जिहाद छेड़ने की अपील की

# वोट जिहाद पर सलमान खुर्शीद और भतीजी पर रिपोर्ट

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

- कहा, भाजपा की बैठकें कराने वाले मुसलमानों का हुक्का-पानी बंद हो
- कायमगंज में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में की जनसभा

**अमृत विचार :** कायमगंज कस्बा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य के समर्थन में आयोजित जनसभा में मंगलवार को पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी एवं सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट के लिए जिहाद छेड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा की बैठकें कराने वाले मुसलमानों का हुक्का- पानी बंद कर देना चाहिए। वोट जिहाद की बात करने पर मारिया आलम और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद के विरुद्ध भड़काऊ भाषण देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।



मारिया आलम खां।

जनसभा में पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की मौजूदगी में मारिया आलम खां ने कहा कि बहुत अक्लमंदी के साथ एक साथ होकर वोटों का जिहाद करो, क्योंकि हम सिर्फ वोटों का जिहाद कर सकते हैं। अगर अभी एक नहीं हुए तो यह समझ लेना यहां से नामोनिशान मिटाने के लिए यह संघी सरकार जो कोशिश कर रही है उसको तुम कामयाब करने का काम करोगे। बहुत शर्म आती है जब मैंने आज यह सुना कि कुछ मुसलमानों ने आज यहां भाजपा सांसद मुकेश राजपूत की मीटिंग कराई है। मुझे लगता है समाज को ऐसे लोगों का हुक्का- पानी बंद कर देना चाहिए। आज कितने लोग सीएए- एनआरसी को लेकर जेल में बंद हैं। उन बच्चों के केस सलमान खुर्शीद साहब फ्री में लड़ रहे हैं। लोग कहते हैं कि संविधान खतरे में है तो मैं कहती हूं कि इंसानियत खतरे में है।

दूसरी ओर वोट जिहाद की बात करने पर मारिया आलम और सलमान खुर्शीद के विरुद्ध भड़काऊ भाषण देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट मनोज शर्मा ने कायमगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर में उन्होंने लिखा है कि सलमान खुर्शीद तथा उनकी भतीजी मारिया आलम खां ने अल्पसंख्यकों को जिहादी बनकर सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिये ध्रुवीकृत भाषण दिया। यह भाषण आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सूचना न देने पर सचिवों पर जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में सूचना का अधिकार के तहत मांगी गई सूचना न देने पर आयोग ने दो सचिवों पर 25-25 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। ग्रामीणों ने विकास कार्य संबंधित बीकेटी और माल के सचिवों से सूचना मांगी थी।

जो निर्धारित समय पर न देने पर आयोग में अपील की थी। इस पर आयोग ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। इस पर डीपीआरओ हिमांशू शेखर ठाकुर ने संबंधित सचिव को नोटिस जारी धनराशि जमा करने को कहा है। चेतावनी दी यदि जुर्माना जमा नहीं किया तो वेतन के कटौती की जाएगी।

# एसपी को टैक्सी देने से इंकार करने पर चोरी में दिखा दी गिरफ्तारी

## हाईकोर्ट ने डीजीपी को दिए एसआईटी गठित कर जांच के आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

- याचिका दाखिल कर एसपी रायबरेली पर लगाए गए आरोप

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक बुजुर्ग मां ने याचिका दाखिल कर आरोप लगाया है कि एमबीए शिक्षित उसके बेटे को चोरी के फर्जी केस में सिर्फ इसलिए गिरफ़्तारी दिखा दी गई क्योंकि उसने रायबरेली के एसपी अभिषेक अग्रवाल को टैक्सी देने से इंकार कर दिया था।

न्यायालय ने मामले को बहुत गंभीर मानते हुए, पुलिस महानिदेशक को मामले में एसआईटी गठित कर जांच कराने का आदेश दिया है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि एसआईटी में ऐसे अधिकारी रखे जाएं जो एसपी अभिषेक अग्रवाल व मामले में शामिल अन्य पुलिस अधिकारियों से वरिष्ठ हों। इसी के साथ न्यायालय ने दो माह में एसआईटी को अपनी रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की खंडपीठ ने गोमती मिश्रा की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से दलील दी गई कि उसके बेटे अलख मिश्रा को 30-31 मार्च की रात को पुलिस ने रायबरेली के मौरांवा पेट्रोल पम्प से गिरफ्तार किया व उसे थाना खीरो ले जाया गया, जहां उसे मारा पीटा गया तथा अगले दिन 31-1 की रात को उसकी हिंदूपुर गाँव में चोरी के दौरान गिरफ़्तारी दिखा दी। कहा गया कि 30-31 मार्च को पेट्रोल पम्प से की गई गिरफ़्तारी की सीसीटीवी फुटेज मौजूद है। याची ने आरोप लगाया कि गाड़ी न देने पर उसके साथ ऐसा व्यवहार किया गया।

न्यायालय ने मामले में पुलिस अधिकारियों से जवाब मांगा लेकिन कोर्ट द्वारा कई बार समय दिए जाने के बावजूद रायबरेली पुलिस की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका व पुलिस अधिकारी सिर्फ यही दोहराते रहे कि अलख मिश्रा को 31 मार्च-1 अप्रैल की रात्रि में गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट के आदेश के बाद मामले की गहनता से जाच की जा रही है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि व ईदगाह विवाद मामले की सुनवाई जारी

**विधि संवाददाता, प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में मंगलवार को हुई लंबी सुनवाई के दौरान मंदिर पक्ष ने दावा किया कि ढाई एकड़ में बनी शाही ईदगाह कोई मस्जिद नहीं है। मंदिर पक्ष का तर्क है कि ईदगाह में केवल साल भर में दो बार नमाज पढ़ी जाती है, जबकि मस्जिद में दिन भर में पांच बार नमाज होती है। हिंदू पक्ष ने कोर्ट को बताया कि शाही ईदगाह का पूरा ढाई एकड़ का क्षेत्र भगवान का गर्भगृह है, जिस पर राजनीतिक षड्यंत्र के तहत ईदगाह का निर्माण कराया गया। बहस पूरी न होने के कारण न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ ने सुनवाई को बुधवार तक के लिए टाल दिया। बुधवार को भी उक्त मामले पर बहस जारी रहेगी। हिंदू पक्ष का तर्क है कि वर्षों पहले गलत समझौते के तहत मंदिर ट्रस्ट की जमीन शाही ईदगाह को दे दी गई थी।

# चार सौ पार का मतलब आरक्षण पर वार: पुनिया



मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते पूर्व सांसद पीएल पुनिया व अन्य। ● अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा, कांग्रेस सत्ता में आते ही शुरू करेगी जातिगत जनगणना

**अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का चार सौ पार का मतलब आरक्षण पर वार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आते ही देश में जातिगत गणना शुरू करेगी। पुनिया मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कदम रखते ही वंचितों-शोषितों का शोषण शुरू कर दिया था, जो इस बात का संकेत था कि भविष्य के भारत में भाजपा अपने प्रचंण्ड बहुमत का दुरुपयोग कर संविधान पर आक्रमण करेगी। उन्होंने कहा कि 2014 में सत्ता में आते ही मोदी सरकार ने किसानों की भूमि के उचित मुआवजा कानून पर आक्रमण किया था, फिर बाद में किसानों की आमदनी हड़पने के कृषि के काले कानून लाने का दुस्साहस किया। पुनिया ने कहा कि मोदी सरकार ने दूसरा बड़ा आक्रमण सार्वजनिक उपक्रमों को बेच कर शुरू किया।

## अयोध्या से पुणे के लिए विशेष ट्रेन

**अयोध्या, अमृत विचार :** यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अयोध्या से पुणे के लिए विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया है। यह ट्रेन तीन से नौ मई के बीच संचालित होगी। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने मंगलवार को बताया कि पुणे जंक्शन से अयोध्या कैंट को आने वाली रेलगाड़ी तीन और सात मई को शाम 7.30 बजे रवाना होगी। कल्याण जंक्शन, भुसवल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, झांसी, उरई, कानपुर और लखनऊ के रास्ते सुबह 8.50 बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी।

## अयोध्या में एक और श्रद्धालु की जान गई

**अयोध्या, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र में गुप्तारघाट पर स्नान के दौरान मंगलवार को एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। इसके पूर्व दर्शन के दौरान रामनगरी में श्रद्धालुओं की मौत का मामला प्रकाश में आ चुका है।

राजस्थान से एक परिवार दर्शन-पूजन और सरयू स्नान के लिए रामनगरी आया है। परिवार के लोग मंगलवार सुबह सरयू स्नान के लिए कैंट थाना क्षेत्र के गुप्तारघाट पहुंचे। घाट पर तैनात जल पुलिस के जवानों और स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह लगभग आठ बजे करीब परिवार के लोग सरयू में स्नान कर रहे थे। परिवार की एक 55-60 वर्षीय महिला घाट के किनारे लोटे से अपने शरीर पर जल डाल रही थी। इसी दौरान महिला चक्कर खाकर गिरी और बेहोश हो गई। लोगों का कहना है कि परिवार के लोगों ने एंबुलेंस को फोन किया,लेकिन एंबुलेंस काफी विलंब से पहुंची। जिसके बाद महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतका का नाम-पता चंदादेवी पत्नी ओम प्रकाश निवासी ईदगाह की गली थाना सरदारपुर जिला जोधपुर, राजस्थान बताया गया है।

# गरीब बच्चों के लिए वरदान बन रहा विद्याज्ञान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- प्रमुख सचिव बेसिक ने परखी शैक्षिक गुणवत्ता

**अमृत विचार :** निजी विद्यालयों से कहीं आगे बढ़कर विद्याज्ञान विद्यालय गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण निशुल्क शिक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

विद्यालय की वर्तमान स्थिति को परखने को लिए प्रमुख सचिव बेसिक डॉ. शन्मुगा सुन्दरम ने यहां विद्यालय का दौरा किया और प्रधानाचार्य, शिक्षकों और छात्रों से बातचीत की। इस दौरान प्रमुख सचिव ने पाया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। शिव नादर फाउंडेशन की ओर से चल रहे इस विद्यालय में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा पांच पास बच्चों के छठी में प्रवेश प्राथमिकता से दिया जाता है। प्रमुख सचिव ने बताया कि यहां लगभग 800 विद्यार्थी हैं। इसमें 55% लड़कियां और 45% लड़के हैं। छठी से 12वीं तक पढ़ाई के लिए 71 शिक्षकों को तैनात किया गया है।

### राज्य भर से छात्रों का होता है चयन

सचिव ने बताया कि इस विद्यालय में छात्र राज्य भर से पढ़ने आत हैं। जो निम्न आय वर्ग से हैं। उनका चयन स्काउटिंग प्रणाली द्वारा एक सुस्थापित परीक्षण के माध्यम से किया जाता है। पाठ्यक्रम, छात्रावास और सभी सुविधाओं के उपयोग की पूरी लागत स्कूल प्रबंधन द्वारा वहन की जाती है। प्रमाणपत्रों के सत्यापन के बाद कक्षा कक्षा 6 चयनित होने पर, छात्र सीधे स्कूल में प्रवेश ले सकते हैं।

## वर्ग पहेली-56

**बाएं से दाएं**

1. 1. बंधन, बंधन की अवस्था 2. कारावास 3. प्रतिबंध, शर्त।
3. कागज़-पत्रों को दबाने के लिए रखी जाने वाली कांच की वस्तु
6. तिरस्कृत, अपमानित।
8. 1. डटकर मुकाबला करना, संघर्ष करना 2. लड़ना, लड़ते हुए मरना 3. विषम परिस्थितियों का सामना करना 4. तकरार करना 5. ताकत लगाकर कुछ करने की कोशिश करना।
9. 1. रोकने

**ऊपर से नीचे**

1. कदंब की प्रजाति का एक वृक्ष जिसकी लकड़ी हलके पीले रंग की और बहुत मज़बूत होती है तथा इमारतों में लगती है, करमा।
2. पानी या कोई और तरल पदार्थ धीरे-धीरे गले के नीचे उतारना, पीना।
4. 1. सूर्य 2. अग्नि।
5. 1. अंत : प्रेरणा या अपनी इच्छा से की जाने वाली अवैतनिक सेवा 2. अपना काम ख़ुद करना।
7. दे. मंझला।



### वर्ग पहेली -55 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 घ | ■ | ■ | 2 मो | ची | ■ | 3 जे |
| मं | ■ | 4 बा | ■ | ■ | ■ | ठी |
| 5 का | 6 ति | ब | ■ | 7 मु | नी | म |
| ■ | 8 प | र | का | ला | ■ | धु |
| ■ | हि | ■ | ■ | ज़ि | ■ | ■ |
| ■ | या | ■ | 9 द | म | घों | टू |

### सुडोकू -135

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 3 | | | 8 | |
| 4 | | | | | | 6 | | |
| 5 | | 2 | | | 1 | | 3 | |
| | | 1 | | | | | 6 | |
| | | 3 | | | | 7 | | |
| | 6 | | 2 | 7 | | 1 | | |
| | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| | | 9 | | | | | | 6 |
| | 2 | 7 | | | | | 1 | |

### सुडोकू -134 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 3 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 9 | 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 05.45 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-श्रवण 2 मई 03.11 तक तत्पश्चात घनिष्ठा।

**मेष** – आज व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। अपनी क्षमताओं का भरपूर प्रयोग करेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। किसी आनन्दोत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं। जल्दबाजी में कोई कार्य आगे न बढ़ायें।

**वृष** – आज परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। पुराने लोन को आज चुका सकते हैं। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है। नकारात्मक लोगों के कारण आप थोड़ा उदास हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपने संबंध खराब न करें।

**मिथुन** – आज अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। गैरकानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। रियल एस्टेट कारोबारियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। अल्प लाभ के लिए अपने संबंधों को दांव पर न लगायें। मन में अजीबोगरीब कुण्ठा जन्म ले सकती है।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में लोग आपको काफी महत्व देंगे। ज्यादा चिन्ता के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। संतान के करियर को लेकर कुछ चिन्ता रहेगी। प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं। अधिकतर काम आप फोन के माध्यम से करेंगे।

**सिंह** – आज सभी काम योजना बनाकर करें तो आपको लाभ मिलेगा। जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे। व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी।

**कन्या** – आज पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले लोगों के स्थानान्तरण की चर्चा चल सकती है। दुश्मन आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाये रखें। आपकी प्रतिभा और योग्यता की सराहना होगी।

**तुला** – आज विवाहेतर संबंधों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। रिश्तेदारों पर आपको ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। सेहत को लेकर आप थोड़ा सतर्क रहें। किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ वैचारिक मतभेद दूर होगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें

**धनु** – आज व्यवसाय में अचानक बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा। रोजगार में बदलाव करने से बचें। विचारों में सकारात्मकता बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में राजनीति का शिकार हो सकते हैं।

**मकर** – आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी दूर होगी। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें। क्रोध और आवेश से आपको बचना चाहिए। लवमेट्स के साथ आप घूमने जा सकते हैं।

**कुंभ** – आज सोचे हुए कार्य देरी से पूर्ण होंगे। सड़क पर चलते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए। जो भी काम करें वह सोच-समझकर करें। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराने कर्जों को चुकाने का दबाव रहेगा। एकान्त के आपको समय नहीं बिताना चाहिए।

**मीन** – आज नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति हो सकती है। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बनायेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ायेगा। व्यापार में आपके नए सहयोगी बन सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
अल्ला रक्खा – सुबह : 11.00
हम आपके है कौन – रात : 08.00

&pictures
डबल धमाल – सुबह : 08.16
शर्मा जी नमकीन – रात : 08.00

SONY PIX
द डार्क नाईट – दोपहर : 12.21
वंडर वुमन – रात : 08.29

ZEE CINEMA
चमकू – सुबह :09.00
एच 10 – रात : 09.00

colors CINEPLEX
प्रिंस – सुबह :09.30
दिलवाले – शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात :09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- शादी के समय सात फेरे लेते वक्ततुमने वचन दिया था और स्वीकार किया थाकि मेरी इज्जत करोगी, मेरी सब बात मानोगी.
पत्नी- तो क्या इतने लोगों के सामने तुमसे बहस करती
पत्नी की बात सुनकर पति हैरान रह गया।

टीचर- कल मैं सूरज पर लेक्चर दूंगी, कोई भी क्लास मिस मत करना।
चुन्नू- लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
टीचर- क्यों?
चुन्नू- मेरी मम्मी इतनी दूर जाने नहीं देगी।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 985 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
**रामपुर :** शिवालिक-985 फ्लैग-1100 डीएमओ-880 बोल्ड-1155

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 82350 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55000-55200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 71,750 |
| सोना रवा | 71,600 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 81,600 |
| चांदी (999) | 81,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 71700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 70700 |
| सिल्वर (पक्की) | 810 (अनुमानित) |

## मुरादाबाद मंडी

दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

### म्यूचुअल फंड में भेदिया कारोबार पर लगे रोक: सेबी

**नई दिल्ली।** सेबी ने म्यूचुअल फंड में फ्रंट-रनिंग और भेदिया कारोबार पर लगाम के लिए मंगलवार को कदम उठाया। सेबी निदेशक मंडल ने फैसला किया कि परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) को संभावित बाजार दुरुपयोग की पहचान और निवारण के लिए संस्थागत तंत्र स्थापित करना होगा। साथ ही निदेशक मंडल ने ऐसे संस्थागत तंत्र के लिए म्यूचुअल फंड का संचालन करने वाली एएमसी के प्रबंधन की जिम्मेदारी और जवाबदेही बढ़ाने का निर्णय लिया।

# 11 प्रतिशत कम हुई गेहूं की सरकारी खरीद

## 2024-25 में अब तक 196 लाख टन खरीदा, योजनाओं के तहत सालाना जरूरत 186 लाख टन की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने चालू विपणन वर्ष 2024-25 में अब तक 196 लाख टन से अधिक गेहूं खरीदा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम समेत सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए इसकी सालाना जरूरत 186 लाख टन है। खाद्यान्न की खरीद और वितरण के लिए सरकार की नोडल एजेंसी भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) अब बफर स्टॉक बढ़ाने के लिए 2024-25 में 310-320 लाख टन गेहूं खरीद के लक्ष्य को पूरा करने के प्रयास कर रही है।

जरूरत पर खुदरा कीमतों को नियंत्रित के लिए खुले बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए इस स्टॉक का इस्तेमाल होगा। हालांकि रबी



● पंजाब और हरियाणा में आवक अच्छी, एफसीआई करेगा 200 लाख टन गेहूं की खरीद

सत्र की प्रमुख फसल गेहूं की खरीद पिछले साल की समान अवधि के 219.5 लाख टन से अब तक 11 प्रतिशत कम हुई है। इसका मुख्य कारण मध्य प्रदेश और पंजाब में कम खरीद का होना है। एफसीआई के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अशोक के मीणा ने बताया कि हम अनुमानित खरीद लक्ष्य को हासिल करने की राह पर हैं क्योंकि पंजाब और हरियाणा में गेहूं की आवक अच्छी है। एफसीआई अकेले इन दोनों राज्यों से 200 लाख टन गेहूं की खरीद करेगा। केंद्र ने विपणन 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में 261.97 लाख टन गेहूं की खरीद की थी। अधिकांश खरीद अप्रैल-मई के दौरान हुई है।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुमानों के मुताबिक गेहूं का उत्पादन फसल वर्ष 2023-24 में 1,120.19 लाख टन होगा, जबकि पिछले वर्ष में यह 1,105.54 लाख टन था। कुछ राज्यों में उम्मीद से अधिक पैदावार होने पर उत्पादन 1,150 लाख (115 मिलियन) टन तक पहुंच सकता है। एफसीआई ने विभिन्न राज्यों के करीब 16 लाख किसानों से 2,275 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 45,000 करोड़ रुपये का गेहूं खरीदा है। पंजाब और हरियाणा में इस समय गेहूं की फसल की आवक अच्छी है। एफसीआई को पंजाब से 130 लाख टन और हरियाणा से 70 लाख टन की खरीद की उम्मीद है।

### उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में तेज कर सकता है एफसीआई खरीदारी

एफसीआई मई से पहले उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में खरीदारी तेज कर सकता है क्योंकि उसे यहां की मंडियों में फसलों के देर से आने की उम्मीद है। कीमतों को नियंत्रित करने के लिए जरूरत पड़ने पर खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) लाने के लिए अतिरिक्त स्टॉक रखने के बारे में सोचा जा रहा है। पिछले साल इस योजना के तहत 100 लाख टन से अधिक गेहूं आटा मिलों और अन्य गेहूं आधारित उद्योगों को भेजा गया था। मध्य प्रदेश में अब तक गेहूं की खरीद 34.66 लाख टन ही हुई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 55.59 लाख टन थी। बफर स्टॉक के संबंध में केंद्र के पास एक अप्रैल तक केंद्रीय पूल में 75.02 लाख टन गेहूं था, जबकि उस तारीख को बफर मानक 74.6 लाख टन था। एक जुलाई के लिए बफर मानक 275.8 लाख टन है। एफसीआई को सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए 400 लाख टन चावल की वार्षिक जरूरत के मुकाबले विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) में 540 लाख टन की खरीद की उम्मीद है। चावल के मामले में हमारे पास एक साल का अतिरिक्त स्टॉक है। चावल का स्टॉक फिलहाल 532 लाख टन है।

# शरावती परियोजना: एलएंडटी की याचिका कोर्ट ने ठुकराई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● 8,000 करोड़ की परियोजना पर कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक में 8,000 करोड़ रुपये की शरावती बिजली परियोजना के लिए जारी अल्पकालिक निविदा को चुनौती देने वाली लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एलएंडटी) की याचिका खारिज कर दी है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के 25 अप्रैल के आदेश को बरकरार रखा, जिसने कर्नाटक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (केपीसीएल) की तरफ से जारी निविदा के खिलाफ इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी एलएंडटी की याचिका को नकार दिया था। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने कहा, "हम संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। इस आधार पर विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है।" एलएंडटी ने अपनी अपील में कहा था कि बिजली परियोजना के लिए निविदा प्रक्रिया मनमाने ढंग से, विकृत और अनुचित तरीके से चलाई गई। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने उसकी अपील ठुकराते हुए कहा था, "विद्युत-यांत्रिकी और जल-यांत्रिकी कार्य इस परियोजना का एक अभिन्न अंग हैं लेकिन याची सिर्फ एक सिविल ठेकेदार होने से एक विशेष एजेंसी न मिलने तक यह काम

### कोटक महिंद्रा बैंक के संयुक्त प्रबंध निदेशक मणियन ने दिया इस्तीफा

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसके संयुक्त प्रबंध निदेशक केवीएस मणियन ने इस्तीफा दे दिया है। तीन दशकों से बैंक के साथ जुड़े रहे मणियन को इसी साल जनवरी में संयुक्त प्रबंध निदेशक बनाया गया था। उनके इस्तीफे की घोषणा ऐसे समय हुई है जब आरबीआई ने सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के उल्लंघन पर बैंक को ऑनलाइन ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने से रोका है। बैंक ने कहा कि विभिन्न व्यवसायों का नेतृत्व करने वाले मणियन ने तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

# भारत की सोने की मांग 8% बढ़कर 136.6 टन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● वार्षिक आधार पर 20 प्रतिशत बढ़ कर 75,470 करोड़

भारत की सोने की मांग कीमतों के ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचने के बावजूद मजबूत आर्थिक माहौल के दम पर जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 136.6 टन हो गई।

आरबीआई द्वारा सोने की खरीद से भी मांग में वृद्धि हुई। जनवरी-मार्च में मूल्य के संदर्भ में भारत की सोने की मांग वार्षिक आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 75,470 करोड़ हो गई। इसका कारण मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ तिमाही औसत कीमतों में 11 प्रतिशत की वृद्धि भी है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने मंगलवार की रिपोर्ट गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स क्यू1 2024 जारी की। भारत की कुल सोने की मांग, जिसमें आभूषण तथा निवेश दोनों हैं...इस साल जनवरी-मार्च में बढ़कर 136.6 टन हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 126.3 टन थी। भारत में सोने की कुल मांग में से आभूषणों की मांग चार प्रतिशत बढ़कर 95.5 टन हो गई।

### कंपनी और दो ऑडिटरों पर 1.6 करोड़ जुर्माना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण ने रिलायंस होम फाइनेंस में ऑडिट से जुड़ी गड़बड़ियों के लिए कंपनी और दो ऑडिटरों पर 1.6 करोड़ का जुर्माना लगाया है। ऑडिट कंपनी धीरज एंड धीरज पर 2018-19 के कार्यों में गड़बड़ी के लिए एक करोड़, पीयूष पाटनी पर 50 लाख और पवन गुप्ता पर 10 लाख का जुर्माना लगाया है। पाटनी और गुप्ता दोनों मुंबई स्थित धीरज एंड धीरज के भागीदार हैं। नियामक ने पाटनी और गुप्ता को क्रमशः पांच और तीन साल के लिए ऑडिटर के रूप में नियुक्त होने या वित्तीय विवरण या आंतरिक ऑडिट के संबंध में कोई भी ऑडिट करने से रोक दिया है।

# लिंडे इंडिया का मूल्यांकन करे एनएसई: सेबी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शेयरधारकों से मिली शिकायतों के बाद नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को लिंडे इंडिया और उससे जुड़ी प्रैक्सएयर इंडिया के बीच हुए लेनदेन का मूल्यांकन करने के लिए मूल्यांकनकर्ता नामित करने का निर्देश दिया है।

यह मामला लिंडे इंडिया लिमिटेड (एलआईएल) और उससे जुड़ी कंपनियों प्रैक्सएयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पीआईपीएल) और लिंडे साउथ एशिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एलएसएएसपीएल) के बीच हुए लेनदेन और समझौतों से संबंधित है। भारतीय प्रतिभूति एवं



● शेयरधारकों से मिली शिकायतों के बाद मूल्यांकन का दिया निर्देश

विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयरधारकों से कई शिकायतें मिलने के बाद मामले की जांच की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि लिंडे इंडिया द्वारा प्रैक्सएयर इंडिया के साथ किए लेनदेन और समझौते संबंधित पक्ष लेनदेन की प्रकृति के थे और लिंडे इंडिया ने इन लेनदेन पर शेयरधारकों की मंजूरी नहीं ली थी। सेबी ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि लिंडे इंडिया शेयरधारकों की मंजूरी के बगैर संबंधित पक्ष लेनदेन को अंजाम दे रही थी, जो पहली नजर में महत्वपूर्ण प्रतीत होता है।...यह व्यापक शेयरधारक आधार की कीमत पर नियंत्रक शेयरधारकों को अनुचित ढंग से लाभ पहुंचाने की संभावना रखता है।

बाजार नियामक ने एनएसई को आदेश दिया कि वह लिंडे इंडिया और प्रैक्सएयर इंडिया के बीच हुए संयुक्त उद्यम और शेयरधारक समझौते के संदर्भ में भौगोलिक आवंटन के अलावा कारोबार का मूल्यांकन करने के लिए एक पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता नियुक्त करे। साथ ही नियामक ने एनएसई को सेबी और कंपनी दोनों को मूल्यांकन रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### वक्फ संपत्तियों पर अवैध निर्माण जोरों पर उचित निगरानी की जरूरत : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि विवादित वक्फ संपत्तियों पर अनधिकृत निर्माण हो रहे हैं और कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। अदालत ने इस पर उचित निगरानी की जरूरत पर बल दिया। कोर्ट ने 123 संपत्तियों के विवाद से संबंधित मुद्दे पर गौर किया और कहा कि उनमें से कुछ दिल्ली में बहुत ही आकर्षक संपत्तियां हैं और शहर के केंद्र में हैं। दिल्ली वक्फ बोर्ड इन संपत्तियों पर दावा करता है जबकि केंद्र ने उन्हें बोर्ड की सूची से बाहर कर दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने अपने द्वारा निपटाए गए मामलों में से एक का उल्लेख किया, जिसमें निजामुद्दीन में वक्फ संपत्ति के रूप में दर्शायी गई संपत्ति को कई बार बेचा गया था, जिसके बाद बिना अनुमति के उस पर होटल का निर्माण हुआ था। पीठ ने कहा कि जब हमने अधिकारियों से पूछा कि वे क्या कर रहे हैं और यह कैसे हुआ? हमें बताया गया कि वक्फ बोर्ड और डीडीए में विवाद चल रहा है कि संपत्ति किसकी है, जिससे उन पर अतिक्रमण हो रहा है।

### देवेंद्र बने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को देवेंद्र यादव को दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया है। अरविंदर सिंह लवली के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद यादव की नियुक्ति की गई है। पूर्व विधायक यादव मौजूदा समय में पंजाब के प्रभारी भी हैं। संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देवेंद्र यादव को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अंतरिम अध्यक्ष बनाया है और वह पार्टी के पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी भी निभाते रहेंगे। लवली ने 28 अप्रैल को अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और इसकी एक वजह उन्होंने आप से गठबंधन को बताया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस दिल्ली इकाई गठबंधन के खिलाफ थी लेकिन पार्टी आलाकमान ने गठबंधन को स्वीकृति दे दी। लवली से कुछ दिन पहले बाबरिया से विवाद के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री राजकुमार ने इस्तीफा दिया था।

### हथियार डीलर 37 हथियारों के साथ गिरफ्तार

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बिस्टान थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने डीलर को 37 हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी धर्मराज मीणा ने बताया कि सूचना पर बिस्टान थाना क्षेत्र में इंद्रावती नदी के पुल के पास घेराबंदी कर खंडवा जिले के मोघट थाना क्षेत्र निवासी विश्वास सोनी को पकड़ा गया। इसी दौरान उसे हथियार सप्लाई करने आया सिकलीगर प्यार सिंह फरार हो गया। आरोपी के पास से 37 फायर आर्म्स (पिस्टल व कट्टे) मिले हैं। पूछताछ पर प्यार सिंह के घर ग्राम गारी में दबिश दी गई। इसमें हथियार निर्माण की सामग्री व उपकरण जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि दिलीप सोनी के विरुद्ध खरगोन खंडवा होशंगाबाद इंदौर और हरदा में चोरी लूट व हथियार सप्लाई के 13 अपराध दर्ज है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**पटना।** बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय स्थित विशेष अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी युवक को मंगलवार को 20 साल की सश्रम कारावास के साथ 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश कमलेश चंद्र मिश्रा ने पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र निवासी रिक्की को दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को छह माह अतिरिक्त कारावास भुगतनी होगी। अदालत ने पीड़िता के पुनर्वास के लिए उसे पांच लाख रुपये देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है। विशेष लोक अभियोजक सुरेश चंद्र प्रसाद ने बताया कि 2021 में दोषी ने नाबालिग बालिका को गांधीनगर ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। पटना के बाढ़ थाना में इसकी प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

### कोटा में महिला से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

**कोटा (राजस्थान)।** राजस्थान के कोटा में 23 वर्षीय महिला से उसके ही पड़ोसी ने दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक घटना सोमवार की रात उस समय की है, जब पीड़िता का पति घर पर नहीं था। थानाध्यक्ष बन्नालाल ने बताया कि पति के घर लौटने के बाद पीड़िता ने आपबीती सुनाई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि उनके पड़ोसी हेमंत गोस्वामी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और इस बारे में किसी को भी बताने पर गंभीर परिणाम की धमकी दी।

# भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान फेंक देंगी : राहुल

## मध्य प्रदेश के भिंड में भाजपा और प्रधानमंत्री पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने साधा निशाना

**भिंड (मप्र), एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि अगर भाजपा केंद्र में लौटती है तो वह गरीबों, दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को अधिकार देने वाले संविधान को फाड़ कर फेंक देगी। राहुल गांधी मध्य प्रदेश के भिंड जिले में रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने संविधान की प्रति हाथ में लेते हुए कहा कि मौजूदा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, बल्कि दो विचारधाराओं की लड़ाई है। उन्होंने दावा किया, गरीबों, दलितों, आदिवासियों, ओबीसी को संविधान के कारण अधिकार मिले हैं, जिसने लोगों को मनरेगा, भूमि अधिकार, आरक्षण और अन्य चीजें भी दीं। अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वह इस संविधान को फाड़कर फेंक देगी। गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री, अमित शाह और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि अगर वह चुने गए, तो वे संविधान को फाड़ कर फेंक देंगे। भाजपा चाहती है कि संविधान को फेंक दिया जाए...। आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने पूछा कि यदि सत्तारूढ़ सरकार आरक्षण के खिलाफ नहीं है, तो वह सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) रेलवे और अन्य क्षेत्रों का निजीकरण क्यों कर रही है।

गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अपनी महालक्ष्मी योजना के जरिए करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाएगी। सरकार महिलाओं को उनके खातों में एक लाख रुपये हर साल (8,500 रुपये प्रति माह) भेजेगी। गांधी ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी 22-25 उद्योगपतियों को अरबपति बना सकते हैं, तो कांग्रेस करोड़ों महिलाओं को लखपति बना देगी। कांग्रेस ने भिंड लोकसभा (सुरक्षित) सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद संध्या राय के खिलाफ विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है।



● दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को संविधान से ही मिले हैं अधिकार

### प्रत्याशियों से बोले - जनसंपर्क के दौरान संविधान की प्रति रखें

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों से कहा कि वह नामांकन दाखिल करते समय, सभाओं और जनसंपर्क के दौरान अपने पास संविधान की प्रति रखें तथा लोगों को यह बताएं कि जब तक उनकी पार्टी है तब तक कोई संविधान छीन नहीं सकता। राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान अपने साथ संविधान की प्रति लेकर चल रहे हैं और चुनावी सभाओं में लोगों को यह दिखाते भी हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि गरीबों के लिए वरदान, वंचितों का सम्मान और हर नागरिक का अभिमान – हमारा संविधान। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि जब तक कांग्रेस है भाजपा क्या, दुनिया की कोई ताकत संविधान छीन नहीं सकती। वह निरंतर आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा तथा प्रधानमंत्री मोदी संविधान बदलना और आरक्षण खत्म करना चाहते हैं।

### सेना नहीं चाहती अग्निवीर योजना, प्रधानमंत्री मोदी ने थोपा निर्णय

**भिंड।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि सेना और सैनिक दोनों ही अग्निवीर योजना नहीं चाहते, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उन पर यह फैसला थोप दिया। उन्होंने कहा कि मोदी ने दो तरीके के जवान बना दिए हैं, एक पेंशन, कैंटीन और अच्छे प्रशिक्षण वाला। दूसरा वो, जिसे ये कुछ नहीं मिलेगा। सरकार दो लोगों को युद्ध में भेज रही है और एक से कह रही है कि आपको कुछ हुआ, तो आपके परिवार की रक्षा होगी। वहीं दूसरे से कह रही है कि उसे कुछ हुआ तो उसे कुछ नहीं मिलेगा, यहां तक कि शहीद का दर्जा भी नहीं मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सेना और सैनिक, दोनों ही अग्निवीर योजना नहीं चाहते। सिर्फ मोदी इसे चाहते हैं और उन्होंने अपना यह निर्णय सेना पर थोप दिया है। मध्यप्रदेश के भिंड और मुरैना (चंबल अंचल) के बहुत से युवा सेना में हैं। बीहड़ों के लिए मशहूर इस क्षेत्र से हर साल बड़ी संख्या में युवा सेना में जाते हैं। साथ ही उन्होंने इस सभा में कांग्रेस के घोषणा पत्र में महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए की गई अपनी घोषणाओं का भी जिक्र किया।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आम चुनाव से पहले मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तार के समय को लेकर ईडी से सवाल कर जवाब मांगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से गिरफ्तारी के समय से जुड़े सवाल का जवाब देने के लिए कहा।

पीठ ने जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख पर जवाब देने के लिए कहा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। अगली सुनवाई शुक्रवार को होने है। मामले में 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में हैं। कोर्ट ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया और केजरीवाल की याचिका पर जवाब मांगा। उच्च न्यायालय ने नौ अप्रैल को केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखते हुए कहा था कि इसमें कोई अवैधता नहीं थी और बार-बार जारी समन को नजरअंदाज करने और जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास कम विकल्प बचा था।



● अगली तारीख पर जवाब देने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कहा

### दिल्ली कोर्ट ने की सिसोदिया की जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में दाखिल जमानत की अर्जी मंगलवार को खारिज कर दी। सीबीआई और ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले को लेकर अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। सीबीआई और ईडी के मामलों की विशेष न्यायधीश कावेरी बावेजा ने सिसोदिया को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि यह समय जमानत देने के लिए सही नहीं है।

# सॉरी पापा... लिखकर कोटा में एक और छात्र ने जान दी

**कोटा (राजस्थान), एजेंसी**

● जनवरी से अब तक कोचिंग छात्र के संदिग्ध आत्महत्या का नौवां मामला

● रविवार को हरियाणा के सुमित पांचाल ने भी छात्रावास के कमरे में दी थी जान

राजस्थान के कोटा में नीट के 20 वर्षीय अभ्यर्थी ने परीक्षा में शामिल होने के अपने तीसरे प्रयास से कुछ दिन पहले मंगलवार को कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। अभ्यर्थी के कमरे से मिले सुसाइड नोट में लिखा है, सॉरी पापा, मैं इस साल भी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाया। जनवरी से अब तक कोटा में किसी कोचिंग छात्र द्वारा संदिग्ध आत्महत्या का यह नौवां मामला है।

कोचिंग हब के तौर पर पहचाने जाने वाले कोटा में 2023 में छात्रों की आत्महत्या के 26 मामले सामने आए थे। पुलिस ने बताया कि राजस्थान के मूल निवासी भरत कुमार राजपूत का शव मंगलवार सुबह छत के पंखे से लटका हुआ पाया गया। जवाहर नगर थाने के उपनिरीक्षक गोपाल सिंह ने कहा कि राजपूत ने पहले दो बार राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) दी थी और उन्हें पांच मई को अपने तीसरे प्रयास में शामिल होना था। सिंह ने बताया कि राजपूत राजीव गांधी नगर में एक पेइंग गेस्ट के रूप में रह रहा था और पिछले एक साल से मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसका एक रिश्तेदार रोहित भी उनके साथ ही रहता था और उसी परीक्षा की वह भी तैयारी कर रहा था।

उपनिरीक्षक ने बताया कि राजपूत ने मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। इस दौरान कमरे से रोहित बाहर गया हुआ था और जब वह सुबह करीब 11:15 बजे लौटा तो देखा कि कमरा अंदर से बंद है। इस पर उसने खिड़की से झांककर देखा तो राजपूत का शव पंखे से लटकता मिला। रविवार को नीट अभ्यर्थी और हरियाणा के मूल निवासी सुमित पांचाल (20) ने भी अपने छात्रावास के कमरे में छत के पंखे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

### सीबीआई जमीन कब्जा मामले की जांच के लिए संदेशखालि पहुंची

**कोलकाता।** सीबीआई मंगलवार को पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि पहुंची और जमीन कब्जाने का आरोप लगाने वाले शिकायतकर्ताओं से बातचीत कर उनके दस्तावेजों की जांच की। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ इलाके में गए सीबीआई अधिकारियों ने उन लोगों से बात की जिन्होंने टीएमसी से निलंबित शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है। सीबीआई अधिकारी ने बताया कि टीम संदेशखालि का दौरा कर रही है और ग्रामीणों से बातचीत कर रही है।

# अदालत ने पूर्व कांग्रेस पार्षद इशरत जहां पर दंगे और हत्या के प्रयास के आरोप किए तय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की अदालत ने उत्तर पूर्वी हिस्से में 2020 के शुरुआत में हुए दंगे के मामले में कांग्रेस की पूर्व पार्षद इशरत जहां, खालिद सैफी और 11 अन्य के खिलाफ हत्या की कोशिश सहित अन्य आरोप तय किए। मामले की सुनवाई सोमवार को अतिरिक्त सत्र न्यायधीश समीर बाजपेयी ने की।

न्यायधीश ने रेखांकित किया कि पूर्ववर्ती अदालत ने 19 जनवरी को आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। अदालत ने कहा कि सभी के खिलाफ आरोप तय किया जाता है जिन्होंने खुद को बेगुनाह बताया है और मुकदमे की सुनवाई की मांग की है। दिल्ली पुलिस की ओर से विशेष लोक अभियोजक आरसीएस भदौरिया उपस्थित हुए। यह मामला जगत पुरी थाना क्षेत्र में 26 फरवरी 2020 को हुए दंगे से जुड़ा है। अन्य आरोपियों में विक्रम प्रताप, समीर अंसारी, सलीम, साबू अंसारी, इकबाल, अंजार, इलियास, बिलाल सैफ, सलीम, यामीन और शरीफ हैं।

# छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सली ढेर

**नारायणपुर, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया है। राज्य के गृह विभाग का कामकाज संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों से आग्रह किया है कि वे समर्पण करें एवं सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है।

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात को नारायणपुर और कांकेर जिलों के अबूझमाड़ क्षेत्र में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ़ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। मंगलवार की सुबह छह बजे जवान टेकमेटा और काकूर गांवों के मध्य जंगल में थे तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसपर सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षाबलों को मौके से तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों के शव के साथ एक एके 47 राइफल समेत कई हथियार, गोला बारूद भी मिले। मारे गए नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है। मुठभेड़ स्थल कांकेर जिले के कल्पर गांव से 30 किमी दूर दक्षिण में है, जहां 16 अप्रैल के मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे।



● उप मुख्यमंत्री ने नक्सलियों से समर्पण करने और बातचीत का किया आग्रह

### 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** बीजापुर जिले में मंगलवार को 16 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले दो नक्सलियों पर 13 लाख का इनाम है। माओवादियों की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा और प्रताड़ना से वह तंग आ चुके थे। इनमें आठ लाख के इनामी पीएलजीए बटालियन नंबर एक का सदस्य अरुण कड़ती (21) और पांच लाख रुपये का इनामी माटवाड़ा एलओएस कमांडर रमेश ऊर्फ मुन्ना हेमला (42) भी शामिल हैं।

**आज का मुकाबला**

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
पंजाब किंग्स
दोपहर 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 447 |
| केएल राहुल (लखनऊ) | 10 | 434 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

# टी-20 विश्व कप के लिए क्रिकेट जगत ने कसी कमर, टीमें घोषित

भारत की टी-20 विश्व कप टीम में रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह या सूर्यकुमार यादव का चुना जाना तो तय था लेकिन बाकी खिलाड़ियों ने आईपीएल में अपने प्रदर्शन के दम पर जगह बनाई। भारत के 15 खिलाड़ियों में से नौ ने ऑस्ट्रेलिया में 2022 में भी टूर्नामेंट खेला था, लेकिन कुछ पुराने चेहरों को साथ रखते हुए भारतीय टीम ने युवाओं को आगे लाया गया है।



## दक्षिण अफ्रीका टीम में शामिल हुए दो नए चेहरे, नोर्किया की वापसी

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया चोट के कारण नौ महीने बाद वापसी करेंगे जबकि दो अनकैप्ड खिलाड़ियों रेयान रिकल्टन और ओटनील बार्टमैन को भी टीम में जगह मिली। टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान बनाए जाने के बाद ऐडन मार्कराम पहली बार विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की टीम की अगुआई करेंगे। दक्षिण अफ्रीका की सीमित ओवरों की टीम के कोच रॉब वाल्टर ने टी20 विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच की टी20 के लिए अस्थाई टीम की घोषणा भी की। दक्षिण अफ्रीका की टी20 विश्व कप टीम में ऐडन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिच नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स शामिल हैं वहीं, रिजर्व के रूप में नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी को रखा गया है।

## इंग्लैंड टीम में हुई आर्चर की वापसी, बटलर करेंगे अगुआई

**लंदन।** तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को यहां टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम में जगह मिली जिससे उनके 14 महीने बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का रास्ता साफ हो गया है।

ईसीबी ने कहा जोफ्रा आर्चर अपनी दाहिनी कोहनी की चोट से उबर गए हैं और उन्हें टीम में शामिल किया गया है। ऑलराउंडर टॉम हार्टले टीम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं। ईसीबी ने कहा चार जून को बारबडोस के केनसिंगटन ओवल में स्कॉटलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के शुरुआती ग्रुप मैच से पहले विश्व कप टीम 31 मई को कैरेबिया के लिए उड़ान भरेगी। इंग्लैंड टीम में जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, जोफ्रा आर्चर, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, रीस टॉपले और मार्क वुड का शामिल किया है।

**खेल डायरी**

### सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप आज से

**कोलकाता।** सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के 28वें सत्र का अंतिम दौर यहां खेला जाएगा। अंतिम दौर के लिए बारह टीमों को छह-छह टीम के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप में टीमें राउंड रोबिन प्रारूप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। अंतिम दौर की 12 टीमों में छह ग्रुप चरण विजेता, तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता और तीन सीधे प्रवेश पाने वाली टीम पश्चिम बंगाल (मेजबान), तमिलनाडु (गत चैंपियन) और हरियाणा (गत उपविजेता) शामिल हैं। मैच किशोर भारती स्टेडियम और एआईएफएफ नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे। अंतिम दौर का ग्रुप चरण 11 मई को समाप्त होगा। सेमीफाइनल 13 मई को खेले जाएंगे जबकि फाइनल 15 मई को होगा।

### उज्बेकिस्तान और जापान ने फुटबॉल ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**दोहा।** उज्बेकिस्तान ने कई बार चूकने के बाद अंततः अंडर-23 एशियाई कप फाइनल में पहुंचकर पुरुष ओलंपिक फुटबॉल के लिए क्वालीफाई किया। वहीं, जापान की फुटबॉल टीम एएफसी अंडर 23 एशियाई कप के सेमीफाइनल में इराक को 2-0 से हराकर फाइनल में पहुंच गई है। उज्बेकिस्तान ने इंडोनेशिया को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां शुक्रवार को उसकी भिड़ंत जापान से होगी। जापान ने सेमीफाइनल में इराक पर 2-0 से जीत के साथ आठवीं बार ओलंपिक में जगह बनाई। शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी और तीसरे स्थान का फैसला गुरुवार को इराक और इंडोनेशिया के बीच प्ले ऑफ से होगा।

### रॉबर्ट की हैट्रिक से बार्सीलोना ने पिछड़ने के बाद वेलेंसिया को हराया

**बार्सीलोना।** बार्सीलोना ने दूसरे हाफ में रॉबर्ट लेवानदोवस्की की हैट्रिक की बदौलत पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में वेलेंसिया को 4-2 से हराया। बार्सीलोना ने गेंद को अपने कब्जे में लेने के मामले में दबदबा बनाया लेकिन पहले हाफ में रक्षापंक्ति की दो गलतियों के कारण मध्यांतर के समय 1-2 से पीछे थी। फेर्मिन लोपेज ने 22वें मिनट में हेडर से गोल दागकर बार्सीलोना को बढ़त दिलाई लेकिन पांच मिनट बाद ह्यूगो ड्यूरो ने स्कोर 1-1 कर दिया। पेपेलू ने पहले हॉफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल दागकर वेलेंसिया को 2-1 से आगे किया।

### 2025 में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी गुवाहाटी को

**नई दिल्ली।** भारत अगले साल गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। खेल की वैश्विक संचालन संस्था बीडब्ल्यूएफ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वर्ष 2008 के बाद यह पहली बार होगा जब विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन भारत में होगा। बीडब्ल्यूएफ ने कहा टीम और व्यक्तिगत दोनों स्पर्धाएं पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएंगी। पिछली बार पुणे में इसकी मेजबानी की थी।

# लखनऊ आकर फिर बिखर गई मुंबई

## रोमांचक मुकाबले में 4 विकेट से जीती लखनऊ सुपर जायंट्स, स्टोइनिस ने खेली 62 रनों की पारी



**लखनऊ, एजेंसी**

चुस्त क्षेत्ररक्षण और सधी हुई गेंदबाजी के बाद मार्कस स्टोइनिस (62) की केएल राहुल (28) और दीपक हुड्डा (18) के साथ टिकाऊ साझीदारी की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने मंगलवार को यहां मुबंई इंडियंस को चार गेंद शेष रहते चार विकेट से हरा दिया।

इकाना की कठिन पिच पर लखनऊ की तरह मुबंई के गेंदबाजों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया और 144 रनों के छोटे स्कोर का बचाव करने का जज्बा दिखाया जिसके चलते 45 हजार दर्शकों को गेंद और बल्ले के बीच एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। पदार्पण मैच खेल रहे अर्शीन कुलकर्णी पहली ही गेंद पर बगैर खाता खोले आउट हो गए जिसके बाद स्टायनिस ने कप्तान का बखूबी साथ दिया और 45 गेंदों की अर्धशतकीय पारी से टीम को संघर्ष में बनाए रखा। मध्य क्रम में अनुभवी निकोलस पूरन (14) ने पुछल्ले बल्लेबाजों की मदद से टीम को जीत दिलाने में महती भूमिका अदा की। हार्दिक पांड्या ने दो विकेट झटक कर अपनी टीम की जीत की उम्मीदों को हवा दी मगर मामूली स्कोर को बचाने में टीम असफल रही।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.810 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

इससे पहले इशान किशन (32) और नेहाल बढेरा (46) की मुश्किल हालात में खेली गई उपयोगी पारियों की मदद से मुबंई ने मेजबान लखनऊ के खिलाफ सात विकेट पर 144 रन बनाए। टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुबंई की शुरुआत निराशाजनक रही जब पहले पावर प्ले में लखनऊ के गेंदबाजों ने रोहित शर्मा (4),सूर्य कुमार (10),तिलक (7) और हार्दिक (0) के विकेट सस्ते में समेट दिये और छह ओवर के बाद मुबंई का स्कोर चार विकेट पर 28 रन हो गया। कठिन समय में सलामी बल्लेबाज इशान किशन ने नए बल्लेबाज नेहाल बढेरा के साथ पारी को आगे बढ़ाया और पांचवे विकेट के लिये महत्वपूर्ण 53 रन जुटाए।

**मुंबई 144/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इशान किशन का मयंक बो बिश्नोई | 32 | 36 | 3/0 |
| रोहित शर्मा का स्टोइनिस बो मोहसिन | 4 | 5 | 1/0 |
| सूर्यकुमार का राहुल बो स्टोइनिस | 10 | 6 | 0/1 |
| तिलक वर्मा रनआउट (बिश्नोई) | 7 | 11 | 1/0 |
| हार्दिक का राहुल बो नवीन उल हक | 0 | 1 | 0/0 |
| निहाल बढेरा बोल्ड मोहसिन | 46 | 41 | 4/2 |
| टिम डेविड नाबाद | 35 | 18 | 3/1 |
| नबी बोल्ड मयंक | 1 | 2 | 0/0 |
| कोएत्जी नाबाद | 1 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टोइनिस 3-0-19-1, मोहसिन 4-0-36-2, नवीन उल हक 3 .5-0-15-1, मयंक 3 .1-0-31-1, रवि बिश्नोई 4-0-28-1, दीपक हुड्डा 2-0-13-0

**लखनऊ 145/6** — 19 .2 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| केएल राहुल का नबी बो पंड्या | 28 | 22 | 3/1 |
| अर्शिन कुलकर्णी पगबाधा बो तुषारा | 0 | 1 | 0/0 |
| मार्कस स्टोइनिस का वर्मा बो नबी | 62 | 45 | 7/2 |
| दीपक हुड्डा का बुमराह बो पंड्या | 18 | 18 | 2/0 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 14 | 14 | 1/0 |
| एश्टोन टर्नर बो कोएत्जी | 5 | 9 | 0/0 |
| आयुष बडोनी रन आउट | 6 | 6 | 1/0 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-30 1, बुमराह 4-0-17-0, कोएत्जी 3-0-29-1, चावला 3-0-23-0, पंड्या -4-0-26-2, नबी 1.2-0-16-1

**दूसरा टी-20 मुकाबला**

## भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को हराया



**सिलहट।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को वर्षा बाधित टी-20 मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस पद्धति) के आधार पर 19 रनों से हरा दिया है। यहां पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम को भारतीय गेंदबाजों ने राधा यादव 19 रन देकर तीन विकेट और दीप्ति शर्मा 14 रन देकर दो विकेट तथा श्रेयंका पाटिल 24 रन पर दो विकेट के दम पर 119 रन पर समेट दिया था।

इसके बाद बारिश और तूफान के कारण खेल रोके जाने के समय भारतीय टीम ने 5.2 ओवर में एक विकेट पर 47 रन बना लिये थे और स्मृति मंधाना (5) और दयालन हेमलता (41) रन बनाकर क्रीज पर थी। खेल पुनः शुरु नहीं होने की स्थिति में डकवर्थ लुईस नियम के तहत भारतीय टीम को 19 रनों से विजयी घोषित किया गया। श्रेयंका पाटिल और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। पूजा वस्त्रकर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## भारतीय महिला बैडमिंटन टीम चीन से 5-0 से हारी

**चेंगदू, एजेंसी**

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को मंगलवार को मेजबान चीन के खिलाफ 5-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद भारत ग्रुप ए से दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में थॉमस और उबेर कप 2024 क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा। मुकाबले में भारत को 15 बार के विजेता चीन से 5-0 से हार मिली।

ईशारानी बरुआ का पहले एकल मैच में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई से सामना हुआ। 33 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 21-12, 21-10 से हार मिली। 17 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब को हान यू के खिलाफ दूसरे एकल मुकाबले के दौरान अपना टखना मुड़ने की वजह से रिटायर हर्ट होना पड़ा। भारत की युगल राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा को तीसरे मुकाबले में चेन किंग चेन और जिया यी फैन से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह चीन ने मुकाबले में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली।





## इगा महिला क्वार्टर फाइनल में नडाल ने केचिन को हराया

**मैड्रिड।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में तीन घंटे से अधिक चले कड़े मुकाबले में पेड्रो केचिन को तीन सेट में शिकस्त दी। नडाल ने केचिन को पुरुष एकल मुकाबले में हराया। नडाल ने इस जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल अगले दौर में 31वें नंबर के खिलाड़ी जिरी लेहेका से भिड़ेंगे। शीर्ष वरीय यानिक सिनर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाने के बावजूद पावेल कोतोव को हराने में सफल रहे। तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव हार से सिर्फ दो अंक दूर थे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए सबेस्टियन कोर्डा को हरा दिया जबकि कास्पर रूड ने कैमरन नोरी को हराया। महिला एकल में मेडिसन कीज ने कोको गॉफ को हराकर क्वार्ट फाइनल में प्रवेश किया। वह अगले दौर में ओन्स जेब्युर से भिड़ेंगी जिन्होंने येलेना ओस्टापेंको को शिकस्त दी। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सारा सोरिबेस टोर्मो को एकतरफा मुकाबले में हराकर मैड्रिड में पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। अगले दौर में स्वियातेक की भिड़ंत बीट्रिज हदाद माइया से होगी जिन्होंने मारिया सकारी को हराया।

## महिला हॉकी लीग में पहले दिन ओडिशा, महाराष्ट्र को मिली जीत



**रांची।** ओडिशा और महाराष्ट्र ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले दिन मंगलवार को हरियाणा और मणिपुर पर जीत दर्ज की। ओडिशा ने हरियाणा को 4-1 से हराया जबकि महाराष्ट्र ने मणिपुर पर 5-1 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के पहले मैच में हरियाणा के लिए तीसरे मिनट में शशि खासा ने गोल किया। दूसरे हाफ में ओडिशा के लिये रंभा कुजूर ने 33वें मिनट में, सोनाली इक्का ने 38वें और 49वें मिनट में और कप्तान डिपि मोनिका टोप्पो ने 57वें मिनट में गोल दागे। दूसरे मैच में महाराष्ट्र ने 14वें मिनट में तनुश्री कादु के गोल के दम पर बढत बना ली। सानिका माने ने 25वें और 33वें मिनट में गोल किए। मणिपुर के लिये एकमात्र गोल लैशराम रितु देवी ने 51वें मिनट में किया। सानिका माने ने 53वें और 56वें मिनट में दो गोल और करके टीम को जीत दिलाई।

**बॉलीवुड हलचल**

## यिम्मी यिम्मी गाने में जैकलीन ने उड़ाए होश

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस के गाना ''यिम्मी यिम्मी'' यूट्यूब पर 100 मिलियन व्यूज मिल गए हैं। जैकलीन फर्नांडीस इन दिनों अपने वीडियो सॉन्ग ''यिम्मी यिम्मी'' को लेकर सुर्खियों में हैं। इंटरनेट पर हर कोई इस ट्रैक पर झूमता हुआ नजर आ रहा है। यूट्यूब पर यह गाना मैसिव हिट बन गया है। ''यिम्मी यिम्मी'' को अब तक 100 मिलियन से ज्यादा लोग देख चुके हैं। इस वीडियो सॉन्ग को श्रेया घोषाल और फ्रेंच आर एंड बी सिंगर टायक ने अपनी आवाज दी है। जैकलीन फर्नांडीस के फैंस सिर्फ इंडिया में नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हैं। ''यिम्मी यिम्मी'' गाना में जैकलीन के डांस स्टेप्स और उनका लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है।





## प्रशांत की फिल्म राक्षस में काम करेंगे रणवीर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह तेलुगु फिल्म हनुमैन के निर्देशक प्रशांत वर्मा की फिल्म राक्षस में काम करते नजर आ सकते हैं। काफी समय से यह खबरें आ रही हैं कि रणवीर सिंह, प्रशांत वर्मा के साथ किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करते हुए नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने फिल्म साइन कर ली है और इस फिल्म का नाम राक्षस होने वाला है। यह फिल्म इंडियन माइथोलॉजिकल होने वाली है, जिसे मैथ्री प्रोड्यूस कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग इस साल के लास्ट में शुरू हो सकती है। राक्षस को आजादी से पहले की पौराणिक पृष्ठभूमि पर आधारित एक पीरियड फिल्म बताया जा रही है।



# पंजाब पर अपना शिकंजा कसना चाहेगी सुपरकिंग्स

**चेन्नई, एजेंसी**

प्रदर्शन में निरंतरता की कमी से जूझ रही चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम बुधवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें खेल के सभी विभागों में एकजुट प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी। सुपरकिंग्स के नौ मैच में 10 अंक हैं जो लखनऊ सुपर जाइंट्स, हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के समान हैं और गत चैंपियन टीम निश्चित रूप से जीत के साथ इन टीमों से आगे निकलने की कोशिश करेगी।

चेपक हालांकि सुपरकिंग्स का गढ़ है जहां गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है और मेजबान टीम ने पिछले मैच में सनराइजर्स पर 78 रन की आसान जीत दर्ज की। चेन्नई में उस रात ओस नहीं पड़ी थी और बल्लेबाजों द्वारा 200 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद सुपरकिंग्स के गेंदबाजों ने अपनी सटीक और विविधता से भरी गेंदबाजी से सनराइजर्स की मजबूत बल्लेबाजी इकाई को ध्वस्त कर दिया। चेन्नई को पंजाब के खिलाफ यह प्रदर्शन दोहराना होगा और सभी की निगाहें कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर होंगी जो फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। वहीं, पंजाब किंग्स का गेंदबाजी आक्रमण कागिसो रबादा, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह और सैम कुरेन जैसे अनुभवी गेंदबाजों की मौजूदगी के बावजूद थोड़ा कमजोर दिखता है। मेहमान टीम को स्पिनरों हरप्रीत बरार और चाहर से भी बेहतर प्रदर्शन की दरकार है क्योंकि इन्होंने अब तक सात विकेट लिए हैं।



- गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की बढ़ी चिंता जीत का रास्ता ही ले जाएगा आगे

## अमेरिका-मैक्सिको 2027 विश्व कप की मेजबानी की दौड़ से पीछे हटे

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी सॉकर महासंघ और मैक्सिको का महासंघ 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी के लिए संयुक्त बोली से पीछे हट गए हैं और उन्होंने कहा है कि वे इसके बजाय 2031 टूर्नामेंट की मेजबानी की कोशिश पर ध्यान केंद्रित करेंगे।



अमेरिका और मैक्सिको के इस फैसले के बाद 2027 विश्व कप की मेजबानी की दौड़ में ब्राजील और जर्मनी-नीदरलैंड-बेल्जियम की संयुक्त दावेदारी है। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा की कांग्रेस बैंकॉक में 17 मई को बैठक के दौरान इन दोनों में से किसी एक दावेदारी का चयन करेगी। अमेरिकी महासंघ ने कहा कि 2031 की बोली में फीफा को पुरुष और महिला विश्व कप में समान रूप से निवेश करने के लिए कहा जाएगा। फीफा ने पिछले साल कहा था कि उसने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में 2026 पुरुष विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि में 89 करोड़ 60 लाख डॉलर खर्च करने की योजना बनाई है। फीफा ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में पिछले साल के महिला विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि के रूप में 11 करोड़ डॉलर दिए थे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# भारत महाशक्ति बनने की राह पर, हम मांग रहे भीख

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान के हालात पर मौलाना फजलुर रहमान बोले-अदृश्य ताकतें ले रहीं फैसले



पाकिस्तान के शीर्ष नेता और जमीयत उलेमा ए इस्लाम (एफ) के अध्यक्ष मौलाना फजलुर रहमान ने भारत से पाकिस्तान की तुलना करते हुए कहा है कि भारत आज महाशक्ति बनने की राह पर है, जबकि हम दिवालियापन से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं। मौलाना पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद नेशनल असेंबली के पहले सत्र को संबोधित करने के दौरान यह बात कही।

मौलाना ने कहा कि 'देश की दुर्दशा के लिए पर्दे के पीछे से फैसले लेने वाली अदृश्य ताकतें जिम्मेदार हैं, जिन्होंने जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को कठपुतली बना दिया है।' उन्होंने कहा कि 'यही ताकतें दीवारों के पीछे से हमें नियंत्रित करती हैं। वही फैसले करती हैं, जबकि हम सिर्फ कठपुतलियां हैं।' पाकिस्तानी संसद की वैधता पर सवाल उठाते हुए मौलाना फजलुर रहमान ने कहा कि 'संसद सदस्यों ने सिद्धांतों को त्याग दिया है और वे लोकतंत्र को बेचने में जुटे हैं। क्या संसद हकीकत में लोगों के जनादेश को प्रतिबिंबित करती है? महलों में और नौकरशाहों द्वारा फैसला किया जाता है कि कौन प्रधानमंत्री होगा।

## उबर ने पूरे पाकिस्तान में बंद किया परिचालन

**कराची।** स्थानीय कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग की सुविधा देने वाली ग्लोबल कंपनी उबर ने पाकिस्तान में सभी परिचालन बंद कर दिए हैं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की। इसके पहले उबर ने 2022 में कुछ प्रमुख शहरों में अपनी सेवाएं बंद की थीं। प्रवक्ता ने कहा, हमारा सब्सिडियरी ब्रांड करीम पूरे पाकिस्तान में टैक्सी सेवाएं देना जारी रखेगा। उबर ने 2019 में अपनी प्रतिस्पर्धी करीम का 3.1 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया था। उस समय दोनों कंपनियों ने कहा था कि वे अपनी-अपनी क्षेत्रीय सेवाओं और स्वतंत्र ब्रांडों का संचालन जारी रखेंगी। उबर ने 2022 में कराची समेत कुछ शहरों में परिचालन बंद कर दिया था। कंपनी ने कहा कि जिन उबर यूजर के खातों में बैलेंस रकम है, वे नियत समय में अपनी राशि वापस पा सकते हैं।

# कोरोना में रक्षा कवच बनी कोविशील्ड पर ब्रिटेन का सवालिया निशान

*साल 2020 में कोरोना वायरस महामारी आने के बाद एस्ट्राजेनेका कंपनी ने इसकी वैक्सीन को तैयार किया था। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने एस्ट्राजेनेका को कोविशील्ड के नाम से ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर बनाया। 2021 में पहली बार तैयार हुई एस्ट्राजेनेका वैक्सीन (कोविशील्ड) लगातार सवालों के घेरे में रही है। कई देशों ने 2021 में ही इस वैक्सीन पर प्रतिबंध लगा दिया था। कोविशील्ड जिस तेजी से तैयार की गई थी, उस पर वैज्ञानिक समुदाय में तभी सवाल उठने लगे थे। इसके बाद इस बात को लेकर जांच शुरू हुई कि टीका अपने काम में सुरक्षित भी या नहीं। अब लंदन हाईकोर्ट में कंपनी ने दुर्लभ' दुष्प्रभाव को स्वीकार लिया। इसके बाद वैक्सीन नए विवादों में घिर गई है।*

**क्या है एस्ट्राजेनेका-** एस्ट्राजेनेका वैक्सीन को भारत में कोविशील्ड के नाम से जाना जाता है। ये एक वायरल वेक्टर वैक्सीन है जिसे एसएआरएस-कॉवी-2 वायरस से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है जो कि कोविड-19 का प्रेरक एजेंट है। इस वायरस के काम करने के तरीके पर बात की जाए तो ये चिंपांजी में पाए जाने वाले एक सामान्य सर्दी के वायरस (एडेनोवायरस) के कमजोर संस्करण का उपयोग करके काम करता है। इसे एसएआरएस-कॉवी-2 वायरस से प्रोटीन के जीन को ले जाने के लिए मॉडीफाई किया गया है। ये शरीर में इंजेक्ट होने के बाद टीका इंसान के इम्यून सिस्टम को एंटीबॉडी बनाने और टी-कोशिकाओं को सक्रिय करने के लिए प्रेरित करता है ताकि इंसान की बॉडी संक्रमित होने की दिशा में इस वायरस से लड़ सके।




### क्यों हो रहा वैक्सीन पर नया विवाद

फरवरी में यूके की एक अदालत में जमा किए गए दस्तावेजों में एस्ट्राजेनेका कंपनी ने कहा कि इसके इस्तेमाल से थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के साथ थ्रोम्बोसिस नामक एक दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकता है। कंपनी ने कहा है कि वैक्सीन कुछ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकती है। दस्तावेज में साथ ही कहा गया है कि टीकाकरण ना होने पर भी टीटीएस हो सकता है। कैम्ब्रिज मुख्यालय वाली ब्रिटिश-स्वीडिश बहुराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल और बायोटेक्नोलॉजी कंपनी अब एक क्लास-एक्शन मुकदमे का सामना कर रही है, जिसमें दावा किया गया है कि ये वैक्सीन कई मौतों की वजह बनी है।

### केंद्र को चिंताओं को तुरंत दूर करना चाहिए: स्वास्थ्य मंत्री

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि केंद्र को कोविशील्ड टीके के कथित दुष्प्रभावों से जुड़ी चिंताओं को तुरंत दूर करना चाहिए क्योंकि भारत में करोड़ों लोगों को कोविड महामारी के दौरान यह टीका लगाया गया था। भारद्वाज ने इस टीके के दुष्प्रभाव और भारत में सिलसिलेवार रूप से अचानक कई मौतें होने के बीच कथित संबंध को लेकर चिंता जताई। दावा किया कि कोविशील्ड के सुरक्षित होने संबंधी आशंकाओं के चलते यह टीका जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, फिनलैंड, नार्वे और डेनमार्क सहित कई यूरोपीय देशों में शुरू से ही प्रतिबंधित है।

### वैक्सीन का निर्माण

पुणे स्थित फार्मा कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने भारत और कुछ दूसरे गरीब देशों के लिए कोविशील्ड वैक्सीन के निर्माण के लिए जनवरी 2021 में एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ डील की। इस साझेदारी के तहत सीरम को भारत और विश्व स्तर पर भारी मांग को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर वैक्सीन का कोविशील्ड के नाम से उत्पादन करने की अनुमति मिली। कोविशील्ड बनने के बाद भारत में इसके वितरण को भारत सरकार और राज्य सरकारों के सहयोग से सुविधाजनक बनाया गया और लोगों तक टीका पहुंचाया गया।

## एक नजर

### श्रीलंकाः कांकेसंथुरई बंदरगाह की मरम्मत का खर्च उठाएगा भारत

**कोलंबो।** श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने उत्तरी प्रांत में कांकेसंथुरई बंदरगाह की मरम्मत कराने का फैसला किया है और भारत इस परियोजना का 6.15 करोड़ डॉलर का पूरा खर्च उठाने के लिए राजी हो गया है। श्रीलंका के उत्तरी क्षेत्र में स्थित कांकेसंथुरई बंदरगाह या केकेएस बंदरगाह 16 एकड़ के क्षेत्र में फैला है और यह पुडुचेरी में करईकल बंदरगाह से 104 किलोमीटर दूर है। तमिलनाडु में नागपत्तिनम को जाफना के समीप कांकेसंथुरई बंदरगाह से जोड़ने वाली सीधी यात्री जहाज सेवा करीब साढ़े तीन घंटे में 111 किलोमीटर का सफर तय करती है। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा-भारत परियोजना के लिए पूरी अनुमानित लागत वहन करने पर राजी हो गया है।

### छत्तीसगढ़ में तैनात होंगी अर्द्धसैनिक बलों की 202 कंपनियां

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण में सात मई को होने वाले चुनाव में अर्द्धसैनिक बलों की 202 कंपनियां सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगी। सूत्रों ने बताया कि सात लोकसभा सीटों में मतदाताओं की संख्या कुल एक करोड़ 39 लाख एक हजार 285 है। निर्वाचन अधिकारियों के मुताबिक तीसरे चरण के लिए सरगुजा और रायगढ़ लोकसभा क्षेत्रों में ईवीएम व वीवीपैट की कमीशनिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर और जांजगीर व कोरबा में कमीशनिंग की प्रक्रिया 29 अप्रैल को शुरू हुई। रायपुर व दुर्ग लोकसभा के लिए 30 अप्रैल को कमीशनिंग का कार्य शुरु किया जाएगा।

### कोलंबियाई सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, नौ सैनिकों की मौत

**बोगोटा।** उत्तरी कोलंबिया में एक सैनिक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे सवार सभी नौ सैनिकों की मौत हो गई है। सेना के बयानों में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर का बेस से संपर्क टूट और बाद में पता चला कि वह बोलिवर विभाग के सांता रोजा नगर पालिका के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने खेद व्यक्त किया है। बता दें, खाड़ी कबीले को कोलंबिया में मादक पदार्थों की तस्करी और एक आपराधिक गिरोह के रूप में जाना जाता है।

### युद्ध के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने कोलंबिया विवि पर किया कब्जा

**न्यूयॉर्क।** इजराइल-हमास युद्ध को लेकर कई कॉलेज परिसरों में छात्रों के प्रदर्शनों के बीच मंगलवार तड़के दर्जनों प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय की इमारत पर कब्जा कर लिया और एक खिड़की से फिलिस्तीनी झंडा फहराया। वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि विश्वविद्यालय के मैनहट्टन परिसर में हैमिल्टन हॉल के सामने प्रदर्शनकारी एकत्र हैं और उन्होंने फर्नीचर एवं अन्य चीजों से इमारत को अवरूद्ध कर दिया है। छात्रों ने रेडियो स्टेशन हॉल पर कब्जे की जानकारी दी है। घटना के बाद भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन अलर्ट हो गया है।

## पन्नू मामले में रॉ अधिकारी की संलिप्तता के दावों को भारत ने किया खारिज

# अमेरिकी मीडिया के आरोप अनुचित और निराधार, भारत का पलटवार

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी मीडिया की उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया गया है कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ का अधिकारी शामिल है। दरअसल अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट में अज्ञात सूत्रों के हवाले से एक रॉ अधिकारी के नाम का खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पन्नू की हत्या की साजिश में यही अधिकारी संलिप्त था। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कथित रॉ अधिकारी ने ही गुरपतवंत सिंह पन्नू के न्यूयॉर्क स्थित घर का पता और अन्य जरूरी जानकारी मुहैया कराईं थी। मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने पलटवार करते हुए अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स को बेबुनियाद बताकर खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 'रिपोर्ट में एक गंभीर मामले पर बेबुनियाद और अनुचित आरोप लगाए गए हैं। अमेरिकी सरकार ने संगठित अपराध, आतंकवाद और अन्य को लेकर जो सुरक्षा चिंताएं साझा की हैं, उनकी भारत सरकार द्वारा उच्च स्तरीय जांच की जा रही है।' जायसवाल ने कहा कि गैर-जिम्मेदाराना और सिर्फ अनुमानों के आधार पर टिप्पणी करने से कोई मदद नहीं मिलेगी। बता दें, बीते साल नवंबर में अमेरिका के संघीय अभियोजक ने आरोप लगाए थे कि भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता ने भारत सरकार के एक कर्मचारी के साथ मिलकर सिख कट्टरपंथी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका में ही मारने की योजना बनाई थी। इस मामले में निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था।

### पन्नू मामले में भारत आरोपों को गंभीरता से ले रहा: अमेरिका



**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा कि सिख आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नूं की हत्या की साजिश के मामले में भारत आरोपों को गंभीरता से ले रहा है। हालांकि, उसने मामले की एफबीआई जांच और न्याय विभाग की ओर से दायर आपराधिक मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे की यह टिप्पणी मीडिया की एक खोजी रिपोर्ट के बाद सामने आई है। इस खबर में दावा किया गया है कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ के अधिकारी विक्रम यादव अमेरिका में पन्नूं की हत्या की साजिश में शामिल थे और इस काम में तत्कालीन रॉ प्रमुख सामंत गोयल ने उन्हें मंजूरी दी थी। पन्नूं खालिस्तान आंदोलन के मुख्य नेताओं में से एक है। वह भारत में सिख फॉर जस्टिस संगठन का कानूनी सलाहकार और प्रवक्ता है। जिसका मकसद एक अलग सिख राज्य के विचार को बढ़ावा देना है। भारत सरकार ने पन्नू को आतंकवादी घोषित किया हुआ है। वॉशिंगटन पोस्ट के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव पियरे ने कहा, मामले की जांच चल रही है और न्याय विभाग आपराधिक जांच कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और हम कई क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए एक महत्वकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं।

## मालदीव के लोगों ने भारतीय सैलानियों को पीटा, दो घायल

**माले।** मालदीव और भारतीय सैलानियों के एक समूह के बीच हुए विवाद के बाद झड़प हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने एक मालदीव के नागरिक को हिरासत में लिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दोनों समूहों के बीच लड़ाई राजधानी माले से लगभग सात किलोमीटर उत्तर पूर्व में हुलहुमले में सेंट्रल पार्क के पास हुई। यह घटना सोमवार रात लगभग 9 बजे की है। माले पुलिस ने बताया है कि हिरासत में लिया गया संदिग्ध मालदीव का है।

गंभीर रूप से घायल दोनों भारतीयों को हुलहुमले अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से बाद में उन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने कहा कि पार्क के अंदर मालदीव और भारतीयों के एक समूह के बीच झड़प हुई है। पुलिस ने कहा घटना में आरोपी को हिरासत में लिया गया है, टीम आगे की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा-भारतीयों अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

# एडमिरल दिनेश ने संभाला नौसेना प्रमुख का कार्यभार

नई दिल्ली, एजेंसी

- आर हरि के सेवानिवृत्त होने के बाद 26वें नौसेना प्रमुख बने त्रिपाठी



एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को आर हरि कुमार के सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। बता दें कि दिनेश कुमार त्रिपाठी एक संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ भी हैं।

सैनिक स्कूल रीवा के पूर्व छात्र, एडमिरल त्रिपाठी बल की बागडोर संभालने से पहले नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। 15 मई 1964 को जन्मे एडमिरल त्रिपाठी को 1 जुलाई 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था।

संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ, उनकी लगभग 39 वर्षों की लंबी और विशिष्ट सेवा रही है। नौसेना के उप प्रमुख का पद संभालने से पहले, उन्होंने पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया था। एडमिरल त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना के जहाजों विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान संभाली है।

### नौसेना हुई है विकसित

नए भारतीय नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, हमारी नौसेना एक युद्ध-तैयार एकजुट, विश्वसनीय के रूप में विकसित हुई है। समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियां यह कहती हैं कि भारतीय नौसेना को शांति से समुद्र में संभावित विरोधियों को रोकने के लिए हर समय परिचालन के लिए तैयार रहना चाहिए और ऐसा करने के लिए कहे जाने पर समुद्र में और समुद्र से युद्ध जीतना चाहिए। मैं नई तकनीकों को पेश करने और विकसित भारत के लिए हमारी सामूहिक खोज की दिशा में राष्ट्रीय विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनने की दिशा में 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को भी मजबूत करूंगा।

### घाटी में भूस्खलन



**जम्मू:** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जम्मू-कश्मीर में अलर्ट जारी है। तीन दिन से वर्षा का सिलसिला जारी है। मंगलवार को भूस्खलन से रामबन और बनिहाल में तीन लोगों की मौत हो गई और उफनते नालों में दो अन्य लोग बह गए। राजमार्गों को वाहनों के लिए बंद कर दिया है। हिमस्खलन से कई वाहन फंसे रहे। वहीं गुलमार्ग में हल्की बर्फबारी हुई है। ● एजेंसी

## मेटा की कार्यप्रणाली सरकारी विभाग से भी बदतर : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा की कार्यप्रणाली सरकारी विभाग से भी बदतर है क्योंकि वह मीडिया समूह को उसकी शिकायत पर ठीक से जवाब देने में विफल रही।

अदालत ने इंस्टाग्राम पर मीडिया समूह के पेज हार्पर बाजार इंडिया को ब्लॉक करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा की खिंचाई करते हुए कहा कि अगर मीडिया संस्थान की शिकायत पर फैसला नहीं किया जाता है, तो अदालत प्रथम दृष्टया टिप्पणी करेगी कि सोशल मीडिया मंच के वकील को चक्कर लगवा रहा है। पीठ ने कहा, आप सरकारी विभाग से भी बदतर हैं, आपको सावधान रहना चाहिए। आपको स्थिति के प्रति सचेत रहना होगा। आपकी प्रणाली काम नहीं कर रही है। इसे ठीक करना होगा। पीठ ने कहा कि मेटा को चीजें दुरुस्त करनी चाहिए अन्यथा अदालत आदेश पारित कर सकती है।

# ब्रिटेन में पुलिसकर्मी व लोगों पर तलवार से हमला, एक मौत

लंदन, एजेंसी

- धारदार हथियार से हमले में 5 घायल, आरोपी गिरफ्तार

पूर्वोत्तर लंदन में एक शख्स ने तलवार से पुलिसकर्मियों और आम लोगों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, हमलवार ने पहले एक घर में अपनी कार घुसा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 36 साल के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

इससे घटना से पहले शख्स ने किशोर समेत पांच लोगों और पुलिसकर्मियों पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे कई लोग घायल हुए है। तत्काल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराय जहां, किशोर की मौत हो गई। लंदन के मेयर सादिक खान ने कहा कि वह घटना से बहुत आहत हुए हैं। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इसे स्तब्ध करने वाली घटना' करार दिया और कहा कि देश की सड़कों पर ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। पुलिस ने बताया है, मामले की जाचं की जा रही है।

बता दें, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2023 में लंदन में चाकू अपराध में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मार्च 2020 तक चाकूबाजी में एक प्रतिशत की ही कमी देखने को मिली है। राष्ट्रीय सांख्यिकी अधिकारी ने कहा कि पूरे इंग्लैंड और वेल्स में, चाकू से होने वाले अपराध में सात प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 49,489 अपराध हुए हैं।

## कोरोना की जानकारी साझा करने वाले वैज्ञानिक को निकाला

**शंघाई।** चीन में कोरोना पर रिसर्च में शामिल वैज्ञानकि को लैब से बाहर निकालने दिया है।

चीन में कोविड-19 वायरस के एक अनुक्रम को प्रकाशित करने वाले पहले वैज्ञानिक उन्हें अपनी प्रयोगशाला से निकाले जाने के बाद रविवार से धरने पर बैठे थे। वायरोलॉजिस्ट झांग योंगझेन ने सोमवार को एक ऑनलाइन पोस्ट में लिखा कि उन्हें और उनकी टीम को अचानक जानकारी दी गई कि उन्हें उनकी प्रयोगशाला से बाहर किया जा रहा है। उन्होंने पहली बार जनवरी 2020 की शुरुआत में कोरोना वायरस पर अनुक्रम प्रकाशित किया था। इस कदम से नाराज चीनी सरकार ने उनको लैब से बहार का रास्ता दिखा दिया है।

# पोर्न स्टार मामले में ट्रंप दोषी, 9 हजार डॉलर का लगा जुर्माना

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति को गैग के 9 मामलों में उल्लंघन का आरोपी माना



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पोर्न स्टार से रिश्तों से जुड़े एक मामले में मंगलवार को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया गया और गैग के आदेशों का बार-बार उल्लंघन करने के लिए अदालत ने उनपर नौ हजार अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है।

गैग ने उन पर गुप्त धन मामले से जुड़े गवाहों, जूरी सदस्यों सहित अन्य चीजों के बारे में सार्वजनिक रूप से बयान देने पर प्रतिबंध लगाया था। गौरतलब है कि अमेरिका में इस साल के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अभियोजकों ने ट्रंप के खिलाफ 10 मामलों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। हालांकि, न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने उन्हें नौ मामलों में उल्लंघन का आरोपी माना।

कोर्ट का यह अर्थदंड ट्रंप के लिए एक कड़ी फटकार है क्योंकि वह हमेशा कहते थे कि वे अपने स्वतंत्र भाषण के अधिकारों का प्रयोग कर रहे हैं। ट्रंप के साथ-साथ आज उनका बेटा एरिक भी अदालत आए थे। ऐसा पहली बार हुआ कि ट्रंप के साथ उनके परिवार का कोई सदस्य उनके आपराधिक मुकदमे में शामिल हुआ।

## विज्ञान

## मैकगायर ग्रुप नामक वैज्ञानिकों की टीम को रसायनों का पता लगाने में मिली सफलता

# अंतरिक्ष में सबसे बड़े जटिल परमाणु की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने अंतरिक्ष मे एक नए जटिल परमाणु की खोज की है। यह मेथॉक्सी अणुओं की श्रेणी में आता है। इसका नाम 2-मेथॉक्सीएथेनॉल है। अंतरिक्ष में इस तरह के परमाणुओं की संख्या 13 पहुंच गई है। अब तक खोजा गया सबसे बड़ा और सबसे जटिल परमाणु माना जा रहा है।

रासायनिक तत्वों की उत्पत्ति व इनकी उपयोगिता को लेकर वैज्ञानिक अंतरिक्ष में रसायनों की खोज में जुटे रहते हैं। खगोलविदों के अनुसार धूमकेतुओं व क्षुद्रग्रहों में इनकी मौजूदगी मिलती है। साथ ही अंतरिक्ष में स्वतंत्र रूप से तैरते रहते हैं। जीवन के निर्माण में सहयोगी अमीनो एसिड जैसे अणु भी अंतरिक्ष में मौजूद हैं। यह खोज मैकगायर ग्रुप नामक वैज्ञानिकों की एक टीम ने की है। यह ग्रुप अंतरिक्ष में रसायनों का पता लगाने की महत्वपूर्ण खोज करती है। इस खोज में मैकगायर ग्रुप के साथ फ्लोरिडा और फ्रांस के वैज्ञानिक भी शामिल थे। यह खोज विज्ञान पत्रिका द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशित हुई है। शोध के मुख्य वैज्ञानिक फ्राइड के अनुसार अंतरिक्ष में कई 'मेथॉक्सी' अणु हैं, जैसे डाइमिथाइल ईथर, मेथॉक्सीमेथेनॉल, एथिल मिथाइल ईथर और मिथाइल फॉर्मेट हैं, लेकिन 2-मेथॉक्सीथेनॉल अब तक देखा गया सबसे बड़ा और सबसे जटिल है। यह खोज तारा निर्माण क्षेत्र एनजीसी 63341 में हुई है। इस खोज को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



पमाणुओं का चित्र।

### खगोलीय घटना तो नहीं थी कोरोना की महामारी

दुनिया में महामारी फैलाने वाले वायरस कोरोना कहां से आया, इसका अभी तक पता नही लग सका है। अंतरिक्ष में रासायनिक तत्वों की खोज करने वाले कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि संभवत: कोरोना का वायरस अंतरिक्ष से आया होगा। इसके पीछे एस्टिरॉइड के जरिए पृथ्वी पर पहुचने के कुछ तथ्य मानते हैं, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नही हो पाई है

# सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आत्मनिर्भर होना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- मनोज पांडे बोले-कोई भी देश अपनी तकनीकी साझा नहीं करेगा हमें खुद विकसित करनी होगी



थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को कहा कि युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर, विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम और सूचना प्रणाली जैसे नये क्षेत्रों में पहुंच गया है और भारत को भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी क्षमताएं विकसित करनी होंगी। सेना प्रमुख ने विशेष रूप से सशस्त्र बलों में प्रौद्योगिकी समावेशन और आत्मनिर्भरता के महत्व को बताते हुए कहा कि दोनों अलग-अलग हैं फिर भी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

जनरल पांडे ने कहा कि भारत को अपनी स्वदेशी सैन्य क्षमताएं विकसित करनी चाहिए क्योंकि कोई भी देश उसके साथ नवीनतम, उन्नत और महत्वपूर्ण तकनीक साझा नहीं करेगा। उन्होंने कहा, युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर, विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम और सूचना जैसे नए क्षेत्रों में पहुंच गया है। इनके परिणामस्वरूप, पारंपरिक सैन्य बल अनुपात, जो अतीत में सैन्य ताकत और श्रेष्ठता का पैमाना था, आज गौण हो गया है। जनरल पांडे ने चौथे जनरल के सुंदरजी स्मृति व्याख्यान में यह टिप्पणी की। सेना प्रमुख ने कहा, युद्ध लड़ने की प्रणालियों में प्रौद्योगिकी को शामिल करने और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने की अनिवार्यता आज भी कायम है।